ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन-ग्रन्थमाला [प्राकृत ग्रन्थाङ्क ५]

सिरि भगवंत भूदबलि भडारय पणीदो.

महाबंधो

[महाधवल सिद्धान्तशास्त्र]

२ बिदियो ट्ठिदिबंधाहियारो

[द्वितीय स्थितिबन्धाधिकार]

पुस्तक ३

हिन्दी भाषानुवाद सहित

सम्पादक

पण्डित फूलचन्द्र सिद्धान्तशास्त्री

भारतीय ज्ञानपीठ, काशी

प्रथम आवृत्ति
१००० प्रति

ज्येष्ठ वीर नि० सं० २४८०
वि० सं० २०११
जून १९५४

मूल्य ११ रु०

स्व० पुण्यश्लोका माता मूर्तिदेवीकी पवित्र स्मृतिमें तत्सुपुत्र साहू शान्तिप्रसादजी द्वारा

संस्थापित

भारतीय ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन-ग्रन्थमाला

प्राकृत ग्रंथांक ५

इस ग्रन्थमालामें प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, हिन्दी, कन्नड, तामिल आदि प्राचीन भाषाओंमें उपलब्ध आगमिक, दार्शनिक, पौराणिक, साहित्यिक और ऐतिहासिक आदि विविध-विषयक जैन साहित्यका अनुसन्धानपूर्ण सम्पादन और उसका मूल और यथासंभव अनुवाद आदिके साथ प्रकाशन होगा। जैन भण्डारोंकी सूचियाँ, शिलालेख-संग्रह, विशिष्ट विद्वानोंके अध्ययन-ग्रन्थ और लोकहितकारी जैन-साहित्य ग्रन्थ भी इसी ग्रन्थमाला में प्रकाशित होंगे।

ग्रन्थमाला सम्पादक

डॉ० हीरालाल जैन,
एम० ए०, डी० लिट्

डॉ० आदिनाथ नेमिनाथ उपाध्याय,
एम० ए०, डी० लिट्

प्रकाशक

अयोध्याप्रसाद गोयलीय,
मन्त्री, भारतीय ज्ञानपीठ
दुर्गाकुण्ड रोड, बनारस

स्थापनाब्द
फाल्गुन कृष्ण ९
वीर नि० २४७०

विक्रम सं० २०००
१८ फरवरी सन् १९४४

भारतीय ज्ञानपीठ, काशी

JNANAPITHA MURTIDEVI JAINA GRANTHAMALA
PRAKRIT GRANTHA No. 5

MAHABANDHO

[MAHADHAVAL SIDDHANTA SHASTRA]

2. Bidio Tthidi bandhahiyaro

Vol. III

STHITI BANDHADHIKARA

WITH

HINDI TRANSLATION

Editor

Pandit, PHOOL CHANDRA, *Siddhant Shastry.*

Published by

Bharatiya Jnanapitha, Kashi

First Edition 1000 *Copies.*

JYESHTHA VIR SAMVAT 2480
VIKRAMA SAMVAT 2011
JUNE 1954

Price Rs.- 11/-

Bharatiya Jnana-Pitha Kashi

FOUNDED BY

SAHU SHANTI PRASAD JAIN

IN MEMORY OF HIS LATE BENEVOLENT MOTHER

SHRI MURTI DEVI

BHARATIYA JNANA-PITHA MURTI DEVI JAIN GRANTHAMALA

PRAKRIT GRANTHA NO. 5

IN THIS GRANTHAMALA CRITICALLY EDITED JAIN AGAMIC PHILOSOPHICAL, PAURANIC, LITERARY, HISTORICAL AND OTHER ORIGINAL TEXTS AVAILABLE IN PRAKRIT, SANSKRIT, APABHRANSA, HINDI, KANNADA AND TAMIL ETC., WILL BE PUBLISHED IN THEIR RESPECTIVE LANGUAGES WITH THEIR TRANSLATIONS IN MODERN LANGUAGES

AND

CATALOGUES OF JAIN BHANDARAS, INSCRIPTIONS, STUDIES OF COMPETENT SCHOLARS & POPULAR JAIN LITERATURE WILL ALSO BE PUBLISHED

General Editors

Dr. Hiralal Jain, M. A. D. Litt.

Dr. A. N. Upadhye, M. A. D. Litt.

Publisher

AYODHYA PRASAD GOYALIYA

Secy., BHARATIYA JNANAPITHA,

DURGAKUND ROAD, BANARAS

Founded in
Phalguna Krishna 9.
Vira Sam. 2470

Vikrama Samvat 2000
18th Febr. 1944

सम्पादकीय

आजसे लगभग सवा वर्ष पूर्व स्थितिबन्धका पूर्व भाग सम्पादित होकर प्रकाशमें आया था। यह उसका शेष भाग है। भारतीय ज्ञानपीठकी ओरसे सब तरहकी सुविधाएँ प्राप्त होने पर भी इसके सम्पादनमें अपने वैयक्तिक कारणोंसे हमें पर्याप्त समय लगा है इसके लिए हम क्षमाप्रार्थी हैं।

सहयोग

श्रीयुत बन्धु रतनचन्द्रजी मुख्तार व बन्धुवर नेमिचन्द्रजी वकील सहारनपुर षट्खण्डागम और कषायप्राभृतके विशेष अभ्यासी हैं। श्री रतनचन्द्रजीने तो एक तरहसे गार्हस्थिक झंझटोंसे अपनेको मुक्त ही कर लिया है और आजीविकाको तिलाञ्जलि दे दी है। थोड़े बहुत साधन जो उनके पास बच रहे हैं उन्हींसे वे अपनी आजीविका चलाते हैं। जीवनमें सादगी और निष्कपट सरल व्यवहार उनके जीवनकी सबसे बड़ी विशेषता है। इस वर्ष दस लक्षण पर्वके दिनोंमें हम सहारनपुर आमन्त्रित किये गये थे, इसलिए निकटसे हमें उनके जीवनका अध्ययन करनेका अवसर मिला है। इस आधारसे हम कह सकते हैं कि वे घरमें रहते हुए भी साधु जीवन बिता रहे हैं। योगायोगकी बात है कि इन्हें पत्नी भी ऐसी मिली हुई हैं जो इनके धार्मिक कार्योंमें पूरी साधक हैं। यों तो दोनों बन्धु मिलकर इन महान् ग्रन्थोंका स्वाध्याय करते हैं परन्तु श्री रतनचन्द्रजीका अभ्यास तगड़ा है और इन ग्रन्थोंके सम्पादनमें उनके परामर्शकी आवश्यकता अनुभवमें आती है। वे यह इच्छा तो रखते हैं कि इन ग्रन्थोंके प्रकाशनके पहले हमें उनके स्वाध्यायका अवसर मिल जाय तो उत्तम हो और ऐसा करनेमें लाभ भी है पर कई कारणोंसे इस व्यवस्थाके जमानेमें कठिनाई जाती है। स्थितिबन्धका अन्तिम कुछ भाग अवश्य ही उन्होंने देखा है और उनके सुझावोंसे लाभ भी उठाया गया है। आशा है भविष्यमें इस सुविधाके प्राप्त करनेमें सुधार होगा और उनका आवश्यक सहयोग मिलता रहेगा।

शुद्धि-पत्रक

श्री रतनचन्द्रजीने प्रकृतिबन्ध और स्थितिबन्धके पूर्वभागका शुद्धि-पत्रक तैयार करके हमारे पास भेजा है। उसमें आवश्यक संशोधन करके मुद्रित कर देनेमें लाभ भी है। किन्तु इधर हमारे मित्र श्रीयुत लाला राजकृष्णजी देहलीके निरन्तर प्रयत्न करनेके फलस्वरूप मूडबिद्रीसे कनडी मूल ताडपत्रीय प्रतियोंके फोटो देहली वीरसेवा मन्दिरमें आ गये हैं। श्री लाला राजकृष्णजीने दौड़ धूप करके यह काम तो बनाया ही है और इसमें उन्हें श्रीयुत बाबू छोटेलालजी कलकत्ता वालोंका भी पूरा सहयोग मिला है। किन्तु सबसे अधिक उल्लेखनीय बात यह है कि लाला राजकृष्णजी की पत्नीका इन ग्रन्थोंके उद्धार कार्यमें विशेष हाथ रहा है। वे स्वयं इन महानुभावोंके साथ मूडबिद्री गईं और हर तरहकी कमीकी पूर्तिमें साधक बनीं तभी यह काम हो सका है। अतएव इस भागके साथ हमने पूर्व भागोंका शुद्धिपत्रक नहीं जोड़ा है, क्योंकि इन ग्रन्थोंके उत्तर भारतमें सुलभ हो जानेसे हमारा विचार है कि एक बार प्रकाशित और अप्रकाशित भागका शान्तिसे इन मूल ग्रन्थोंके साथ मिलान कर लिया जाय और तब जाकर प्रकाशित भागोंमें जो कमी रह गई हो उसे प्रकाशमें लाया जाय। हमें विश्वास है कि हमारे साथी हमारे इन विचारोंका समर्थन करेंगे।

आवश्यक निवेदन

हमें भारतीय ज्ञानपीठके सुयोग्य मन्त्री श्रीयुत अयोध्याप्रसादजी गोयलीयने जितनी तत्परतासे यह कार्य करनेके लिए सौंपा था उतनी तत्परता हम इस काममें दिखा नहीं सके। आशा है वे हमारी इस कमजोरीकी ओर विशेष ध्यान नहीं देंगे और जिस तरह अभी तक सहयोग देते आये हैं देते रहेंगे।

अन्तमें हमें समाजसे इतना ही निवेदन करना है कि दिगम्बर परम्परामें इन महान् ग्रन्थोंका बड़ा महत्त्व है। द्वादशांग वाणीसे इनका सीधा सम्बन्ध है। एक समय था जब हमारे पूर्वज ऐसे महान् ग्रन्थोंकी लिपि कराकर उनकी रक्षा करते थे किन्तु वर्तमान कालमें हम उन्हें स्वल्प निछावर देकर भी अपने यहाँ स्थापित करनेमें सकुचाते हैं। यह शङ्का की जाती है कि हम उन्हें समझते नहीं बुलाकर क्या करेंगे। किन्तु उनकी ऐसी शङ्का करना निर्मूल है। ऐसा कौन नगर या गाँव है जहाँके जैन गृहस्थ तात्कालिक उत्सवमें कुछ न कुछ खर्च न करते हों। जहाँ उनकी यह प्रवृत्ति है वहाँ जैनधर्मके मूल साहित्यकी रक्षा करना भी उनका परम कर्तव्य है। कहते हैं कि एक बार धार रियासतके दीवानको वहाँके जैन बन्धुओंने जैन मन्दिरके दर्शन करनेके लिए बुलाया था। जिस दिन वे आनेवाले थे उस दिन मन्दिरजीमें विविध उपकरणोंसे खूब सजावट की गई थी। जिन उपकरणोंकी धारमें कमी थी वे इन्दौरसे बुलाये गये थे। दीवान सा० आये और उन्होंने श्री मन्दिरजी को देखकर यह अभिप्राय व्यक्त किया कि जैनियोंके पास पैसा बहुत है। अन्तमें उन्हें वहाँका शास्त्र भण्डार भी दिखलाया गया। शास्त्र भण्डारको देखकर दीवान सा० ने पूछा कि ये सब ग्रन्थ किस धर्मके हैं। जैनियोंकी ओरसे यह उत्तर मिलने पर कि ये सब जैनधर्मके ग्रन्थ हैं दीवान सा० ने कहा कि यह जैनधर्म है।

इससे स्पष्ट है कि साहित्य ही धर्मकी अमूल्य निधि है। महान्से महान् कीमत देकर भी यदि इसकी रक्षा करनी पड़े तो करनी चाहिए। गृहस्थोंका यह परम कर्तव्य है। हम यह शिकायत तो करते हैं कि मुसलिम बादशाहोंने हमारे ग्रन्थोंको ईंधन बनाकर उनसे पानी गरम किया किन्तु जब हम उनकी रक्षा करनेमें तत्पर नहीं होते और उन्हें भण्डारोंमें सड़ने देते हैं या उनके प्रकाशित होने पर उन्हें बुलाकर अपने यहाँ स्थापित नहीं करते तब हमें क्या कहा जाय? क्या हमारी यह प्रवृत्ति उनकी रक्षा करनेकी कही जा सकती है? स्पष्ट है कि यदि हमारी यही प्रवृत्ति चालू रही तो हम भी अपनेको उस दोषसे नहीं बचा सकते जिसका आरोप हम मुसलिम बादशाहों पर करते हैं। शास्त्रकारोंने देव और शास्त्रमें कुछ भी अन्तर नहीं माना है। अतएव हम गृहस्थोंका कर्तव्य है कि जिस तरह हम देवकी प्रतिष्ठामें धन व्यय करते हैं उसी प्रकार साहित्यकी रक्षामें भी हमें अपने धनका व्यय करनेमें कोई न्यूनता नहीं करनी चाहिए। आशा है समाज अपने इस कर्तव्यकी ओर सावधान होकर पूरा ध्यान देगी।

हमने इस भागके सम्पादन आदिमें पूरी सावधानी बरती है फिर भी गार्हस्थिक झंझटोंके कारण त्रुटि रह जाना स्वाभाविक है। आशा है स्वाध्यायप्रेमी जहाँ जो कमी दिखाई दे उसकी सूचना हमें देनेकी कृपा करेंगे ताकि भविष्यमें उन दोषोंको दूर करनेमें हमें प्रेरणा मिलती रहे।

—फूलचन्द्र सिद्धान्तशास्त्री

प्रकाशन-व्यय

१४९१) कागज २२ × २९ = २८ पौण्ड
७१ रीम ६ दस्ता
१७८७) छपाई ६३॥ फार्म
११००) जिल्द बँधाई
४०) कवर कागज
५०) कवर छपाई

२५१०) सम्पादन
३००) कार्यालय व्यवस्था
८२५) भेंट, आलोचना, १०० प्रति
१५०) पोस्टेज ग्रंथ भेंट भेजनेका
३०००) कमीशन, विज्ञापन, बिक्री आदि

कुल लागत ११२५३)

१००० प्रति छपी। लागत एक प्रति ११।)

मूल्य ११ रु०

प्रशस्ति

स्थितिबन्धके अन्तमें एक प्रशस्ति आती है वह इस प्रकार है—

यो दुर्जयस्मरमदोत्कटकुंभिकुंभ-
संचोदनोत्सुकतरोग्रमृगाधिराजः ।
शल्यत्रयादपगतस्त्रयगारवारिः
संजातवान्स भुवने गुणभद्रसूरिः ॥ १ ॥

दुर्वारमारमदसिन्धुरसिन्धुरारिः
शल्यत्रयाधिकरिपुस्त्रयगुप्तियुक्तः ।
सिद्धान्तवार्धिपरिवर्धनशीतरश्मिः
श्रीमाघनंदिमुनिपोऽजनि भूतलेऽस्मिन् ॥ २ ॥

वरसम्यक्त्वद देशसंयमद सम्यग्बोधदत्यन्तभा-
सुरहारत्रिकसौख्यहेतुवेनिसिदीदानदौदार्यदे- ।
लुतरदिंगीलने जन्मभूमियेनुतं सानंददिं कूर्तुभू-
भरमेलुं पोगलुत्तमिर्पुदभिमानावीननं सेननं ॥ ३ ॥

सुजनते सत्यमोलपु गुणोन्नति पेंपु जैनमा-
र्गजगुणमेंब सद्‌गुणविन्यधिकं तनगोप्पनूत्नध-
र्मजनिवनेंदु कित्ते सुमदीधरे मेदिनिगोप्पितोब्बे चि-
राजसमरूपनं नेगल्द सेनननुद्धगुणप्रधाननं ॥ ४ ॥

अनुपमगुणगणदतिब-
र्मंन शीलनिदानमेसेव जिनपदसक्को- ।
कनदुशिलीमुखि येने मां-
तनदिंदं मल्लिकब्बे ललनारत्नं ॥ ५ ॥

जो दुर्जय स्मररूपी मदोन्मत हाथीके गण्डस्थलके विदारण करनेमें उत्सुक सिंहके समान हैं, जिन्होंने तीन शल्योंको दूर कर दिया है और जो तीन गारवोंके शत्रु हैं वे गुणभद्रसूरि इस लोकमें प्रसिद्धिको प्राप्त हुए ॥१॥

जो दुर्वार माररूपी मद्विह्वल हाथीके समान हैं तथा जो तीन शल्योंके लिए शत्रुके समान हैं, जो तीन गुप्तियोंके धारक हैं और जो सिद्धान्तरूपी समुद्रकी वृद्धिके लिए चन्द्रमाके समान हैं वे श्रीमाघनन्दि आचार्य इस भूतलपर हुए ॥ २ ॥

सच्चरित्र, संयमी, सम्यग्ज्ञानवान्, सबको सुख देनेवाले, दानी, उदार और अभिमानी सेनकी बहुत ही आनन्दसे सभी लोग प्रशंसा करते थे ॥ ३ ॥

सौजन्य, सत्य सद्‌गुणोंकी उन्नति और जैनमार्गमें रहना इन सद्‌गुणों से युक्त, स्मरके समान सुन्दर गुण प्रधान सेन नवीन धर्मात्मज कहलाता था ॥ ४ ॥

अनुपम गुणगणयुक्त, सुशील, जिनपदभक्त, स्त्रीरत्न मल्लिकब्बा उसकी पत्नी थीं ॥ ५ ॥

आ वनितारत्नद पें-

पावंगं पोगललरिदु जिनपूजेयना- ।

ना विधद दानदमलिन-

भावदोला मल्लिकब्बेयं पोल्वबरार् ॥ ६ ॥

श्रीपंचमियं नोतु-

द्यापनमं माडि बरसिं राद्धान्तमना ।

रूपवती सेनवधू जित-

कोपं श्रीमाघनंदि-यतिपतिगित्तल् ॥ ७ ॥

उस वनितारत्नकी जिनपूजाके बारेमें प्रशंसा कौन कर सकता है, उस मल्लिकब्बाके समान भक्त कोई थी ही नहीं ॥ ६ ॥

जिन सिद्धान्तको माननेवाली रूपवती उस सेनपत्नीने श्रीपञ्चमीका उद्यापनकर जितक्रोध माघनन्दि यतीश्वरको लिखवाकर यह (सिद्धान्त ग्रन्थकी प्रति) दी है ॥ ७ ॥

इस प्रशस्तिमें चार व्यक्तियोंका नामोल्लेख सहित गुणकीर्तन किया गया है—गुणभद्रसूरि, आचार्य माघनन्दि, सेन और उसकी पत्नी मल्लिकब्बा ।

मल्लिकब्बा सेनकी पत्नी थी । पं० सुमेरुचन्द्रजी दिवाकरने भी प्रथम भागकी भूमिकामें यह प्रशस्ति उद्धृत की है । उन्होंने सत्कर्मपञ्जिकाके आधारसे 'सेन' का पूरा नाम शान्तिषेण निर्दिष्ट किया है । यह तो स्पष्ट है कि मल्लिकब्बा सेनकी पत्नी थीं । परन्तु गुणधर मुनि और माघनन्दि आचार्यका परस्पर और इनके साथ क्या सम्बन्ध था यह इससे कुछ भी ज्ञात नहीं होता है । मात्र प्रशस्तिके अन्तिम श्लोकसे यह ज्ञात होता है कि मल्लिकब्बाने श्रीपञ्चमीव्रतके उद्यापनके फलस्वरूप सिद्धान्तग्रन्थकी प्रतिलिपि कराकर वह श्री माघनन्दि आचार्यको भेंट की ।

ऐतिहासिक दृष्टिसे इस प्रशस्तिका बहुत महत्त्व है अतएव इसकी छानबीनकी विशेष आवश्यकता है ।

विषय-सूची

सिरिभगवंतभूदबलिभडारयपणीदो

महाबंधो

विदियो ट्ठिदिबंधाहियारो

बंधसण्णियासपरूवणा

१. सण्णियासं दुविधं—जहण्णयं उक्कस्सयं च। उक्कस्सं दुविधं—सत्थाणं परत्थाणं च। सत्थाणे पगदं। दुवि०—ओघे० आदे०। ओघे० आभिणिबोधिगणाणावरणीयस्स उक्कस्सट्ठिदिबंधंतो चदुण्णं णाणावरणीयाणं णियमा बंधगो। तं तु० [1]उक्कस्सा वा अणुक्कस्सा वा। उक्कस्सादो अणुक्कस्सा समयूणमादिं कादूण याव पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागहीणं बंधदि। एवं चदुण्णं णाणावरणीयाणं णवण्णं दंसणावरणीयाणमण्णमण्णं। तं तु०।

बन्धसन्निकर्षप्ररूपणा

१. सन्निकर्ष दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्ट सन्निकर्ष दो प्रकारका है—स्वस्थान और परस्थान। स्वस्थान सन्निकर्षका प्रकरण है। वह दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय कर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव चार ज्ञानावरणीय कर्मोंका नियमसे बन्ध करनेवाला होता है। किन्तु वह उत्कृष्ट भी करता है और अनुत्कृष्ट भी करता है। यदि अनुत्कृष्ट करता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग हीन तक करता है। इसी प्रकार चार ज्ञानावरणीय और नौ दर्शनावरणीय कर्मोंका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए। किन्तु वह उत्कृष्ट भी करता है और अनुत्कृष्ट भी करता है। यदि अनुत्कृष्ट करता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है।

---

१. मूलप्रतौ उक्कस्स वा अणुक्कस्स वा इति पाठः।

२. सादस्स उक्कस्सट्ठिदिबंधंतो असादस्स अबंधगो। असाद० उक्क०ट्ठिदिबंधंतो सादस्स अबंधगो।

३. मिच्छत्त० उक्कस्सट्ठिदिबंधंतो सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं० णियमा बंधगो। तं तु०। एवमण्णमण्णस्स। तं तु०। इत्थिवे० उक्कस्सट्ठिदिबंधंतो मिच्छत्त-सोलसकसाय-अरदि-सोग-भय-दुगुं० णियमा बंधगो। णियमा अणु० चदुभागूणं बंधदि। पुरिस० उक्क०ट्ठिदिबंधंतो मिच्छत्त-सोलसक०-भय-दुगुं० णि० बं०। णिय० अणु० दुभागूणं बंधदि। हस्स-रदि० सिया बंधदि सिया अबंधदि। यदि बंधदि तं तु० समयूणमादिं कादूण याव पलिदो० असं०। अरदि-सोग० सिया बंध० सिया अबंध०। यदि बंध० णियमा अणु० दुभागूणं बंधदि। [1]हस्स० उक्कस्स० बंध० मिच्छत्त-सोलसक०-भय-दुगुं० णिय० बं०। णिय० अणु० दुभागूणं बंधदि। इत्थिवे० सिया बं० सिया अबं०। यदि बंध० णिय० अणु० तिभागूणं

२. सातावेदनीयकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव असातावेदनीयका अबन्धक होता है। असातावेदनीयकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव सातावेदनीयका अबन्धक होता है।

३. मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्ध करनेवाला होता है। किन्तु वह उत्कृष्ट भी करता है और अनुत्कृष्ट भी करता है। यदि अनुत्कृष्ट करता है तो उसे एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। इसी प्रकार सोलह कषाय आदि प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका आश्रय करके परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए। किन्तु वह उत्कृष्ट भी करता है और अनुत्कृष्ट भी करता है। यदि अनुत्कृष्ट करता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। स्त्रीवेदकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव मिथ्यात्व, सोलह कषाय, अरति, शोक, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्ध करनेवाला होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट चार भाग न्यून बाँधता है। पुरुषवेदकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्ध करनेवाला होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून बाँधता है। हास्य और रतिका कदाचित् बन्ध करता है और कदाचित् नहीं बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करता है तो उसे एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। अरति और शोकका कदाचित् बन्ध करता है और कदाचित् नहीं बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून स्थितिका बन्ध करता है। हास्यकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्ध करनेवाला होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून स्थितिका बन्ध करता है। स्त्रीवेदका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट तीन भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। पुरुषवेदका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक

१. मूलप्रतौ हस्स रदि उक्कस्स० इति पाठः।

बंधदि । पुरिस० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० तं तु० । णवुंस० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णिय० अणु० दुभागूणं बंधदि । रदि णिय० । तं तु० । एवं रदीए वि ।

४. णिरयायु० उक्क०ट्ठिदिबंधंतो तिण्णि आयूणं अबंधगो । एवमण्णमण्णस्स अबंधगो ।

५. णिरयग० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-हुंडसंठा०-वेउव्वि०-अंगो०-वण्ण०४-णिरयाणु०-अगुरु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-[1]अथिरादिछक्क-णिमि० णिय० बं० । तं तु० । एवं वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-णिरयाणु० ।

६. तिरिक्खग० उक्क०ट्ठिदिबंधं० ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्तेय०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० । तं तु० । एइंदि०-पंचिंदि०-ओरालि०अंगो०-असंपत्त०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-तस-

होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो वह नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। नपुंसकवेदका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। रतिका नियमसे बन्धक होता है जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार रतिके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

४. नरकायुकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तीन आयुओंका अबन्धक होता है। इसी प्रकार परस्परमें अबन्धक होता है।

५. नरकगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, नरकगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्टस्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो वह उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। इसी प्रकार वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और नरकगत्यानुपूर्वीकी अपेक्षा सन्निकर्ष जानना चाहिए।

६. तिर्यञ्चगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। एकेन्द्रिय जाति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, आतप, उद्योत,

१. मूलप्रतौ अथिरादिपंच णिमि० इति पाठः ।

थावर-दुस्सर० सिया बंध० सिया अबंध० । यदि बंध० । तं तु० । एवं ओरालि०-तिरिक्खाणु०-उज्जो० ।

७. मणुसगदि० उक्कस्सट्ठिदिबं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क० ओरा०अंगो०-वण्ण०४-अगु०-उप०-तस-बादर-पत्तेय०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० बं० । णिय० अणु० चदुभागूणं बंधदि । दोसंठा०-दोसंघ०-अपज्ज० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० संखेज्जदिभागूणं बंधदि । हुंडसं०-असंपत्त०-पर०-उस्सा०-अप्पसत्थ०-पज्ज०-दुस्स० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णिय० अणु० चदुभागूणं बंधदि । मणुसाणुपु० णिय० बं० । तं तु० । एवं मणुसाणु० ।

८. देवगदि उक्क०ट्ठिदिबंधं० पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-अगु०४-तस०४-णिमि० णिय० बं० । णिय० अणु० दुभागूणं बंधदि । समचदु०-देवाणु०-पसत्थ०-सुभग-सुस्सर-आदे० णि० बं० । तं तु० । थिर-सुभ-जस०

अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर और दुस्वरका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो वह उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भग न्यून तक बाँधता है। इसी प्रकार औदारिक शरीर, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उद्योत इन प्रकृतियोंके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

७. मनुष्यगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, त्रस, बादर, प्रत्येकशरीर, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट चार भाग न्यून बाँधता है। दो संस्थान, दो संहनन और अपर्याप्त इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे संख्यातवाँ भाग न्यून बाँधता है। हुण्डसंस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन, परघात, उच्छ्वास, अप्रशस्त विहायोगति, पर्याप्त और दुस्वर इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट चार भाग न्यूनका बन्धक होता है। मनुष्यगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्धक होता है। किन्तु वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो वह उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक बाँधता है। इसी प्रकार मनुष्यगत्यानुपूर्वीके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

८. देवगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यूनका बन्धक होता है। समचतुरस्र संस्थान, देवगत्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेय इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका

सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० तं तु० । अथिर-असुभ-अजस० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णिय० अणु० दुभागूणं बंधदि । एवं देवाणुपु० ।

९. एइंदियस्स उक्क०ट्ठिदिबंधं० तिरिक्खग०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं० वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-थावर--बादर--पज्जत्त--पत्ते०--अथिरादिपंच०--णिमि० णिय० बं० । तं तु० । आदाउज्जो० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० । तं तु० । एवं आदाव-थावर० ।

१०. बीइंदि० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खग०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-ओरालि०अंगो०--असंपत्त०--वण्ण०४-तिरिक्खाणु०--अगु०-उप०-तस०-बादर-पत्ते०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० बं० । अणु० संखेज्जदिभागूणं बंधदि । पर०-उस्सा०-उज्जो०-अप्पसत्थ०-पज्ज[1]०-अपज्ज०-दुस्सर सिया बं० । तं तु०[2] ।

असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक बाँधता है। स्थिर, शुभ और यशःकीर्ति इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एकसमय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक बाँधता है। अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यूनका बन्धक होता है। इसी प्रकार देवगत्यानुपूर्वीके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

९. एकेन्द्रिय जातिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, स्थावर, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक शरीर, अस्थिर आदि पांच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। किन्तु वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो वह नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। आतप और उद्योत इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो वह नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक बाँधता है। इसी प्रकार आतप और स्थावर प्रकृतियोंके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

१०. द्वीन्द्रिय जातिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, त्रस, बादर, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है। परघात, उच्छ्वास, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, पर्याप्त, अपर्याप्त और दुःस्वर, इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। किन्तु यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका

१. मूलप्रतौ पज० दुस्सर अपज० साधार० सिया इति पाठः । २. मूलप्रतौ तं तु णा० दं० सिया

एवं तीइं०-चदुरिं० ।

११. पंचिंदि० उक्क० ट्ठिदिबं० तेजा०-क०-हुंडसं०-वण्ण०४-अगु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-णिमि० णिय० । तं तु० । णिरय-तिरिक्खगदि-ओरालि०-वेउव्वि०-ओरालि०-वेउव्वि०अंगो०-असंपत्त०-दो-आणु०-उज्जो० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० तं तु० । एवं तस० ।

१२. आहार० उक्क०ट्ठिदिबं० देवगदि-पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-थिरादिछ०-णि० बं० । णि० अणु० संखेज्जगुणहीणं बंधदि । आहार०अंगो० णिय० । तं तु० । तित्थय० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णि० अणु० संखेज्जगुणहीणं बंधदि । एवं आहारअंगोवं० ।

बन्धक होता है तो वह उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक बाँधता है। इसी प्रकार त्रीन्द्रिय जाति और चतुरिन्द्रिय जातिके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

११. पञ्चेन्द्रिय जातिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है; यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। नरकगति, तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, वैक्रियिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका-संहनन, दो आनुपूर्वी और उद्योतका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है; यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। इसी प्रकार त्रस काय प्रकृतिके सम्बन्धसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

१२. आहारक शरीरकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्र संस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातगुणहीन स्थितिका बन्धक होता है। आहारक आङ्गोपाङ्गका नियमसे बन्धक होता है जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है; यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातगुण हीन बाँधता है। इसी प्रकार आहारक आङ्गोपाङ्गके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

बं० सिया अबं० यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागू० । अपज्ज० सिया बं० सिया अबं० यदि बं० तं तु । एवं तीइंदि० इति पाठः ।

१३. तेजा०[1] उक्क०ट्ठिदिबं० कम्मइ०-हुंडसं०-वण्ण०४-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० । तं तु० । णिरेयगदि-तिरिक्खग०-एइंदि०-पंचिंदि०-दोसरीर-दोअंगो०-असंपत्त०-दोआणु०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-तस-थावर-दुस्सर० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० । तं तु० । तेजइगभंगो कम्मइ०-हुंडसं०-वण्ण०४-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-अथिरादिपंच०-णिमि०[2] त्ति ।

१४. समचदु० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०४-तस०४-णि० णिय० । अणु० दुभागूणं० । तिरिक्खग०-दोसरी०-दोअंगो०-असंप०-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-अप्पसत्थ०-अथिरादिछ० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णियमा अणु० बं० दुभागूणं० । मणुसगदिदुगं सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णि० अणु० तिभागूणं बं० । देवगदि वज्ज० देवाणु०-पसत्थ०-थिरादिछक्क०

१३. तैजसशरीर की उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव कार्मणशरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है, जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है; यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो नियम से उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक बाँधता है। नरकगति, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय-जाति, पञ्चेन्द्रियजाति, दो शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, असंप्राप्तासृपाटिका संहनन, दो आनुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर, और दुःस्वर प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है, यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक बाँधता है। इसी प्रकार तैजसशरीरके समान कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु-चतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण प्रकृतियोंके आश्रयसे सन्नि-कर्ष जानना चाहिए।

१४. समचतुरस्र प्रकृति की उत्कृष्ट स्थितिका बन्धकरनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून स्थितिका बन्ध करता है। तिर्यञ्चगति, दो शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति और अस्थिर आदि छह प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यूनका बन्धक होता है। मनुष्यगति द्विकका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट तीन भाग न्यून स्थितिका बन्ध करता है। देवगतिको छोड़कर देवगत्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति और स्थिर आदि छहका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्टका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्टका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्टका बन्धक होता है तो नियमसे एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। चार संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक

१. मूलप्रतौ तेजाक० उक्क० इति पाठः। २. मूलप्रतौ णिमि० णत्थि इति पाठः।

सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० तं तु० । चदुसंघ० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णि० अणु० संखेज्जदिभागूणं बं० । एवं पसत्थवि०-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज० ।

१५. णग्गोद० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०-अंगो०-वण्ण०४-अगु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-णिमि० णिय० बं० । णि० अणु० संखेज्जदिभागूणं० । तिरिक्ख-मणुसग०-चदुसंघ०-दोआणु०-उज्जो० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागूणं बं० । वज्ज-णारा० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० तं तु० । एवं वज्जणारायण० । णवरि दो गदि-चदुसंठा०-दोआणु०-उज्जो० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागू० । सादि० एवं चेव । णवरि णारायणं सिया० । तं तु० । एवं णारायणं ।

१६. खुज्जसंठाणं उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खग०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०अंगो०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-

होता है । इसी प्रकार प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेय प्रकृतियोंके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

१५. न्यग्रोध परिमण्डल संस्थानकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, चार संहनन, दो आनुपूर्वी, और उद्योत प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । वज्रनाराचसंहननका कदाचित् बन्धक होता और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार वज्रनाराचसंहननके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि दो गति, चार संस्थान, दो आनुपूर्वी और उद्योतका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार स्वाति संस्थानके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि वह नाराचसंहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट बन्धक भी होता है और अनुत्कृष्ट बन्धक भी होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार नाराचसंहननके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

१६. कुब्जक संस्थानकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग

णिमि० णिय० संखे०भागू० । दोसंघ०-उज्जो० सिया बं० सिया अबं० । [यदि बं० णिय०] संखेज्ज०भागू० । अद्धणारा० सिया० । तं तु० । एवं अद्धणारा० । एवं वामण० । णवरि असंपत्त० सिया० संखेज्ज०भागू० । खीलिय० सिया बं० । तं तु० । एवं० खीलिय० ।

१७. ओरालि०अंगो० उ०ट्ठि०बं० तिरिक्खग०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०-असंप०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-णिमि० णिय० बं । तं तु० । उज्जो० सिया० । तं तु० । एवं असंप० ।

१८. वज्जरि० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि० अंगो०-वण्ण०४-अगु०४-तस०४-णिमि० णिय० बं० । णि० अणु० दुभागू० । तिरिक्खगदि-हुंड०-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-अप्पसत्थ०-अथिरादिछ० सिया बं० सिया

न्यून स्थितिका बन्धक होता है। दो संहनन और उद्योत प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। अर्धनाराचसंहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट बन्धक भी होता है और अनुत्कृष्ट बन्धक भी होता है। यदि अनुत्कृष्ट बन्धक होता है तो नियमसे एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार अर्धनाराचसंहननके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए। तथा इसी प्रकार वामन संस्थानके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि यह असम्प्राप्तासृपाटिका संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अवन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। कीलक संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार कीलक संहननके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

१७. औदारिक आङ्गोपाङ्गकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। उद्योत प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार असम्प्राप्तासृपाटिकासंहननके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

१८. वज्रर्षभनाराचकी उत्कृष्टस्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। तिर्यञ्चगति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति और अस्थिर आदि छह प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और

अबं० । यदि बं० णिय० अणु० दुभागू० । मणुसग०-मणुसाणु० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णिय० अणु० तिभागू० । समचदु०-पसत्थ०-थिरादिछ० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० । तं तु० । चदुसंठा० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णियमा अणु० संखेज्जदिभागू० ।

१९. उज्जो० उक्क० ट्ठि० बं० तिरिक्खग०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्ते०--अथिरादिपंच०--णिमि० णि० बं० । तं तु० । एइंदि०-पंचिंदि०-ओरालि०अंगो०-असंप०-अप्पसत्थ०--तस०--थावर--दुस्सर० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० तं तु० ।

२०. अप्पसत्थ० उक्क० ट्ठिदि० बं० पंचिंदि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-अगु०४-तस०४-अथिरादिछ०-णिमि० णिय० बं० । तं तु० । णिरयगदि-तिरिक्ख-

कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वीका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट तीन भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्तविहायोगति और स्थिर आदि छह प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है । यदि अनुत्कृष्ट बांधता है तो एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है । चार संस्थानोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियम से अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है ।

१९. उद्योत प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है । यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो एकसमय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है । एकेन्द्रियजाति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर और दुःस्वर प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है । यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है ।

२०. अप्रशस्त विहातोगतिकी उत्कृष्टस्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है । यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है । नरकगति, तिर्यञ्चगति, दो शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, अप्रशस्त विहायोगति, दो आनुपूर्वी और उद्योत प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता

गदि-दोसरी०-दोअंगो०-अप्पसत्थ०-दोआणु०-उज्जो० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं०। तं तु०। एवं दुस्स०।

२१. सुहुम० उक्क०ट्ठिदि०बं० तिरिक्खग०-एइंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-थावर०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० बं०। अणु० संखेज्जदिभागू०। पर०-उस्सास-पज्जत्त-पत्ते० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णि० अणु० संखेज्जदिभागू०। एवं साधारण०।

२२. अपज्ज० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खगदि-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं० वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय०। अणु० संखेज्जदिभागूणं बंधदि। एइंदि०-पंचिंदि०-ओरालि०अंगो०-तस-थावर-बादर-पत्ते० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागूणं बंधदि। बीइंदि०-तीइंदि०-चदुरिं०-सुहुम-साधार० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं०। णि० तं तु०।

२३. थिरणाम उक्क०ट्ठिदिबं० तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-परघाद-

और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार दुस्वर प्रकृतिके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

२१. सूक्ष्म प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, स्थावर, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। परघात, उच्छ्वास, पर्याप्त और प्रत्येक प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार साधारण प्रकृतिके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

२२. अपर्याप्त प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरु-लघु, उपघात, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग हीन बाँधता है। एकेन्द्रिय जाति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, त्रस, स्थावर, बादर और प्रत्येक इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग हीन बाँधता है। द्वीन्द्रिय जाति, त्रीन्द्रिय जाति, चतुरिन्द्रिय जाति, सूक्ष्म और साधारण प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है।

२३. स्थिर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास, पर्याप्त और निर्माण इन प्रकृ-

उस्सास-पज्ज०-णिमि० णिय० बं० अणु० दुभागूणं बंधदि। तिरिक्खगदि-एइंदि० पंचिंदि०-ओरालि०-वेउव्वि०-हुंडसं०-दोअंगो०-असंप०-तिरिक्खाणु०-आदा-उज्जो०-अप्पसत्थ०-तस-थावर-बादर-पत्ते०-असुभादिपंच० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णि० अणु० दुभागूणं०। मणुसगदि-मणुसाणु० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णिय० अणु० तिभागू०। देवगदि-समचदु०-वज्जरि० देवाणुपु०-पसत्थ०-सुभादिपंच० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० तं तु०। बेइंदि० तेइं०-चदुरिं०-चदुसंठा०-चदुसंघ०-सुहुम-साधार० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागू०। एवं सुभ०।

२४. जसगि० उक्क०ट्ठि०बं० तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-णिमि० णि० बं०। णि० अणु० दुभागू०। तिरिक्खगदि-एइंदि०-पंचिंदि०-ओरालि०-वेउव्वि०-हुंडसं०-दोअंगो०-असंपत्त०-तिरिक्खाणु०-अदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-तस-थावर-अथिरादिपंच० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णिय० अणु० दुभागू०। मणुसगदिदुगं सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णिय० अणु०

तियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून बाँधता है। तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, वैक्रियिक शरीर, हुण्डसंस्थान, दो आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर, बादर, प्रत्येक और अशुभादिक पाँच इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वीका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट तीन भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। देवगति, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रर्षभनाराचसंहनन, देवगत्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति और शुभादि पाँच इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो नियमसे वह उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। द्वीन्द्रिय जाति, त्रीन्द्रिय जाति, चतुरिन्द्रिय जाति, चार संस्थान, चार संहनन, सूक्ष्म और साधारण इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यूनका बन्धक होता है। इसी प्रकार शुभ प्रकृतिके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

२४. यशःकीर्ति प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक शरीर और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, वैक्रियिक शरीर, हुण्डसंस्थान, दो आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर और अस्थिर आदि पाँच इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यूनका बन्धक होता है। मनुष्यगतिद्विकका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित्

तिभागू० । देवगदि-समचदु०-वज्जरिसभ०-देवाणु०-पसत्थ०-थिरादिपंच सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० तं तु० । बीइं०-तीइं०-चदुरिं०-चदुसंठा०-चदुसंघ० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागू० ।

२५. तित्थय० उक्क०ट्ठिदिबंधं०-देवगदि-पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०-४-पसत्थ०-तस०४-अथिर-असुभ-सुभग-आदे०-अजस०-णिमि० णिय० । अणु० संखेज्जदिगुणहीणं बं० ।

२६. उच्चा० उक्क०ट्ठिदिबंधं० णीचा० अबंधगो । णीचागो० उक्क०ट्ठिदिबं० उच्चा० अबंधगो ।

२७. दाणंतरा० उक्क०ट्ठिदिबं० चदुण्णं अंतरा० णिय० । तं तु उक्कस्सा वा अणुक्कस्सा वा । उक्कस्सादो अणुक्कस्सा समयूणमादिं कादूण पलिदोवमस्स असंखेज्ज० भागूणं बंधदि । एवं अण्णोण्णस्स । तं तु० ।

२८. आदेसेण णेरइएसु पंचणा०-णवदंसणा०-सादासा०-मोहणीय०-छब्बीस-

अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट तीन भाग न्यूनका बन्धक होता है । देवगति, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रर्षभनाराचसंहनन, देवगत्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति और स्थिर आदि पाँच इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्टका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्टका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्टका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है । द्वीन्द्रिय जाति, त्रीन्द्रिय जाति, चतुरिन्द्रिय जाति, चार संस्थान और चार संघनन इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है ।

२५. तीर्थंकर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, आदेय, अयशःकीर्ति और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है । जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यात गुणहीन स्थितिका बन्धक होता है ।

२६. उच्चगोत्रकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव नीचगोत्रका अबन्धक होता है । नीचगोत्रकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव उच्चगोत्रका अबन्धक होता है ।

२७. दानान्तरायकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव चार अन्तराय प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है । वह उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है । यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार पाँचों अन्तरायोंका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए । वह उत्कृष्ट भी होता है और अनुत्कृष्ट भी होता है यदि अनुत्कृष्ट होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक होता है ।

२८. आदेशसे नारकियोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, छब्बीस मोहनीय, दो आयु, दो गोत्र और पाँच अन्तराय इन प्रकृतियोंका भङ्ग

दोआयु०-दोगोद०-पंचंत० ओघं । तिरिक्खग० उक्क०ट्ठिदि-बं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०-ओरालि०अंगो०-असंपत्त०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-णिमि० णि० बं० । तं तु० । उज्जो० सिया बं० । तं तु० । एवमेदाओ सव्वाओ एक्केक्केण सह । तं तु० । सेसं ओघेण साधेदव्वं । एवं छसु पुढवीसु । सत्तमाए सो चेव भंगो । णवरि मणुसगदि-मणुसाणु०-उच्चा० तित्थयरभंगो । सेसाओ तिरिक्खगदिसंजुत्तं कादव्वं ।

२८. तिरिक्खेसु पंचणा०-णवदंसणा०-सादासा०-मोहणीय०छव्वीस०-चदुआयु०-दोगोद०-पंचंत० ओघं । णिरयगदि उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०[1]-वेउव्विय-तेजा०-क०-हुंडसं०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-णिरयाणु०-अगु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-णिमि० णि० बं० । तं तु० । एवमेदाओ एक्क-

ओघके समान है। तिर्यञ्चगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्ध करनेवाला होता है जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। उद्योतको कदाचित् बाँधता है और कदाचित् नहीं बाँधता है। जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। इसी प्रकार इन सब प्रकृतियोंका परस्पर एक-एक प्रकृतिके साथ सन्निकर्ष होता है। ऐसी अवस्थामें इन प्रकृतियोंको उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। शेष सन्निकर्ष ओघके समान साध लेना चाहिए। इसी प्रकार छह पृथिवियोंमें जानना चाहिए। सातवीं पृथिवीमें यही भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यगति मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका भङ्ग तीर्थंकर प्रकृतिके समान है। यहाँ शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका सन्निकर्ष कहते समय तिर्यञ्चगतिके साथ कहना चाहिए।

२९. तिर्यञ्चोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, छब्बीस मोहनीय, चार आयु, दो गोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। नरकगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्धक जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्ण चतुष्क, नरकगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। इसी प्रकार परस्पर इन प्रकृतियोंका सन्निकर्ष होता है। जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक बाँधता है। तिर्यञ्चगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव

१. मूलप्रतौ पंचिंदिपंचिंदि वेउ—इति पाठः।

मेकस्स। तं तु०। तिरिक्खग० उक्क०ट्ठिदिबं० तेजा०-क०-हुंडसं०-वण्ण०४-अगु०-उप०-अथिरादिपंच०-णिमि० णि० बं०। अणु० संखेज्जभागूणं०। चदुजादि-वामणसंठा०-ओरालि०अंगो०-खीलियसंघ०-असंपत्त०-आदाउज्जो०-थावर-सुहुम-अपज्ज०-साधार० णियमा बं०। तं तु०। पंचिंदि०-हुंडसं०-पर०-उस्सा०-अप्पसत्थ०-तस०४-दुस्सर सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागूणं०। ओरालि०-तिरिक्खाणु० णियमा०। तं तु०। एवं ओरालि०-तिरिक्खाणु०। सेसं मूलोघं। णवरि किंचि विसेसो, अट्ठारसियाओ णादव्वाओ। एवं पंचिंदियतिरिक्खपज्जत्त-जोणिणीसु।

३०. पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज० पंचणा०-णवदंसणा०-सादासादा०-दोआयु०-दोगोद०-पंचंत० ओघं। मिच्छत्त उक्क०ट्ठिदिबं० सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं० णिय०। तं तु०। एवमेदाओ अण्णमण्णस्स। तं तु०। इत्थि० उक्क०ट्ठिदिबं० मिच्छ०-सोलसक०-भय-दुगुं० णिय० बं०। णिय०

तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून बाँधता है। चार जाति, वामन संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, कीलक संहनन, असम्प्राप्तासृप टिका संहनन, आतप, उद्योत, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण इन प्रकृतियोंको नियमसे बाँधता है। जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। पञ्चेन्द्रिय जाति, हुण्डसंस्थान, परघात, उच्छ्वास, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क और दुःस्वर इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून बाँधता है। औदारिकशरीर और तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। इसी प्रकार औदारिक शरीर और तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वीके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका आश्रय करके सन्निकर्ष जानना चाहिए। शेष सन्निकर्ष मूलोघके समान है। किन्तु कुछ विशेषता है कि अठारह कोड़ाकोड़ी सागर प्रमाण स्थिति-बन्धवाली प्रकृतियाँ जाननी चाहिए। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च पर्याप्त और पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च योनिनी जीवोंके जानना चाहिए।

३०. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, दो आयु, दो गोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति शोक, भय और जुगुप्सा इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक बाँधता है। इसी प्रकार इन प्रकृतियोंका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए। जो उत्कृष्ट भी होता है और अनुत्कृष्ट भी होता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक होता है। स्त्रीवेदकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय और जुगुप्साका नियमसे

अणु० संखेज्जदिभागूणं० । हस्स-रदि-अरदि-सोग सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागू० । एवं पुरिस० । हस्स० उक्क० ट्ठिदिबं० मिच्छ०-सोलसक०-णवुंस०-भय-दुगुं० णिय० बं० । णि० अणु० संखेज्जदिभागू० । रदि० णिय० बं० । तं तु० । एवं रदीए ।

३१. तिरिक्खगदि० उक्क०ट्ठि०बं० एइंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-थावरादि०४-अथिरादिपंच०-णिमि० णि० बं० । णि० तं तु० । एवमेदाओ अण्णमण्णस्स । तं तु० ।

३२. मणुसग० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०-ओरालि०अंगो०-असंपत्त०-वण्ण०४-अगु०-उप०-तस-बादर-अपज्ज०-पत्ते०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० णिय० बं० । अणु० संखेज्जदिभागू० । मणुसाणु० णिय० । तं तु० । एवं मणुसाणु० ।

बन्धक होता है जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्ध करता है। हास्य, रति, अरति और शोकका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार पुरुषवेदके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए। हास्य प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है। रतिका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट बन्धक भी होता है और अनुत्कृष्ट बन्धक भी होता है। यदि अनुत्कृष्ट बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिबन्धका बन्धक होता है। इसी प्रकार रतिके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३१. तिर्यञ्चगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्धक जीव एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, स्थावर आदि चार, अस्थिर आदि पाँच, और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो नियमसे एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार इन प्रकृतियोंका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए। जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है।

३२. मनुष्यगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, त्रस, बादर, अपर्याप्त, प्रत्येक शरीर, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। मनुष्यानुपूर्वीका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार मनुष्यानुपूर्वीके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३३. बीइंदि० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खग०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-बादर-अपज्ज०-पत्तेग०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० बं० । अणु० संखेज्जदिभागू० । ओरालि०अंगो०-असंपत्त०-तस० णिय० । तं तु० । एवं ओरालि०अंगो०-असंप०-तस० ।

३४. तीइंदि० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खग०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०-ओरालि०अंगो०-असंप०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-तस-बादर-अपज्ज०-पत्तेग०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० बं० । णिय० अणु० संखेज्जदिभागू० । एवं चदुरिं०-पंचिंदि० ।

३५. समचदु० उक्क०ट्ठिदि-बं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०-अंगो०-वण्ण०४-अगु०४-तस०४-णिमि० णिय० बं० । णिय० अणु० संखेज्जदि-भागू० । तिरिक्ख-मणुसगदि०-पंचसंघ०-दोआणु०-उज्जो०-अप्पसत्थ०-थिराथिर-सुभासुभ-दूभग-दुस्सर-अणादे०-जस०-अजस० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागू० । वज्जरिसभ०-पसत्थ०-सुभग-सुस्सर-आदे० सिया

३३. द्वीन्द्रिय जातिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक-शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, बादर, अपर्याप्त, प्रत्येक शरीर, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण प्रकृतियोंका नियम-से बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन और त्रस इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन और त्रसकाय इन प्रकृतियोंके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३४. त्रीन्द्रिय जातिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्च गत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, त्रस, बादर, अपर्याप्त, प्रत्येक शरीर, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार चतुरिन्द्रिय जाति और पञ्चेन्द्रिय जातिके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३५. समचतुरस्रसंस्थानकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु-चतुष्क, त्रसचतुष्क, और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, पाँच संहनन, दो आनुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय, यशःकीर्ति और अयशःकीर्ति इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। वज्रर्षभनाराच संहनन, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, और आदेय इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है।

बं० सिया अबं० । यदि बं० तं तु० । एवं वज्जरिसभ०-पसत्थ०-[सुभग]-सुस्सर-आदे० ।

३६. णग्गोद० उक्क० ट्ठिदिबं० पंचिंदिय०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०-अंगो०-वण्ण०४-असंपत्त०-तस०४-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णिमि० णिय० बं० । णि० अणु० संखेज्जदिभागू० । तिरिक्खगदि-मणुसगदि-चदुसंघ०-दोआणु०-उज्जोव०-थिराथिर-सुभासुभ-जस०-अजस० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णि० अणु० संखेज्जदिभागू० । वज्जणारा० सिया बं० । तं तु० । एवं वज्जणारायणं । सादीए वि एसेव भंगो । णवरि णारायण० तं तु० । एवं णारायणं वि ।

३७. खुज्ज० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खगदि-पंचिंदि०-ओरालिय-तेजा०-क०-ओरालि०अंगो०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णिमि० णि० बं० । णि० अणु० संखेज्जदिभागू० । दोगदि-दोसंघ०-दो·

यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है । यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार वज्रर्षभनाराचसंहनन, प्रशस्त-विहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेय प्रकृतियोंके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३६. न्यग्रोधपरिमण्डल संस्थानकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, त्रस चतुष्क, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है । जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, चार संहनन, दो आनुपूर्वी, उद्योत, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्ति इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । वज्रनाराचसंहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है । यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तककी स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार वज्र-नाराचसंहननके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए । तथा स्वाति संस्थानका भी यही भङ्ग होताहै । इतनी विशेषता है कि इसके नाराचसंहननका उत्कृष्ट बन्ध भी होता है और अनुत्कृष्ट बन्ध भी होता है । यदि अनुत्कृष्ट बन्ध होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । इस प्रकार नाराच-संहननके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

३७. कुब्जक संस्थानकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है । जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । दो गति, दो संहनन, दो आनुपूर्वी, उद्योत,

आणु०-उज्जो०-थिराथिर-सुभासुभ-जस०-अजस० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागू०। अद्धणारा० सिया बं०। तं तु०। एवं अद्ध-णारा०। एवं वामणसंठाणं वि। णवरि खीलियसंघ० सिया बं०। तं तु०। एवं खीलिय०।

३८. पर० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खग०-एइंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं० वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-थावर-सुहुम-साधारण-दूभग-अणादे०-अजस०-णिमि० णिय० अणु० संखेज्जदिभागू०। उस्सास-पज्जत्त० णियमा०। तं तु०। अथिर-असुभ० सिया बं० संखेज्जदिभागू०। एवं उस्सास-पज्जत्त-थिर-सुभणामाणं।

३९. आदाव० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खगदि-एइंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-थावर-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-दूभग-अणादे०-

स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्तिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। अर्धनाराचसंहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार अर्ध-नाराचसंहननके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए। तथा इसी प्रकार वामन संस्थानके आश्रयसे भी सन्निकर्ष जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि यह कीलक संहननका कदा-चित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्टका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्टका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्टका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थिति-का बन्धक होता है। इसी प्रकार कीलक संहननके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३८. परघातकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, स्थावर, सूक्ष्म, साधारण, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्ति और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। उच्छ्वास और पर्याप्त इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट का भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्टका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्टका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। अस्थिर अशुभका कदाचिद् बन्धक होता है और कदाचित् अब-न्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार उच्छ्वास, पर्याप्त, स्थिर, और शुभ प्रकृतियोंके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३९. आतपकी उत्कृष्ट स्थितिकी बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानु-पूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, स्थावर, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, दुर्भग, अनादेय और निर्माण

णिमि० णिय० बं० । णिय० अणु० संखेज्जदिभागू० । थिराथिर-सुभासुभ-अजस० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागू० । जसगि० सिया० । तं तु० । एवं उज्जोवं जसगित्तीए वि ।

४०. अप्पसत्थ० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खगदि-बीइंदि०-ओरालिय-तेजा०-क०-हुंडसं०-ओरालि०अंगो०-असंप०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-तस०४-दूभग-अणादे०-णिमि० णि० बं० । णिय० अणु० संखेज्जदिभागू० । उज्जो०-थिराथिर-सुभासुभ-जस०-अजस० सिया बं० । यदि बं० संखेज्जदिभागू० । दुस्सर० णिय० । तं तु० । एवं दुस्सर० ।

४१. बादर० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खगदि-एइंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-थावर-सुहुम-अपज्जत्त०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० बं० । णि० अणु० संखेज्जदिभागू० ।

४२. मणुस०-मणुसपज्जत्त-मणुसिणीसु मणुसअपज्जत्त० तिरिक्खगदिभंगो ।

प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है । जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यतवां भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ और अयशःकीर्ति इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। यशः कीर्तिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्ध होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्टका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्टका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्टका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार उद्योत और यशःकीर्तिके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

४०. अप्रशस्त विहायोगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, द्वीन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क, दुर्भग, अनादेय और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है । जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । उद्योत, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ यशःकीर्ति और अयशःकीर्ति इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । दुःस्वर प्रकृतिका नियमसे बन्धक होता है । जो उत्कृष्टका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्टका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्टका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार दुःस्वर प्रकृतिके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

४१. बादर प्रकृतिको उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त, अस्थिर आदि पांच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है । जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है ।

४२. सामान्य मनुष्य, मनुष्य पर्याप्त, मनुष्यिनी और मनुष्य अपर्याप्त जीवोंमें तिर्य-

णवरि आहारदुगं तित्थयरं ओघं ।

४३. देवगदीए देवेसु णाणावर०-दंसणावर०-वेदणी०-मोहणी०-आयुग०-गोद०-अंतराइ० ओघं । तिरिक्खग० उक्क०ट्ठिदिबं० ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्तेय०-अथिरादिपंच-णिमि० णि० बं० । णि० तं तु० । एइंदि०-पंचिंदि-ओरालि०अंगो०-असंपत्तसेव०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-तस-थावर-दुस्सर० सिया बं० । यदि बं० तं तु० । एवमेदाणि एक्कमेक्कस्स । तं तु० । सेसाणं णेरइयभंगो ।

४४. भवण०-वाणवें०-जोदिसि०-सोधम्मीसाण त्ति तिरिक्खगदि० उक्क०ट्ठिदिबं० एइंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-थावर-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-अथिरादिपंच-णिमि० णि० बं० । णि० तं तु० । आदाउज्जोव०

ञ्चगतिके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि आहारक द्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है ।

४३. देवगतिमें देवोंमें ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय, मोहनीय, आयु, गोत्र और अन्तराय इनके अवान्तर भेदोंका भङ्ग ओघके समान है । तिर्यञ्चगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुंडसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, बादर, पर्याप्त प्रत्येक, अस्थिर आदि पांच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है । जो उत्कृष्टका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्टका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्टका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । एकेन्द्रिय जाति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक आंगोपांग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर और दुःस्वर इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यतवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार इन प्रकृतियोंका परस्पर सन्निकर्ष होता है । जो उत्कृष्टका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्टका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्टका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग नारकियोंके समान है ।

४४. भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिषी और सौधर्म—ऐशान कल्पके देवोंमें तिर्यञ्चगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, स्थावर, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक शरीर, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है । जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। आतप और उद्योत प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक

सिया० । तं तु० । एवमेदाणि एक्कमेक्कस्स । तं तु० । पंचिंदिय० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खग०-ओरालि०-तेजा०-क०-वण्ण०४--तिरिक्खाणु०--अगु०४--बादर--पज्जत्त--पत्तेय०-अथिरादिपंच-णिमि० णि० बं० । णि० अणु० संखेज्जदिभागू० । हुंड०-उज्जो० सिया० संखेज्जदिभागू० । वामणसंठा०-खीलियसंघ०-असंपत्त० सिया० । तं तु० । ओरालि०अंगो-अप्पसत्थ०-तस-दुस्सर० णिय० बं० । तं तु० । एवमेदाणि एक्कमेक्कस्स । तं तु० । सेसाणं देवोघं ।

४५. सणक्कमार याव सहस्सार त्ति णिरयोघं । आणद याव णवगेवज्जा त्ति णाणाव०-दंसणाव०-वेदणी०-गोद०-अंतरा० ओघं । मिच्छ० उक्क०ट्ठिदिबं० सोल-

होता है तो उत्कृष्टका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्टका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार इन प्रकृतियों-का परस्पर सन्निकर्ष होता है और ऐसी अवस्थामें वह जीव उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। पञ्चेन्द्रिय जातिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्या-नुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। हुण्ड संस्थान और उद्योतका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। वामन संस्थान, कीलक संहनन और असम्प्राप्तासृपाटिका संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। औदारिक आङ्गोपाङ्ग, अप्रशस्त-विहायोगति, त्रस और दुःस्वरका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्या-तवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। इस प्रकार इनका परस्पर एक दूसरेका सन्निकर्ष होता है और तब उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है।

४५. सनत्कुमार कल्पसे लेकर सहस्रार कल्पतकके देवोंमें सामान्य नारकियोंके समान भङ्ग है। आनत कल्पसे लेकर नौ ग्रैवेयकतकके देवोंमें ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय, गोत्र और अन्तरायके अवान्तर भेदोंका भङ्ग ओघके समान है। मिथ्यात्वकी

सक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं० णिय० । तं तु० । एवमेदाओ एक्कमेक्कस्स । तं तु० । इत्थि० उक्क०ट्ठिदिबं० मिच्छ०-सोलसक०-अरदि-सोग-भय-दुगुं० णिय० बं० । णि० अणु० संखेज्जदिभागू० । पुरिस० उक्क०ट्ठिदिबं० मिच्छ०-सोलसक०-भय-दुगुं० णिय० बं० । णिय० संखेज्जदिभागू० । हस्स०-रदि० सिया । तं तु० । अरदि-सोग० सिया० संखेज्जदिभागू० । हस्स[1]० उक्क०ट्ठिदिबं० मिच्छ०-सोलसक०-भय-दुगुं० णिय० बं० संखेज्जदिभागू० । पुरिस० सिया० । तं तु० । इत्थि०-णवुंस० सिया० संखेज्जदिभागू० । रदि० णिय० बं० । तं तु० । एवं रदीए वि० ।

उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार इनका परस्पर सन्निकर्ष होता है और तब इनकी उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। स्त्रीवेदकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्धक जीव मिथ्यात्व, सोलह कषाय, अरति, शोक, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है। पुरुषवेदकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्धक जीव मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भागहीन स्थितिका बन्धक होता है। हास्य और रतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। अरति और शोकका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है। हास्यकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्धक जीव मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है। पुरुषवेदका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। रतिका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार रतिकी अपेक्षा सन्निकर्ष जानना चाहिए।

---

१. मूलप्रतौ हस्स-रदि उक्क० इति पाठः

४६. मणुसगदि० उक्क०ट्ठिदिबं०[1] पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-कम्मइय०-हुंड०-ओरालि०अंगो०-असंपत्तसेव०-वण्ण०४-मणुसाणु०-अगु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-णि० णिय० बं० । णि० तं तु० । एवमेदाओ एक्कमेक्कस्स । तं तु० ।

४७. समचदु० उक्क०ट्ठिदिबं० मणुसग०-पंचिंदिय-ओरालिय-तेजा०-क०-ओरालि०अंगो०-वण्ण०४-मणुसाणु०-अगु०४-तस०४-णिमि० णिय० संखेज्जदिभागू० । वज्जरिसभ०-पसत्थ०-थिरादिछ० सिया० । तं तु० । पंचसंघ०-अथिरादिछ० सिया० संखेज्जदिभागूणं० । याओ तं तु समचदुरसंठाणेण ताओ समचदुर० सेसभंगाओ । सेसपगदीणं मणुसगदिसहगदाओ णियं० संखेज्जदिभागू० । याओ सियाओ बं० ताओ तं तु० वा संखेज्जदिभागूणं वा बंधदि । तित्थयरं देवभंगो ।

४६. मनुष्यगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार इन प्रकृतियोंका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए और तब उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है।

४७. समचतुरस्र संस्थानकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, त्रस चतुष्क और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है। वज्रर्षभ नाराच संहनन, प्रशस्त विहायोगति, और स्थिर आदि छहका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। पांच संहनन और अस्थिर आदि छहका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। यहां पर जिन प्रकृतियोंका समचतुरस्र संस्थानके साथ उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है या एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है उनका समचतुरस्र संस्थानके समान भङ्ग जानना चाहिए। शेष प्रकृतियोंका मनुष्यगतिके साथ नियमसे संख्यातवां भाग न्यून अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है। उसमें भी जिनका कदाचित् बन्ध होता है उनका या तो उत्कृष्ट या अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिबन्ध होता है या संख्यातवां भाग न्यून स्थितिबन्ध होता है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग देवोंके समान है।

1. मूलप्रतौ—ट्ठिदिबं० पंचणा० ओरा इति पाठः ।

४८. अणुदिस याव सव्वट्ठा त्ति पंचणा०-छदंसणा०-सादासा०-बारसक०-सत्तणोक०-पंचंत० ओघं। मणुसगदि० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-समचदु०--ओरालि०अंगो०--वज्जरिसभ०--वण्ण०४--मणुसाणु०--अगु०४--पसत्थ०--तस०-४-अथिर-असुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-अजस०-णिमि० णिय०। तं तु०। तित्थय० सिया०। तं तु०। एवमेदाओ एक्कमेक्कस्स। तं तु०। थिर० उक्क०ट्ठिदिबं० मणुसगदि० णियमा संखेज्जदिभागू०। एवं धुवियाओ सव्वाओ। सुभ-जस० सिया० तं तु०। असुभ-अजस०-तित्थयं० सिया० संखेज्जदिभागू० बं०। एवं सुभ-जसगित्ति०।

४९. सव्वएइंदि०-सव्वविगलिंदि० तिरिक्खअपज्जत्तभंगो। णवरि वीचारट्ठाणाणि णादव्वाणि भवंति। [1]पंचिंदिय-पंचिंदियपज्जत्ता० सव्वपगदीणं ओघं।

४८. अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, बारह कषाय, सात नोकषाय और पाँच अन्तरायका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्र संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभ नाराच संहनन, वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार इन सब प्रकृतियोंका परस्पर सन्निकर्ष होता है। जो उत्कृष्ट भी होता है और अनुत्कृष्ट भी होता है। यदि अनुत्कृष्ट होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका होती है। स्थिर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव मनुष्यगतिका नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार सब ध्रुव प्रकृतियोंको अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है। शुभ और यशःकीर्तिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। अशुभ, अयशःकीर्ति और तीर्थङ्कर इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार शुभ और यशःकीर्तिकी अपेक्षा सन्निकर्ष कहना चाहिए।

४९. सब एकेन्द्रिय और सब विकलेन्द्रिय जीवोंका भङ्ग तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है। इतनी विशेषता है कि इनके वीचार स्थान ज्ञातव्य हैं। पञ्चेन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त

१. मूलप्रतौ पंचिंदिय-तस अपज्जत्ता इति पाठः।

पंचिंदियअपज्जत्ता० तिरिक्खअपज्जत्तभंगो। पंचकायाणं[1]पज्जत्तापज्जत्ताणं तिरिक्ख-अपज्जत्तभंगो। णवरि एइंदिय-पंचकायाणं यम्हि संखेज्जदिभागहीणं तम्हि असं-खेज्जदिभागहीणं बंधदि। तस-तसपज्जत्ता० ओघं। तसअपज्जत्ता०[2]तिरिक्ख-अपज्जत्तभंगो। पंचमण०-पंचवचि०-कायजोगि० ओघं। ओरालिकायजोगि० मणुसभंगो।

५०. ओरालियमिस्से देवगदि० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-अथिर-असुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-अजस०-णिमि० णिय०। अणु० णि० संखज्जगुणहीणं०। वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-देवाणु०-णियमा। तं तु०। तित्थय० सिया०। तं तु०। एदाओ पगदीओ तित्थयरेण सह एक्कमेक्कस्स तं तु० कादव्वा। सेसाणं पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तभंगो।

५१. वेउव्वियका० देवोघं। एवं चेव वेउव्वियमिस्स०। णवरि याओ तं तु०

जीवोंके सब प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। तथा पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्त जीवोंका भङ्ग तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है। पाँच स्थावर काय तथा इनके पर्याप्त और अपर्याप्त जीवोंमें सन्निकर्षका भङ्ग तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है। इतनी विशेषता है कि सब एकेन्द्रिय और पाँचों स्थावर कायिक जीवोंके, जिनका संख्यातवां भाग हीन बन्ध कहा है उनका, असंख्या-तवां भाग हीन बन्ध होता है। त्रस और त्रस पर्याप्त जीवोंके सब प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। तथा त्रस अपर्याप्तकोंके तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है। पाँचों मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी और काययोगी जीवोंके सब प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। तथा औदारिक काययोगी जीवोंमें सब प्रकृतियोंका भङ्ग मनुष्योंके समान है।

५०. औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें देवगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरु-लघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशः-कीर्ति और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यात गुणहीन स्थितिका बन्धक होता है। वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और देव-गत्यानुपूर्वी इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। तीर्थंकर प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अब-न्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। इन प्रकृतियोंको तीर्थंकर प्रकृतिके साथ परस्पर उत्कृष्ट स्थितिके बन्धरूपसे और एक समय कम पल्यके असंख्यातवें भाग न्यून तक अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धरूपसे करना चाहिए। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है।

५१. वैक्रियिक काययोगी जीवोंमें सब प्रकृतियोंका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है। इसी प्रकार वैक्रियिकमिश्रकाययोगी जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि जो पर-

१. मूलप्रतौ पज्जत्ता अपज्जत्ताणं इति पाठः। २. मूलप्रतौ तिरिक्खपज्जत्त-इति पाठः।

पगदीओ ताओ एक्कमेक्कस्स तं तु० । सेसाओ संखेज्जदिभागूणा बंधदि ।

५२. आहार०-आहारमि० पंचणा०-छदंसणा०-दोवेदणी०-पंचंत० ओघं । कोधसंज० उक्क०ट्ठिदिबं० तिण्णिसंज०-पुरिस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं० णिय० बं० । तं तु० । एवमेदाओ एक्कमेक्कस्स । तं तु० । हस्स० उक्क०ट्ठिदिबं० चदुसंज०-पुरिस०-भय-दुगुं० णिय० संखेज्जदिभागूणं बं० । रदी० णिय० । तं तु० । एवं रदीए ।

५३. देवगदि० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदियादिपगदीओ णिय० बं० । तं तु० । तित्थय० सिया० । तं तु० । एवं देवगदिसहगदाओ एक्कमेक्कस्स । तं तु० । थिर०

स्पर उत्कृष्ट स्थितिबन्धवाली या एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धवाली प्रकृतियाँ हैं उनका यह जीव परस्पर या तो उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है या उत्कृष्टकी अपेक्षा एक समय कमसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है और शेषका संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिबन्ध करता है ।

५२. आहारककाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, दो वेदनीय और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । क्रोध संज्वलनकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तीन संज्वलन, पुरुषवेद, अरति, शोक, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है । जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार इनका परस्पर सन्निकर्ष होता है । और तब इनकी उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है । हास्यकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव चार संज्वलन, पुरुषवेद, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है । जो अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है । रतिका नियमसे बन्धक होता है । जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भागहीनतक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार रतिके आश्रयसे भी सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

५३. देवगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति आदि प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है । जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है । तीर्थंकर प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार देवगतिके साथ बँधनेवाली प्रकृतियोंका परस्पर सन्निकर्ष होता है । तब यह जीव उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका

उक्क०ट्ठिदिबं० देवगदिअट्ठावीसं णिय० बं० । संखेज्जदिभा० । सुभ-जस० सिया० । तं तु० । असुभ-अजस० सिया० संखेज्जदिभागू० । एवं सुभ-जस० । तित्थ० उक्क०-ट्ठिदिबं० देवगदि-पंचिंदि०आदिअट्ठावीसं पगदीओ णिय० संखेज्जदिभागूणं बं० ।

५४. कम्मइ० पंचणा०-णवदंसणा०-सादासा०-गोद०-पंचंत० ओघं । मिच्छ० उक्क०ट्ठिदिबं० सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं० । णिय० । तं तु० । एवमेदाओ एक्कमेक्कस्स । तं तु० । इत्थिवे० उक्क०ट्ठिदिबं० मिच्छ०-सोलसक०-अरदि-सोग-भय-दुगुं० णिय० संखेज्जदिभागूणं बं० । पुरिस० उक्क०ट्ठिदिबं० इत्थिभंगो । हस्स-रदि० सिया० । तं तु० । अरदि-सोग सिया० संखेज्जदिभागूणं० । हस्स०

बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। स्थिर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव देवगति आदि अट्ठाईस प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग-हीन स्थितिका बन्धक होता है। शुभ और यशःकीर्ति प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। अशुभ और अयशःकीर्ति प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार शुभ और यशःकीर्ति प्रकृतियोंके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए। तीर्थंकर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव देवगति और पञ्चेन्द्रिय जाति आदि अट्ठाईस प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है।

५४. कार्मण काययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, साता-असाता वेदनीय, दो गोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार इन सबका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए। इनमेंसे किसी एककी उत्कृष्ट स्थितिका बन्धक शेषकी उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। स्त्रीवेदकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्धक जीव मिथ्यात्व, सोलह कषाय, अरति शोक, भय और जुगुप्सा इनका नियमसे बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भागहीन स्थितिका बन्धक होता है। पुरुषवेदकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवका भङ्ग स्त्रीवेदके समान है। यह हास्य और रतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एकसमय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। अरति

उक्क०ट्ठिदिबं० मिच्छ०-सोलसक०-भयदुगुं० णिय० संखेज्जदिभागू० । इत्थि०-णवुंस० सिया बं० संखेज्जदिभागू० । पुरिसवे० सिया० । तं०तु० । रदि० णिय०। तं तु० । एवं रदीए ।

५५. तिरिक्खग० उक्क०ट्ठिदिबं० एइंदि०-पंचिंदि०-ओरालि०अंगो०-असंपत्त०-पर०-उस्सा०--आदाउज्जो०--अप्पसत्थ०--तस-थावर--बादर--सुहुम--पज्जत्त--पत्तेय०--साधार०-दुस्सर० सिया० । तं तु० । ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-अथिरादिपंच०-णिमि० णियमा० । तं तु० । एवं तिरिक्खगदिभंगो ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-अथिरादिपंच-णिमिण० त्ति ।

और शोकका कदाचित् बंन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है। हास्यकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भागहीन स्थितिका बन्धक होता है। स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भागहीन स्थितिका बन्धक होता है। पुरुषवेदका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी वन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका वन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। रतिका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार रतिके आश्रयसे भी सन्निकर्ष जानना चाहिए।

५५. तिर्यञ्चगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव एकेन्द्रिय जाति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर, बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त, प्रत्येक, साधारण और दुःस्वर इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्ण चतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, अस्थिर आदि पाँच, और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके आश्रयसे सन्निकर्षका भङ्ग तिर्यञ्च गतिके समान जानना चाहिए।

५६. मणुसगदि० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०-अंगो०-वण्ण०४-अगु०-उप०-तस-बादर-पत्ते०-अथिरादिपंच-णिमि० णिय० बं०। णि० अणु० संखेज्जदिभागू०। तिण्णिसंठा०-तिण्णिसंघ०-अप्पसत्थ०-पर०-उस्सा०-पज्जत्तापज्जत्त०-दुस्सरं सिया संखेज्जदिभागू०। मणुसाणु० णिय०। तं तु०। एवं मणुसाणु०।

५७. देवगदि० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थवि०-तस०४-अथिर- असुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-अजस०-णि० णिय० संखेज्जगुणहीणं बं०। वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-देवाणु० णि० बं०। णि० तं तु०। तित्थयरं सिया०। तं तु०। एवं देवगदि०४।

५८. एइंदि० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खग०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-

५६. मनुष्यगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, त्रस, बादर, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भागहीन स्थितिका बन्धक होता है। तीन संस्थान, तीन संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, परघात, उच्छ्वास, पर्याप्त, अपर्याप्त और दुःस्वर इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भागहीन स्थितिका बन्धक होता है। मनुष्यगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार मनुष्यगत्यानुपूर्वीके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

५७. देवगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्र संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस-चतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट संख्यात गुणहीन स्थितिका बन्धक होता है। वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और देवगत्यानुपूर्वी इनका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थिति का भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थिति का बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। तीर्थंकर प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार देवगति चतुष्कके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

५८. एकेन्द्रिय जातिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु,

वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-अथिरादिपंच-णिमि० णि० बं० । तं तु० । पर०-उस्सा०-आदाउज्जो०-बादर-सुहुम-पज्जत्तापज्जत्त--पत्तेय०--साधार० सिया० । तं तु० । एवं थावर० । बीइं०-तीइंदि०-चदुरिं०-चदुसंठा०-चदुसंघ०-अपज्ज० ओघं ।

५६. समचदु० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०अंगो०-वण्ण०४-तस०४-णिमि० णिय० संखेज्जदिभागूणं० । दोगदि-पंचसंघ०-दोआणुपु०-उज्जो०-अप्पसत्थ०-अथिरादिछ० सिया० संखेज्जदिभागू० । वज्जरि०-पसत्थ०-थिरादिछ० सिया० । तं तु० । एवं वज्जरिस०-पसत्थ०-सुभग-सुस्सर-आदे०-जस० ।

६०. पंचिंदि० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खग०-ओरालि०--तेजा०--क०--हुंड०--ओरालि०अंगो०-असंपत्त०--वण्ण०४--तिरिक्खाणु०--अगु०४--अप्पसत्थ०--तस०४--

उपघात, अस्थिर आदि पांच और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक और साधारण इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार स्थावर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका आलम्बन लेकर सन्निकर्ष जानना चाहिए । द्वीन्द्रिय जाति, त्रीन्द्रियजाति, चतुरिन्द्रिय जाति, चार संस्थान, चार संहनन और अपर्याप्त इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका आलम्बन लेकर सन्निकर्ष ओघके समान जानना चाहिए।

५९. समचतुरस्र संस्थानकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, त्रसचतुष्क और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट संख्यातवां भागहीन स्थितिका बन्धक होता है। दो गति, पांच संहनन, दो आनुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति और अस्थिर आदि छह इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। वज्रर्षभ नाराच संहनन, प्रशस्त विहायोगति और स्थिर आदि छह इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार वज्रर्षभ नाराच संहनन, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय, और यशःकीर्ति इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्ष जानना चाहिए।

६०. पञ्चेन्द्रियजातिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति,

अथिरादिछ०-णि० णिय० । तं तु० । उज्जो० सिया० । तं तु० । एवं पंचिंदियभंगो ओरालि०अंगो०-असंपत्त०-पर०-उस्सा०-अप्पसत्थ०-तस०४-दुस्सरा त्ति । णवरि पर०-उस्सा०-बादर-पज्जत्त-पत्ते० उक्क०ट्ठिदिबं० एइंदि०-पंचिंदि०-ओरालि०अंगो०-अप्पसत्थ०-तस-थावर-दुस्सर सिया० । तं तु० ।

६१. आदव० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खगदि-एइंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०--अगु०४--थावर--बादर--पज्जत्त--पत्ते०--अथिरादिपंच--णिमि० णिय० बं० । तं तु० । उज्जो० तिरिक्खगदिभंगो । णवरि सुहुम--अपज्जत्त--साधारणं वज्ज० ।

६२. सुहुम० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खगदि-एइंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-थावर-अपज्जत्त--साधारण--अथिरादिपंच--णिमि०

त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। उद्योत प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्ट स्थितिकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय जातिके समान औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, परघात, उच्छ्वास, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क और दुःस्वर इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका आलम्बन लेकर सन्निकर्ष जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि परघात, उच्छ्वास, बादर, पर्याप्त और प्रत्येक प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव एकेन्द्रिय जाति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर और दुःस्वर इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है।

६१. आतपकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, स्थावर, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, अस्थिर आदि पांच और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। उद्योत प्रकृतिका भङ्ग तिर्यञ्चगतिके समान है। इतनी विशेषता है कि सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण प्रकृतियोंको छोड़कर इसका सन्निकर्ष कहना चाहिए।

६२. सूक्ष्म प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्च-गत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, स्थावर, अपर्याप्त, साधारण, अस्थिर आदि पांच और

णिय० बं० । तं तु० । एवं अपज्जत्त-साधारण० ।

६३. थिर० उक्क०ट्ठिदिबं० दोगदि-एइंदि०-पंचिंदि०-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-पंचसंघ०-दोआणु०--आदाउज्जो०--अप्पसत्थ०--तस-थावर--बादर--सुहुम--पत्तेय०--साधार०-असुभादिपंच० सिया० संखेज्ज०भागूणं बं० । ओरालि०--तेजा०-क०--वण्ण०४-अगु०४-पज्जत्त-णिमि० णि० बं० संखेज्जभागू० । समचदु०-वज्जरिसभ०-पसत्थ०-सुभगादिपंच सिया० । तं तु० । एवं थिरभंगो सुभ-जसगि० । णवरि जसगित्तीए सुहुम-साधारणं वज्ज ।

६४. तित्थय० उक्क०ट्ठिदिबं० मणुसगदिपंचग० सिया० संखेज्जदिभागहीणं बं० । देवगदि०४ सिया० । तं तु० । पंचिंदियाओ धुविगाओ अथिर-असुभ-सुभग-

निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार अपर्याप्त और साधारण प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्ष कहना चाहिए।

६३. स्थिर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव दो गति, एकेन्द्रिय जाति, पञ्चेन्द्रिय जाति, पांच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, पांच संहनन, दो आनुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर, बादर, सूक्ष्म, प्रत्येक, साधारण और अशुभादि पांच इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, पर्याप्त और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट संख्यातवां भागहीन स्थितिका बन्धक होता है। समचतुरस्र संस्थान, वज्रर्षभनाराच संहनन, प्रशस्त विहायोगति, और सुभग आदि पांचका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार स्थिर प्रकृतिके समान शुभ और यशःकीर्ति प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्ष जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि यशःकीर्तिकी अपेक्षा सन्निकर्ष कहते समय सूक्ष्म और साधारण इन दो प्रकृतियोंको छोड़कर सन्निकर्ष कहना चाहिए।

६४. तीर्थङ्कर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव मनुष्यगति पञ्चकका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भागहीन स्थितिका बन्धक होता है। देवगतिचतुष्कका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। पञ्चेन्द्रिय जाति आदि ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियां तथा अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय और अयशःकीर्ति

सुस्सर-आदे०-अज० णि० बं० अणु० संखेज्जदिभागहीणं० ।

६५. इत्थिवे० पंचणा०-णवदंसणा०-दोवेद-मोहणी०छव्वीस-आयु० ४-दोगोद०-पंचंत० ओघं । णिरयगदि० उक्क०ट्ठिदि०बं० पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-हुंड०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-णिरयाणु०-अगु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-णिमि० णिय० बं० । तं तु० । एवं णिरयगदिभंगो पंचिंदि०-वेउव्वि०-वेउव्वि०-अंगो०-णिरयाणु०-अप्पसत्थ०-तस-दुस्सर त्ति ।

६६. तिरिक्खग० उक्क०ट्ठिदिबं० एइंदिय-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-थावर-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-अथिरादिपंच-णिमि० णिय० बं० । तं तु० । आदाउज्जो सिया० । तं तु० । एवं तिरिक्खगदिभंगो एइंदि०-ओरालि०-तिरिक्खाणु०-आदाउज्जो०-थावर त्ति ।

इनका नियमसे बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट संख्यातवां भागहीन स्थितिका बन्धक होता है।

६५. स्त्रीवेदवाले जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, दो वेद, मोहनीय छब्बीस, आयु चार, दो गोत्र और पांच अन्तराय इनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका सन्निकर्ष ओघके समान है। नरकगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, नरकगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार नरकगतिके समान पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, नरकगत्यानुपूर्वी, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस और दुःस्वर इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्ष जानना चाहिए।

६६. तिर्यञ्चगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्च गत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, स्थावर, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, अस्थिर आदि पांच और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। आतप और उद्योतका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार तिर्यञ्चगतिके समान एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत और स्थावर प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्ष जानना चाहिए।

६७. मणुसगदि० उक्कट्ठिदिबं० ओघं। णवरि ओरालि०अंगो० णिय० बं० संखेज्जदिभागू०। दोसंठा०-तिण्णिसंघ०-अपज्ज० सिया० संखेज्जदिभागू०।

६८. देवगदि० उक्क०ट्ठिदिबं० ओघं। बीइंदि०-तीइंदि०-चदुरिं० उक्क०ट्ठिदि० ओघं। णवरि विसेसो, ओरालि०अंगो०-असंपत्तसे० णिय०। तं तु०। आहार०-आहार०अंगो० ओघं।

६९. तेजइग० उक्क०ट्ठिदिबं० कम्मइ०-हुंडसं०-वण्ण४-अगु०[४]-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-अथिरादिपंच०-णिमि०-णिय० बं०। तं तु०। णिरयगदि-एइंदि०-पंचिंदि०-ओरालि०-वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-दोआणु०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-तस--थावर--दुस्सर० सिया०। तं तु०। एवं तेजा०भंगो कम्मइग०-हुंड०-वण्ण०४-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्तेय०-अथिरादिपंच-णिमिण त्ति।

६७. मनुष्यगतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्षका विचार करनेपर वह ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि औदारिक आङ्गोपाङ्गका यह नियमसे बन्धक है। जो अनुत्कृष्ट संख्यातवां भागहीन स्थितिका बन्धक है। दो संस्थान, तीन संहनन और पर्याप्त इनका कदाचित् बन्धक है और कदाचित् अबन्धक है। यदि बन्धक है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग हीन स्थितिका बन्धक है।

६८. देवगतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्षका विचार करनेपर वह ओघके समान है। द्वीन्द्रिय जाति, त्रीन्द्रिय जाति और चतुरिन्द्रिय जातिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्षका विचार करनेपर वह ओघके समान है। इतना विशेष है कि औदारिक आङ्गोपाङ्ग और असम्प्राप्तासृपाटिका संहननका नियमसे बन्धक होताहै जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्ट की अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। आहारक शरीर और आङ्गोपाङ्गके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्षका विचार करनेपर वह ओघके समान है।

६९. तैजस शरीरकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव कार्मण शरीर, हुण्ड-संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। नरकगति, एकेन्द्रिय जाति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, दो आनुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर और दुःस्वर इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार तैजस शरीरके समान कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्ष जानना चाहिए।

७०. समचदु० उक्क०ट्ठिदि० ओघं। णवरि ओरालि०अंगो०-असंपत्त० सिया[1]० संखेज्जदिभागू० । एवं पसत्थवि०-सुभग-सुस्सर-आदे० । णग्गोद०-सादि०-खुज्ज--संठा० ओघं ।

७१. वामणसंठा० उक्क०ट्ठिदिबं० ओरालि०अंगो० णिय० । तं तु० । खीलियसंघ०-असंप० सिया० । तं तु० । सेसं ओघं ।

७२. ओरालि०अंगो० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खगदि-ओरालिय-तेजा०-क०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-तस-बादर-पज्जत्त०-अथिरादिपंच-णिमि० णि० बं० संखेज्जदिभागू० । बीइंदि०-तीइंदि०-चदुरिं०-वामण०-खीलिय०-असंप०-अपज्ज० सिया० । तं तु० । पंचिंदि०-हुंड०-पर०-उस्सा०-उज्जो०-अप्पसत्थ०-पज्जत्त०-दुस्सर

७०. समचतुरस्र संस्थानके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्षका विचार करने पर वह ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि औदारिक आङ्गोपाङ्ग और असम्प्राप्तासृपाटिका संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका-बन्धक होता है। इसी प्रकार प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेय इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्ष कहना चाहिए। न्यग्रोधपरिमण्डल संस्थान, स्वाति संस्थान और कुब्जक संस्थानके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलन्बन लेकर सन्निकर्षका विचार करने पर वह ओघके समान है।

७१. वामन संस्थानकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव औदारिक आङ्गोपाङ्गका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। कीलक संहनन और असम्प्राप्तासृपाटिका संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है। तोउत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। शेष सन्निकर्ष ओघके समान है।

७२. औदारिक आङ्गोपाङ्गकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, त्रस, बादर, पर्याप्त, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है। द्वीन्द्रिय जाति, त्रीन्द्रिय जाति, चतुरिन्द्रिय जाति, वामन संस्थान, कीलक संहनन, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन और अपर्याप्त इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। पञ्चेन्द्रिय जाति, हुण्ड संस्थान, परघात, उच्छ्वास, उद्योत, अप्रशस्त

---

1. मूलप्रतौ सिया० तं तु० संखे-इति पाठः।

सिया० संखेज्जदिभागू० । एवं असंपत्त० । वज्जरि० ओघं । णवरि विसेसो ओरालि०अंगो० णिय० संखेज्जदिभागू० ।

७३. सुहुम-अपज्जत्त-साधारणं ओघं । णवरि विसेसो । पज्जत्त० उक्क०ट्ठिदिबं० ओरालि०अंगो०-असंपत्तसे० आदेसेण सिया० । तं तु० । थिर० ओघं । णवरि विसेसो, ओरालि०अंगो०-असंपत्त० सिया० संखेज्जदिभागू० । एवं सुभ०-जसगि० । तित्थय० ओघं ।

७४. पुरिसवेदे सव्वाणं ओघं । णवुंसग० सत्तण्णं ओघं । णिरयगदि० ओघं । तिरिक्खगदि० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा-०क०-हुंड०[1]-ओरालि०-अंगो०-असंपत्त०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-

विहायोगति, पर्याप्त और दुःस्वर इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भागहीन स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार असम्प्राप्तासृपाटिका संहननके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्ष जानना चाहिए । वज्रर्षभनाराच संहननके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्ष ओघके समान है । इतना विशेष है कि औदारिक आङ्गोपाङ्गका नियमसे बन्धक होता है । जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भागहीन स्थितिका बन्धक होता है ।

७३. सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्ष ओघके समान है । किन्तु यहां विशेष जानकर कहना चाहिए । पर्याप्तकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव औदारिक आङ्गोपाङ्ग और असम्प्राप्तासृपाटिका संहननका आदेशसे कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । स्थिर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्ष ओघके समान है । इतनी विशेषता है कि औदारिक आङ्गोपाङ्ग और असम्प्राप्तासृपाटिका संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार शुभ और यशःकीर्ति प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्ष जानना चाहिए । तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्ष ओघके समान है ।

७४. पुरुषवेदवाले जीवोंके सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्ष ओघके समान है । नपुंसक वेदवाले जीवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिका अवलम्बन लेकर सन्निकर्ष ओघके समान है । नरकगतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्ष ओघके समान है । तिर्यञ्चगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता

1. मूलप्रतौ हुंड० उज्जो० सिया तं तु० ओरा—इति पाठः ।

णिमि० णिय० बं० । तं तु० । [उज्जो० सिया० । तं तु० ।] एवं ओरालि०-ओरालि०अंगो०-असंपत्त०-तिरिक्खाणु०-उज्जोव त्ति । मणुसगदि-देवगदि० ओघं ।

७५. एइंदि० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खगदि-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-अथिरादिपंच-णिमि० [णिय० बं० । णिय० अणु०] संखेज्जदिभागू० । पर०-उस्सा०-उज्जो०-बादर-पज्जत्त-पत्तेय० सिया० संखेज्जदिभागू० । आदाव-सुहुम-अपज्जत्त-साधारणं० सिया० । तं तु० । थावर० णिय० बं० । तं तु० । एवं थावर० । बीइंदि०-तीइंदि०-चदुरिं० ओघं ।

७६. पंचिंदि० उक्क०ट्ठिदिबं० तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-अगु०४-अप्प-

है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवांभाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। उद्योतका कदाचित् बन्धक होताहै और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो कदाचित् उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और कदाचित् अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उद्योत इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए। मनुष्य गति और देवगतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्ष ओघके समान है।

७५. एकेन्द्रिय जातिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्ण चतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। परघात, उच्छ्वास, उद्योत, बादर, पर्याप्त और प्रत्येक इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भागहीन स्थितिका बन्धक होता है। आतप, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। स्थावर प्रकृतिका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार स्थावर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्ष जानना चाहिए। द्वीन्द्रियजाति, त्रीन्द्रियजाति और चतुरिन्द्रियजातिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्ष ओघके समान है।

७६. पञ्चेन्द्रिय जातिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क,

सत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-णिमि० णिय० बं० । तं तु० । णिरयगदि-तिरिक्खगदि-ओरालिय-वेउव्विय०-दोअंगो०-असंपसत्त०-दोआणु०-उज्जो० सिया० । तं तु० । एवं पंचिंदियजादिभंगो तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-णिमिण त्ति । पंचसंठा०-पंचसंघ० ओघं ।

७७. आदाव० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खगदि-ओरालिय-तेजा०-क०-हुंड० वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्तेय०-अथिरादिपंच-णिमि० णि० बं० संखेज्जदिभागू० । एइंदिय-थावर० णिय० । तं तु० । पसत्थवि०-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज० ओघं । सुहुम-अपज्जत्त-साधार० ओघं । णवरि अपज्जत्तस्स एइंदि०-थावर० सिया० । तं तु० ।

अस्थिर आदि छह और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। नरकगति, तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, वैक्रियिक शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, दो आनुपूर्वी और उद्योत इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय जातिके समान तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, वर्ण चतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण इनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्ष जानना चाहिए। पाँच संस्थान और पांच संहननके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्ष ओघके समान है।

७७. आतपकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, अस्थिर आदि पांच और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। एकेन्द्रिय जाति और स्थावर इनका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट-स्थितिका भी बन्धक होता है। किन्तु यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेय इनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्ष ओघके समान है। तथा सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण इनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवलम्बन लेकर सन्निकर्ष ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि अपर्याप्तके साथ एकेन्द्रिय जाति और स्थावर प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थिति का बन्धक होता है।

७८. थिर० उक्क०ट्ठिदिबं० ओघं। णवरि विसेसो, एइंदि०-आदाव-थावर० सिया० संखेज्जदिभागू०। एवं सुभ-जस०। तित्थय० ओघं।

७९. अवगदवे० आभिणिबो० उक्क०ट्ठिदिबं० चदुणाणा० णि०। णि० उक्कस्सा। एवं चदुणाणा०-चदुदंसणा०-चदुसंजल०-पंचंत०।

८०. कोधादि०४-मदि०-सुद०-विभंग० ओघं। आभि०-सुद०-ओधि० छण्णं कम्माणं ओघं। अपच्चक्खाणा०[1]कोध० उक्क०ट्ठिदिबं० एक्कारसक०-पुरिस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं० णि० बं०। तं तु०। एवमेदाओ एक्कमेक्कस्स०। तं तु०। हस्स० उक्क०ट्ठिदिबं० बारसक०-पुरिस०-भय-दुगुं० णि० बं० संखेज्जगुणहीणं बं०।

७८. स्थिर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धकी अपेक्षा सन्निकर्ष ओघके समान है। इतना विशेष है कि एकेन्द्रिय जाति, आतप और स्थावर प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार शुभ और यशःकीर्ति प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका आश्रय लेकर सन्निकर्ष जानना चाहिए। तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके आश्रयसे सन्निकर्ष ओघके समान है।

७९. अपगतवेदवाले जीवोंमें आभिनिबोधिक ज्ञानावरणकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव चार ज्ञानावरणका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे उत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार चार ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका आश्रय लेकर सन्निकर्ष जानना चाहिए।

८०. क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी और विभङ्गज्ञानी जीवोंमें अपनी अपनी सब प्रकृतियोंका सन्निकर्ष ओघके समान है। आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें छह कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके आश्रयसे सन्निकर्ष ओघके समान है। अप्रत्याख्यानावरण क्रोधकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव ग्यारह कषाय, पुरुषवेद, अरति, शोक, भय और जुगुप्सा इनका नियमसे बन्धक होता है। किन्तु वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार इन सब प्रकृतियोंका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए। किन्तु वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। हास्यकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्धक जीव बारह कषाय, पुरुषवेद, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यात गुण हीन स्थितिका बन्धक होता है। रतिका नियमसे बन्धक होता है। किन्तु वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका

---

१. मूलप्रतौ पच्चक्खाणा०४ कोध० इति पाठः।

रदि० णिय० बं० । तं तु० । एवं रदीए ।

८१. मणुसग० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरि०-वण्ण०४-मणुसाणु०-अगु०४-पसत्थवि०-तस०४-अथिर-असुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-अज०-णिमि० णि० बं० । तं तु० । एवं मणुसगदिभंगो ओरालि०-ओरालि०अंगो-वज्जरिसभ०-मणुसाणु० ।

८२. देवगदि० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-अथिर-असुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-अजस०-णिमि० णिय० । तं तु० । तित्थय० सिया बं० । तं तु० । एवं देवगदिभंगो वेउव्वि०-वेउव्वि०-अंगो०-देवाणु०-तित्थय० ।

८३. पंचिंदि० उक्क०ट्ठिदिबं०[1] तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पस-

असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार रतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्ध का आश्रय लेकर सन्निकर्ष जानना चाहिए।

८१. मनुष्यगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है। किन्तु वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार मनुष्यगतिके समान औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन और मनुष्यगत्यानुपूर्वीके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

८२. देवगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। किन्तु वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। तीर्थंकर प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एकसमय न्यून स्थितिसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार देवगतिके समान वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, देवगत्यानुपूर्वी और तीर्थंकर प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका आश्रय लेकर सन्निकर्ष जानना चाहिए।

८३ पञ्चेन्द्रिय जातिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तैजस शरीर, कार्मण

१. मूलप्रतौ बं० पंचिंदि० तेजा–इति पाठः।

त्थवि०-तस०४-अथिर-असुभ-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज-अजस०-णिमि० बं० । तं तु० । मणुसग०-देवग०-ओरालि०-वेउव्वि०-दोअंगोव०- -वज्जरि०--दोआणु०--तित्थय० सिया० । तं तु० । एवं पंचिंदिय[1]-भंगो तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थवि०-तस०४-अथिर-असुभ-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज-अजस०-णिमिण त्ति । आहार०-आहार०अंगो ओघं ।

८४. थिर० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमि० णि० बं० संखेज्जगुणहीणं बं० । मणुसगदि-देवगदि-ओरालि०-वेउव्वि०-दोअंगो०-वज्जरिस०-दोआणु० सिया० संखेज्ज-गुणहीणं बं०[2] । सुभ-जसगित्ति० सिया० । तं तु० । असुभ-अजस०-तित्थ० सिया०

शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। किन्तु वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। मनुष्यगति, देवगति, औदारिक शरीर, वैक्रियिक शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, दो आनुपूर्वी और तीर्थंकर इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय जातिके समान तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति और निर्माण इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका आश्रय लेकर सन्निकर्ष जानना चाहिए। आहारक शरीर और आहारक आङ्गोपाङ्गके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका आश्रय लेकर सन्निकर्ष ओघके समान है।

८४. स्थिर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यात गुणहीन स्थितिका बन्धक होता है। मनुष्यगति, देवगति, औदारिक शरीर, वैक्रियिक शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन और दो आनुपूर्वी इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यात गुणहीन स्थितिका बन्धक होता है। शुभ और यशःकीर्तिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थिति भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। अशुभ, अयशःकीर्ति और तीर्थंकर इनका

१. मूलप्रतौ पंचिंदिय तेजादि भंगो इति पाठः । २. मूलप्रतौ बं० सुभग-जसगित्ति इति पाठः ।

संखेज्जगुणहीणं बं० । एवं सुभ-जसगित्ति० ।

८५. मणपज्जव० छण्णं कम्माणं ओघं । कोधसंज० उक्क०ट्ठि० तिण्णिसंज०[1] पुरिस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं० णि० बं० । तं तु० । एवमेदाओ एक्कमेक्कस्स । तं तु० । हस्स० उक्क०ट्ठिदिबं० चदुसंज०-पुरिस०-भय-दुगुं० णि० बं संखेज्जगुण-हीणं० । रदि० णिय० बं० । तं तु० । एवं रदीए ।

८६. देवगदि० उक्क० ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-समचदु० वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-अथिर-असुभ-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज०-अजस०-णिमि० णि० बं० । एवमेदाओ एक्कमेक्कस्स । तं तु० ।

कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातगुणहीन स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार शुभ और यशःकीर्ति प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका आश्रय लेकर सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

८५. मनःपर्ययज्ञानी जीवोंमें छह कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका आश्रय लेकर सन्निकर्ष ओघके समान है । क्रोध संज्वलनकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तीन संज्वलन, पुरुषवेद, अरति, शोक, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है । किन्तु वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार इन सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका आश्रय लेकर सन्निकर्ष जानना चाहिए । किन्तु तब वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है । हास्यकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव चार संज्वलन, पुरुषवेद, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है । जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यात गुणहीन स्थितिका बन्धक होता है । रतिका नियमसे बन्धक होता है । किन्तु वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार रतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका आश्रय लेकर सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

८६. देवगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है । इसी प्रकार इनमेंसे प्रत्येकके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका आश्रय लेकर सन्निकर्ष जानना चाहिए । किन्तु तब वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । तीर्थंकर प्रकृतिको

१. मूलप्रतौ-संज० बं० पुरिस० इति पाठः ।

तित्थय० सिया० । तं तु० । आहार०-आहार०अंगो० ओघं ।

८७. थिरं० उक्क०ट्ठिदिबं० देवगदिअट्ठावीसं तिण्णियुगलं वज्ज० णिय० बं० संखेज्जदिगुणहीणं बं० । सुभ०-जस० सिया० । तं तु० । असुभ-अजस०-तित्थय० सिया० संखेज्जगुणहीणं० । एवं सुभ-जस० ।

८८. तित्थय० उक्क०ट्ठिदिबं० देवगदिअट्ठावीसं णिय० बं० । तं तु० । सामाइ०-छेदो०-परिहार० [मणपज्जवभंगो] ।

८९. सुहुमसं० आभिणिबो० उक्क०ट्ठिदिबं० चदुणा० णिय० बं० उक्कस्सा । एवमण्णमण्णस्स । एवं चदुदं०-पंचंत० । संजदासंजद० परिहारभंगो । असंजद-चक्खुदं०-अचक्खुदं० ओघं । ओधिदं० ओधिणाणिभंगो । किण्णाए णवुंसगभंगो ।

कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है । आहारक शरीर और आहारक आङ्गोपाङ्गके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके आश्रयसे सन्निकर्ष ओघके समान है ।

८७. स्थिर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तीन युगलोंको छोड़कर देवगति आदि अट्ठाईस प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है । जो अनुत्कृष्ट संख्यात गुणहीन स्थितिका बन्धक होता है । शुभ और यशःकीर्ति इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । अशुभ, अयशःकीर्ति और तीर्थंकर इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यात-गुणहीन स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार शुभ और यशःकीर्ति इनके उत्कृष्ट स्थिति-बन्धके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

८८. तीर्थंकर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव देवगति आदि अट्ठाईस प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है । जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । मनःपर्ययज्ञानी जीवोंके समान सामायिक संयत, छेदोपस्थापना संयत और परिहारविशुद्धि संयत जीवोंके जानना चाहिए ।

८९. सूक्ष्मसाम्परायिक संयत जीवोंमें आभिनिबोधिक ज्ञानावरणकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव चार ज्ञानावरणका नियमसे उत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धकी अपेक्षा परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए । इसी प्रकार चार दर्शनावरण और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका आश्रय लेकर परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए । संयतासंयतोंका भङ्ग परिहारविशुद्धि संयत जीवोंके समान है । असंयत, चक्षुदर्शनी और अचक्षुदर्शनी जीवोंका भङ्ग ओघके समान है । अवधिदर्शनी जीवोंका भङ्ग अवधिज्ञानी जीवोंके समान है । कृष्ण लेश्यामें नपुंसकवेदी जीवोंके समान भङ्ग है ।

९०. णील-काऊणं सत्तण्णं कम्माणं ओघं। णिरयगदि० उक्क० ट्ठिदि०बं० पंचिं-दिय-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-अगु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ० णिमि० णिय० बं०। णि० अणु० संखेज्जगुणहीणं०। वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-णिर-याणु० णिय० बं०। तं तु०। एवं वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-णिरयाणु०।

९१. तिरिक्खगदि० उक्क०ट्ठिदि०बं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०क०-हुंड०-ओरालि०अंगो०-असंपत्त०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-अप्पस०-तस०४-अथि-रादिछ०-णिमि० णि० बं०। तं तु०। उज्जो० सिया०। तं तु०। एवमेदाओ एक्क-मेक्कस्स। तं तु०। मणुसगदिदुग-पंचसंठा-पंचसंघ०-पसत्थ०-थिरादिछ० णिरयभंगो।

९०. नील और कापोत लेश्यामें सात कर्मोंका भङ्ग ओघके समान है। नरकगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातगुणहीन स्थितिका बन्धक होता है। वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और नरकगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्धक होता है। किन्तु वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और नरकगत्यानुपूर्वीके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका आश्रय लेकर सन्निकर्ष जानना चाहिए।

९१. तिर्यञ्चगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। किन्तु वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। उद्योतका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके आश्रयसे परस्पर सन्निकर्ष होता है। ऐसी अवस्थामें वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। मनुष्यगतिद्विक पाँच संस्थान, पाँच संहनन, प्रशस्त विहायोगति और स्थिर आदि छह इनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके आश्रयसे सन्निकर्ष सामान्य नारकियोंके समान है।

९२. देवगदि० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु-४-पसत्थवि०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमि० णि० बं०। णिय० अणु० संखेज्जगुणहीणं०। वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो० णि० बं० अणु० संखेज्जदिगुणहीणं०। देवाणु० णियू० बं०। तं तु०। थिराथिर-सुभासुभ-जस०-अजस० सिया० णि० बं०। णि० अणु० संखेज्जगुणहीणं०। एवं देवाणु०।

९३. एइंदि० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खगदि-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-दूभग-अणादे०-णिमि० णि० बं०। णि० अणु० संखेज्जगुणहीणं०। पर०-उस्सा-उज्जो०-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-थिराथिर-सुभासुभ-जस०-अजस०सिया बं०। यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जगुणहीणं। आदाव-सुहुमादि-तिण्णि० सिया०। तं तु०। थावर० णिय०। तं तु०। एवं थावर०।

९२. देवगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातगुणहीन स्थितिका बन्धक होता है। वैक्रियिक शरीर और वैक्रियिक आङ्गोपाङ्गका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यात गुणहीन स्थितिका बन्धक होता है। देवगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्धक होता है। किन्तु वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो अनुत्कृष्ट संख्यात गुणहीन स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार देवगत्यानुपूर्वीके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका आश्रय लेकर सन्निकर्ष जानना चाहिए।

९३. एकेन्द्रिय जातिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्ण चतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, दुर्भग, अनादेय और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातगुण हीन स्थितिका बन्धक होता है। परघात, उच्छ्वास, उद्योत, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक शरीर, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्ति इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातगुणहीन स्थितिका बन्धक होता है। आतप और सूक्ष्म आदि तीनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। स्थावर प्रकृतिका नियमसे बन्धक होता है। किन्तु वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार स्थावर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धकी अपेक्षा सन्निकर्ष जानना चाहिए।

९४. बीइंदि० उक्क०ट्ठिदि०बं० तिरिक्खगदि-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०-अंगो०-असंपत्त०-वण्ण०४-तिरिक्खा०-अगु०-उप०-तस-बादर-पत्ते०-दूभग--अणादे०-णिमि० णि० बं० संखेज्जगुणहीणं० । पर०-उस्सा०-उज्जो०-अप्पसत्थ०-पज्ज०-थिराथिर-सुभासुभ-दुस्सर-जस०-अजस० सिया० संखेज्जगुणहीणं० । अपज्ज० सिया० । तं तु० । एवं तीइंदि०-चदुरिं० ।

९५. आदाव० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खगदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-दूभग-अणादे०-णिमि० णि० अणु० संखेज्जगुणहीणं० । एइंदि०-थावर० णिय० । तं तु० । थिराथिर-सुभासुभ-जस०-अजस० सिया बं० । यदि बं० संखेज्जगुणहीणं० ।

९६. पर०- अपज्ज० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खग०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड-सं०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-अथिरादिपंच-णिमि० णिय० संखेज्जगुण-

९४. द्वीन्द्रिय जातिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, वर्ण चतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, त्रस, बादर, प्रत्येक, दुर्भग, अनादेय और और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे संख्यात गुण हीन स्थितिका बन्धक होता है। परघात, उच्छ्वास, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, पर्याप्त, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुःस्वर, यशःकीर्ति और अयशःकीर्ति इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे संख्यातगुण हीन स्थितिका बन्धक होता है। अपर्याप्तका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार त्रीन्द्रिय जाति और चतुरिन्द्रिय जातिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धकी अपेक्षा सन्निकर्ष जानना चाहिए।

९५. आतपकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, दुर्भग, अनादेय और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो अनुत्कृष्ट संख्यात गुणहीन स्थितिका बन्धक होता है। एकेन्द्रिय जाति और स्थावर इनका नियमसे बन्धक होता है। किन्तु वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्ति इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातगुणहीन स्थितिका बन्धक होता है।

९६. परघात और अपर्याप्त प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, अस्थिर आदि पांच और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो

ही० । चदुजादि-थावर-सुहुम-साधारण० सिया० । तं तु० । पंचिंदि०-ओरालि०अंगो-असंपत्त०-तस०-बादर-पत्ते० सिया० संखेज्जगुणहीणं० । मणुसगदि-मणुसाणु० सिया० संखेज्जगुणहीणं० ।

९७. तित्थय० णिरयगदिभंगो । णवरि णीलाए तित्थय० देवगदिसंजुत्तं भाणिदव्वं । णवरि थिराथिर-सुभासुभ-जस०-अजस० सिया० संखेज्जगुणहीणं । एवं धुविगाणं पि णिय० संखेज्जगुणहीणं० ।

९८. तेऊए सत्तण्णं कम्माणं ओघं । देवगदि० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-तेजा० क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमि० बं० संखेज्जगुणहीणं० । वेउव्वि०अंगो०-देवाणु० णि० बं० । तं तु० । थिराथिर-सुभासुभ-जस०-अजस० सिया० संखेज्जगुणहीणं० । एवं देवगदिभंगो वेउव्वि०-वेउव्वि०

अनुत्कृष्ट संख्यातगुणहीन स्थितिका बन्धक होता है। चार जाति, स्थावर, सूक्ष्म और साधारण इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, त्रस, बादर और प्रत्येक इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियम से अनुत्कृष्ट संख्यातगुणहीन स्थितिका बन्धक होता है। मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वीका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यात गुणहीन स्थितिका बन्धक होता है।

९७. तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग नरकगतिके समान है। इतनी विशेषता है कि नील लेश्यामें तीर्थङ्कर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका सन्निकर्ष कहते समय देवगतिके साथ कहना चाहिए। इतनी विशेषता है कि स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्तिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातगुण हीन स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका भी नियमसे संख्यातगुणहीन अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है।

९८. पीत लेश्यामें सात कर्मोंका भङ्ग ओघके समान है। देवगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातगुणहीन स्थितिका बन्धक होता है। वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और देवगत्यानुपूर्वी इनका नियमसे बन्धक होता है। किन्तु वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक सयय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्ति इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट संख्यातगुण हीन स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार देवगतिके समान वैक्रियिक

अंगो०-देवाणु० । आहार०-आहार०अंगो० ओघं । सेसं सोधम्मभंगो । एवं पम्माए वि । णवरि एइंदि०-आदाव-थावरं वज्ज० ।

९९. सुक्काए छण्णं कम्माणं ओघं । मोहणी० आणदभंगो । देवगदि० उक्क० द्विदिबं० पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमि० णि० बं० । णि० अणु० संखेज्जगुणहीणं० । वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-देवाणुपु० णि० बं० । तं तु० । थिराथिर-सुभासुभ-जस०-अजस० सिया० संखेज्जगुणहीणं० । एवं वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-देवाणुपु० । सेसाणं आणदभंगो । भवसिद्धिया० ओघं । अब्भवसिद्धिया० मदिभंगो । सम्मादिट्ठी० ओधिभंगो ।

१००. खइगस० सत्तण्णं कम्माणं ओधिभंगो । मणुसगदि० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरि०-वण्ण०४-

---

शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और देवगत्यानुपूर्वीके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका आश्रय लेकर सन्निकर्ष जानना चाहिए। आहारक शरीर और आहारक आङ्गोपाङ्गके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके आश्रयसे सन्निकर्ष ओघके समान है । तथा शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्टस्थितिबन्धके आश्रयसे सन्निकर्ष सौधर्म कल्पके समान है । इसी प्रकार पद्मलेश्यामें भी जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनके एकेन्द्रिय जाति, आतप और स्थावर इन तीन प्रकृतियोंको छोड़कर सन्निकर्ष कहना चाहिए ।

९९. शुक्ल लेश्यामें छह कर्मोंका भङ्ग ओघके समान है । मोहनीय कर्मका भङ्ग आनत कल्पके समान है । देवगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर समचतुरस्त्र संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर आदेय और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातगुण हीन स्थितिका बन्धक होता है । वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और देवगत्यानुपूर्वी इनका नियमसे बन्धक होता है । किन्तु वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्ति इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातगुण हीन स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और देवगत्यानुपूर्वीकी उत्कृष्ट स्थितिबन्धकी अपेक्षा सन्निकर्ष जानना चाहिए । तथा शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिबन्धकी अपेक्षा सन्निकर्ष आनत कल्पके समान है । भव्य जीवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धकी अपेक्षा सन्निकर्ष ओघके समान हैं । अभव्य जीवोंमें मत्यज्ञानियोंके समान है तथा सम्यग्दृष्टियोंमें अवधिज्ञानियोंके समान है ।

१००. क्षायिक सम्यग्दृष्टियोंमें सात कर्मोंका भङ्ग अवधिज्ञानियोंके समान है । मनुष्यगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्त्र संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, वर्ण चतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क,

मणुसाणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-अथिर-असुभ-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज-अजस०-णिमि० णिय० बं० । तं तु० । तित्थय० सिया० । तं तु० । एवं ओरालि०-ओरालि० अंगो०-वज्जरि०-मणुसाणु० ।

१०१. देवगदि० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-अथिर-असुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-अजस०-णिमि० णि० बं० । तं तु० । तित्थय० सिया० । तं तु० । वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-देवाणुपु० णि० बं० । तं तु० । एवं वेउव्वियदुग-देवाणुपु० ।

१०२. पंचिंदि० उक्क०ट्ठिदिबं० तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-अथिर-असुभ-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज-अजस०-णिमि० णि० बं० । तं तु० ।

अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभ नाराच संहनन और मनुष्यगत्यानुपूर्वीके उत्कृष्ट स्थितिबन्धकी अपेक्षा सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

१०१. देवगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है । किन्तु वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है । तीर्थंकर प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और देवगत्यानुपूर्वी इनका नियमसे बन्धक होता है । किन्तु वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार वैक्रियिक द्विक और देवगत्यानुपूर्वीके उत्कृष्ट स्थितिबन्धकी अपेक्षा सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

१०२. पञ्चेन्द्रिय जातिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति और निर्माण इनका नियमसे बन्धक

मणुसगदि-देवगदि-ओरालि०-वेउव्वि०-[दो]अंगो०-वज्जरि०-दोआणु० -तित्थय० सिया० । तं तु० । एवमेदे पंचिंदियभंगो ।

१०३. थिर० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमि० णिय० संखेज्जदिभागू० । दोगदि-दोसरीर-दोअंगो०-वज्जरि०-दोआणु०-असुभ-अजस०-तित्थय० सिया० संखेज्जदि-भागू० । सुभग-जसगि० सिया० । तं तु० । एवं थिरभंगो सुभ-जस० ।

१०४. वेदग०-उवसमस० ओधिभंगो । णवरि उवसम० तित्थय० उक्क०-ट्ठिदिबं० देवगदि-पंचिंदि०-वेउव्विय०-तेजा०-क०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-अथिर-असुभ-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज-अजस०-

होता है । किन्तु वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । मनुष्यगति, देवगति, औदारिक शरीर, वैक्रियिक शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, दो आनुपूर्वी तथा तीर्थंकर प्रकृतिका स्यात् बन्धक होता है और स्यात् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय जातिके समान इन सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धकी अपेक्षा सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

१०३. स्थिर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वर्ण चतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । दो गति, दो शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभ नाराच संहनन, दो आनुपूर्वी, अशुभ, अयशःकीर्ति और तीर्थङ्कर इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । सुभग और यशःकीर्तिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार स्थिर प्रकृतिके समान शुभ और यशःकीर्त्तिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धकी अपेक्षा सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

१०४. वेदक सम्यक्त्व और उपशम सम्यक्त्वमें अपनी सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धकी अपेक्षा सन्निकर्ष अवधिज्ञानी जीवोंके समान है । इतनी विशेषता है कि उपशम सम्यक्त्वमें तीर्थङ्कर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्ण चतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति और निर्माण इनका नियमसे बन्धक

णियमि० णि० बं० । णि० अणु० संखेज्जगुणही० ।

१०५. सासणे छण्णं कम्माणं ओघं । अणंताणुबंधिकोध० उक्क०ट्ठिदिबं० पण्णारसक०-इत्थि०-अरदि-सोग-भय-दुगुं० णि० बं० । णि० तं तु० । एवमेदाओ एक्कमेक्कस्स । तं तु० । पुरिस० उक्क०ट्ठिदिबं० सोलसक०-भय-दुगुं० णि० बं० संखेज्जदिभागू० । हस्स-रदि० सिया० । तं तु० । अरदि-सोग सिया० संखेज्जदि-भागू० । हस्स० उक्क०ट्ठिदिबं० सोलसक०-भय-दुगुं० णिय० बं० संखेज्जदिभागू० । इत्थि० सिया० संखेज्जदिभागू० । पुरिस० सिया० । तं तु० । रदि० णियमा० । तं तु० । एवं रदीए वि ।

होता है जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातगुणहीन स्थितिका बन्धक होता है।

८०५. क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियों, मनुष्यगति, देवगति, दो शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, वज्रऋषभनाराचसंहनन और दो आनुपूर्वीके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्व है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग अवधिज्ञानी जीवोंके समान है। उपशम सम्यग्दृष्टि जीवोंमें पाँच ज्ञानावरणके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर सात दिन रात है। इसी प्रकार सब प्रकृतियोंका जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि आहारक शरीर, आहारक आङ्गोपाङ्ग और तीर्थङ्कर प्रकृतिके भुजगार, अल्पतर, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्व है। शेष प्रकृतियोंके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका अन्तरकाल ओघके समान है।

८०६. सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। शेष प्रकृतियोंके

पंचिंदियभंगो। असण्णीसु वेउव्वियछ०-ओरालि० तिरिक्खोघं। सेसाणं ओघं। अणाहार० कम्मइगभंगो। एवं अंतरं समत्तं।

भावाणुगमो

८०७. भावाणुगमेण दुवि०-ओघे० आदे०। ओघे० पंचणा० चत्तारिपदा बंधगा त्ति को भावो? ओदइगो भावो। एवं सव्वपगदीणं सव्वत्थ णेदव्वं याव अणाहारग त्ति।

एवं भावं समत्तं

अप्पाबहुआणुगमो

८०८. अप्पाबहुगं दुवि०-ओघे० आदे०। ओघे० पंचणा०-णवदंसणा-मिच्छ०-सोलसक०-भय-दु०-ओरालि०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० सव्वत्थोवा अवत्तव्वबंधगा। अप्पद० अणंतगु०। भुजागारबंध० विसे०। अवट्ठि० असंखे०। दोवेदणी०-सत्तणोक०-दोगदि-पंचिंदि०-छस्संठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-दोआणु०-पर०-उस्सा०-उज्जो०-दोविहा०-तस-बादर-पज्जत्तापज्जत्त-पत्ते०-थिरादिछयुग०-दोगोद० सव्वत्थोवा अवत्त०। अप्पद० संखेज्ज०। भुज० विसे०। अवट्ठि० असंखेज्ज०। चदुआयु० सव्वत्थोवा अवत्त०। अप्पद० असंखे०। वेउव्वियछ० सव्व-

चार पदोंके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। इसी प्रकार सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंके जानना चाहिये। संज्ञियोंमें पञ्चेन्द्रियोंके समान भङ्ग है। असंज्ञियोंमें वैक्रियिक छह और औदारिक शरीरका भङ्ग सामन्य तिर्यञ्चोंके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। अनाहारकोंमें कार्मणकाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है।

इस प्रकार अन्तरकाल समाप्त हुआ।

भावानुगम

८०७. भावानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरणके चार पदोंके बन्धक जीवोंका कौनसा भाव है? औदयिक भाव है। इसी प्रकार सब प्रकृतियोंका सर्वत्र अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिये। इसप्रकार भावानुगम समाप्त हुआ।

अल्पबहुत्वानुगम

८०८. अल्पबहुत्व दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे अल्पतरपदके बन्धकजीव अनन्तगुणे हैं। इनसे भुजगार पदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। दो वेदनीय, सात नोकषाय, दो गति, पञ्चेन्द्रियजाति, छह संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, दो आनुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, उद्योत, दो विहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर आदि छह युगल और दो गोत्रके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे अल्पतर पदके बन्धक जीव संख्यात गुणे हैं। इनसे भुजगार पदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। चार आयुओंके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे अल्पतर

त्थोवा अवत्त० । भुज०-अप्पद० दो वि सरिसा संखेज्ज० । अवट्ठि० असंखे० । तिण्णि-जादी देवगदिभंगो । एइंदि०-आदाव-थावर-सुहुम-साधार० सव्वत्थो० अवत्त० । भुज० संखेज्ज० । अप्पद० विसे० । अवट्ठि० असंखेज्ज० । [आहार०-] आहार०अंगो० सव्वत्थो० अवत्त० । दोपदा० संखेज्ज० । अवट्ठि० संखेज्ज० । तित्थय० सव्वत्थो० अवत्त० । दोपदा असंखेज्ज० । अवट्ठि० असंखेज्ज० ।

८०९. णिरए धुविगाणं सव्वत्थोवा भुज०-अप्पद० । अवट्ठि० असंखे० । थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-तित्थय० सव्वत्थोवा अवत्त० । भुज०-अप्पद० असंखेज्ज० । अवट्ठि० असंखे० । सेसाणं सव्वत्थोवा अवत्त० । भुज०-अप्पद० संखेज्ज० । अवट्ठि० असंखेज्ज० । तिरिक्खायु० ओघं । मणुसायु० सव्वत्थो० अवत्त० । अप्पद० संखेज्ज० । एवं सत्तसु पुढवीसु । णवरि सत्तमाए दोगदी-दोआणु०-दोगोद० थीणगिद्धिभंगो ।

८१०. तिरिक्खेसु धुविगाणं सव्वत्थो० अप्पद० । भुज० विसे० । अवट्ठि० असंखेज्ज० । सेसाणं ओघं । पंचिंदियतिरिक्खेसु धुविगाणं णिरयभंगो । थीणगिद्धि०३-

पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। वैक्रियिक छहके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीव दोनों ही समान होकर संख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। तीन जातियोंका भङ्ग देवगतिके समान है। एकेन्द्रिय जाति, आतप, स्थावर, सूक्ष्म और साधारण प्रकृतिके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे भुजगार पदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे अल्पतर पदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। आहारकशरीर और आहारक आङ्गोपाङ्गके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे दो पदोंके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। तीर्थङ्कर प्रकृतिके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे दो पदोंके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं।

८०९. नारकियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार और तीर्थंकर प्रकृतिके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यात गुणे हैं। शेष प्रकृतियोंके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। तिर्यञ्चायुका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यायुके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे अल्पतर पदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इसी प्रकार सातों पृथिवियोंमें जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि सातवीं पृथिवीमें दो गति, दो आनुपूर्वी और दो गोत्रका भङ्ग स्त्यानगृद्धिके समान है।

८१०. तिर्यञ्चोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अल्पतर पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे भुजगार पदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यात गुणे हैं। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका

मिच्छ०-अट्ठक०-ओरालि० सव्वत्थो० अवत्त०। भुज०-अप्पद० असंखेज्ज०। अवट्ठि० असंखेज्ज०। सेसाणं सव्वत्थो० अवत्त०। दोपदा संखेज्जगु०। अवट्ठि० असंखेज्ज०। पंचिंदियतिरिक्खपज्ज०-पंचिंदियतिरिक्खजोणिणीसु धुविगाणं पंचिंदियतिरिक्खोघं। णवरि ओरालि० सादभंगो। सेसाणं पि सादभंगो। पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तगेसु धुविगाणं सेसाणं च णिरयोघं।

८११. मणुसेसु धुविगाणं ओरालि० सव्वत्थो० अवत्त०। भुज०-अप्पद० असंखेज्ज०। अवट्ठि० असंखेज्ज०। सेसाणं पंचिंदियतिरिक्खभंगो। वेउव्वियछ०-आहारदुग-तित्थय० संखेज्जगुणं कादव्वं। मणुसपज्जत्त-मणुसिणीसु तं चेव। णवरि संखेज्ज०। मणुसअपज्ज०-सव्वएइंदि०-सव्वविगलिंदि०-पंचकायाणं पंचिंदि०अपज्ज० तिरिक्खअपज्जत्तभंगो। देवाणं णिरयभंगो।

८१२. पंचिंदिएसु धुविगाणं ओरालि० सव्वत्थो० अवत्त०। भुज०-अप्प० दोपदा असंखे०। अवट्ठि० असंखे०। मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० ओघं। सेसं पंचिंदियतिरिक्खभंगो। पंचिंदियपज्जत्तगेसु ओरालि० सादभंगो। सेसं तं चेव।

भङ्ग नारकियोंके समान है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, आठ कषाय और औदारिक शरीरके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। शेष प्रकृतियोंके अवक्तव्य पदके बन्धक जीय सबसे स्तोक हैं। इनसे दो पदोंके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चपर्याप्त और पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिनी जीवोंमें ध्रुव बन्धवाली प्रकृतियोंका भङ्ग सामन्य पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है। इतनी विशेषता है कि औदारिक शरीरका भङ्ग साता वेदनीयके समान है। शेष प्रकृतियोंका भी भङ्ग साता वेदनीयके समान है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें ध्रुवबन्धवाली और शेष प्रकृतियोंका भङ्ग सामान्य नारकियोंके समान है।

८११. मनुष्योंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियों और औदारिक शरीरके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है। किन्तु वैक्रियिक छह, आहारकद्विक और तीर्थङ्करके पदोंको संख्यातगुणा करना चाहिये। मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यनियोंमें इसी प्रकारसे ही जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि यहाँ संख्यात गुणा कहना चाहिये। मनुष्य अपर्याप्तक, सब एकेन्द्रिय, सब विकलेन्द्रिय, पाँच स्थावरकाय और पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्तकोंका भङ्ग तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है। देवोंमें नारकियोंके समान भङ्ग है।

८१२. पञ्चेन्द्रियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकतियों और औदारिक शरीरके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे भुजगार और अल्पतर इन दो पदोंके बन्धक जीव असंख्यगुणे हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्र का भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है। पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तकोंमें औदारिक शरीरका भङ्ग साता वेदनीयके समान है। शेष भंग उसी प्रकार है।

८१३. तसेसु वेउव्वियछ०-आहारदुगं [मणुसभंगो ।] आदाव-थावर-सुहुम-साधार० देवगदिभंगो। सेसाणं ओघं। णवरि यम्हि अणंतगुणं तम्हि असंखेज्ज०। एवं पज्जत्त०। णवरि ओरालि० सादभंगो।

८१४. तसअपज्जत्त० धुविगाणं सव्वत्थो० भुज०। अप्प० विसे०। अवट्ठि० असंखेज्ज०। सादासादा०-पंचणोक०-तिरिक्खग०-पंचिंदि०-हुंडसं०-ओरालि०अंगो०-असंपत्त०-तिरिक्खाणु०-तस०-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-अथिरादिपंच-णीचा० सव्वत्थो० अवत्त०। अप्पद० संखेज्ज०। भुज० विसे०। अवट्ठि० असंखे०। मणुसगदि-मणुसाणु० ओघं। बीइंदि० सव्वत्थो० अवत्त०। भुज० संखेज्ज०। अप्पद० विसे०। अवट्ठि० असंखेज्ज०। सेसं तिरिक्खभंगो।

८१५. पंचमण०-तिण्णिवचि० पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छ०-सोलसक०-भय-दुगुं०-देवगदि-ओरालि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-वेउव्वि०अंगो० वण्ण०४-देवाणु०-अगु०-[उप०-] बादर-पज्जत्त-पत्तेय०-णिमि०-तित्थय०-पंचंत० सव्वत्थो० अवत्त०। भुज०-अप्पद० असंखेज्ज०। अवट्ठि० असंखेज्ज०। चदुआयु०-आहारदुगं ओघं। सेसाणं सव्वत्थो०

८१३. त्रसोंमें वैक्रियिक छह और आहारक द्विकका भङ्ग मनुष्योंके समान है। आतप, स्थावर, सूक्ष्म और साधारण प्रकृतिका भङ्ग देवगतिके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि जहाँ पर अनन्तगुणा कहा है वहाँ पर असंख्यातगुणा कहना चाहिये। इसी प्रकार पर्याप्त त्रसोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि औदारिक शरीरका भङ्ग सातावेदनीयके समान है।

८१४. त्रस अपर्याप्तकोंमें ध्रुव बन्धवाली प्रकृतियोंके भुजगार पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे अल्पतर पदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। सातावेदनीय, असातावेदनीय, पाँच नोकषाय, तिर्यञ्चगति, पञ्चन्द्रिय जाति, हुण्ड संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच और नीचगोत्रके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे अल्पतर पदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे भुजगार पदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। मनुष्य गति और मनुष्य गत्यानुपूर्वीका भङ्ग ओघके समान है। द्वीन्द्रिय जातिके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे भुजगार पदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे अल्पतर पदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग तिर्यञ्चोंके समान है।

८१५. पाँच मनोयोगी और तीन वचनयोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नव दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, देवगति, औदारिक शरीर, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपांग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, निर्माण, तीर्थंकर और पाँच अन्तरायके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। चार आयु और आहारकद्विकका भंग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थित

अवत्त० । भुज०-अप्पद० संखेज्ज० । अवट्ठि० असंखेज्ज० । दोवचि० तसपज्जत्तभंगो । णवरि भुजगार-अप्पदरं समं कादव्वं ।

८१६. कायजोगि० ओघं । ओरालिय० तिरिक्खोघं । णवरि भुज०-अप्पद० सरिसं० । णवरि तित्थय० मणुसिभंगो । ओरालियमि० धुविगाणं पंचिंदियतिरिक्खभंगो । एइंदि०-आदाव-थावर-सुहुम-साधार० सव्वत्थो० अवत्त० । भुज० संखेज्ज० । अप्पद० विसे० । अवट्ठि० असंखे० । मणुस०-मणुसाणु०-उच्चा० ओघं० । सेसाणं पंचिंदियतिरिक्खभंगो । णवरि देवगदि०४ सव्वत्थोवा भुज० । अप्पद०-अवट्ठि० संखेज्ज० । एवं तित्थय० । अवत्त० णत्थि ।

८१७. वेउव्वि०-वेउव्वियमिस्स० देवोघं । णवरि थीणगिद्धि०३-अणंताणुबंधि०४ अवत्त० णत्थि । आहार०-आहारमि० सव्वट्ठभंगो । कम्मइ० ओरालियमिस्सभंगो । णवरि अत्थदो विसेसो० ।

८१८. इत्थिवे० धुवि० तिरिक्खअपज्जत्तभंगो । पंचदंस०-मिच्छ०-बारसक०-भय-दुगुं०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि० सव्वत्थोवा अवत्त०-भुज० । अप्पद०

पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । दो वचनयोगी जीवोंका भंग त्रस पर्याप्तकोंके समान है । इतनी विशेषता है कि इनमें भुजगार और अल्पतरपदकी मुख्यतासे अल्पबहुत्व एक समान कहना चाहिए ।

८१६. काययोगी जीवोंमें अल्पबहुत्व ओघके समान है । औदारिक काययोगी जीवोंमें सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है । इतनी विशेषता है कि इनमें भुजगार और अल्पतर पदकी मुख्यतासे अल्पबहुत्व एक समान कहना चाहिए । उसमें भी इतनी विशेषता और है कि तीर्थंकर प्रकृतिका भंग मनुष्यिनियोंके समान है । औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका भंग पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है । एकेन्द्रिय जाति, आतप, स्थावर, सूक्ष्म और साधारण प्रकृतिके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं । इनसे भुजगार पदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । इनसे अल्पतर पदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं । इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका भंग ओघके समान है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है । इतनी विशेषता है कि देवगतिचतुष्कके भुजगार पदके बन्धक जीव सबके स्तोक हैं । इनसे अल्पतर और अवस्थित पदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । इसी प्रकार तीर्थंकर प्रकृतिकी अपेक्षा अल्पबहुत्व जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इसका अवक्तव्य पद नहीं है ।

८१७. वैक्रियिककाययोगी और वैक्रियिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें अल्पबहुत्व सामान्य देवोंके समान है । इतनी विशेषता है कि स्त्यानगृद्धि तीन और अनन्तानुबन्धी चारका अवक्तव्य पद नहीं है । आहारक काययोगी और आहारक मिश्रकाययोगी जीवोंमें सर्वार्थसिद्धिके देवोंके समान अल्पबहुत्व है । कार्मणकाययोगी जीवोंमें औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंके समान अल्पबहुत्व है । इतनी विशेषता है कि इस विषयमें वस्तुतः जो विशेषता हो वह जान लेनी चाहिये ।

८१८. स्त्रीवेदी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका भङ्ग तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है । पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरु-लघु, उपघात और निर्माणके अवक्तव्य और भुजगार पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं । इनसे अल्पतर पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे

असंखे० । अवट्ठि० असंखेज्ज० । आहारदुग-तित्थय० मणुसभंगो। सेसाणं पंचिंदियभंगो। एवं पुरिसवेदे वि । णवरि तित्थयरस्स ओघं ।

८१९. णवुंसगे धुविगाणं सव्वत्थो० अप्प० । भुज० विसे० । अवट्ठि० असंखे० । पंचदंस०-मिच्छ० बारसक०-भय-दुगुं०-ओरालि०-तेजा०-क०-वण्ण०४ अगु०-उप०-णिमि० सव्वत्थो० अवत्त० । अप्पद० अणंतगु० । भुज० विसे० । अवट्ठि० असंखेज्ज० । इत्थिवे०-पुरिस० णिरयभंगो। सेसाणं ओघं। अवगदवे० सव्वपगदीणं सव्वत्थो० अवत्त०। भुज० संखेज्ज० । अप्पद० संखेज्ज० । अवट्ठि० संखेज्ज० ।

८२०. कोधकसाए धुविगाणं णवुंसगभंगो। सेसाणं ओघं। एवं माण-माया-लोभाणं ।

८२१. मदि०-सुद० धुविगाणं तिरिक्खोघं। मिच्छ०-ओरालि० सव्वत्थो० अवत्त० । अप्पद० अणंतगु० । भुज० विसे० । अवट्ठि० असंखेज्ज० । सेसाणं ओघं । विभंगे धुविगाणं देवोघं । मिच्छ०-देवगदि०-ओरालि०-वेउव्वि०-वेउव्विअंगो०-देवाणु०-पर०-उस्सा०-बादर-पज्जत्त-पत्तेय० सव्वत्थो० अवत्त० । भुज०-अप्प० असंखेज्जगु० । [अवट्ठि०

हैं । आहारकद्विक और तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग मनुष्योंके समान है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रियोंके समान है । इसी प्रकार पुरुषवेदी जीवोंमें भी जानना चाहिये । इतनी विशेषता है कि इनमें तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है ।

८१९. नपुंसकवेदी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अल्पतर पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं । इनसे भुजगार पदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं । इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात और निर्माणके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं । इनसे अल्पतर पदके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं । इनसे भुजगार पदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं । इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । स्त्रीवेद और पुरुषवेदका भङ्ग नारकियोंके समान है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । अपगतवेदी जीवोंमें सब प्रकृतियोंके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं । इनसे भुजगार पदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । इनसे अल्पतर पदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं ।

८२०. क्रोध कषायवाले जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका भङ्ग नपुंसकोंके समान है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । इसी प्रकार मान, माया और लोभ कषायवाले जीवोंके जानना चाहिये ।

८२१. मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है । मिथ्यात्व और औदारिक शरीरके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं । इनसे अल्पतर पदके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं । इनसे भुजगार पदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं । इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । विभङ्गज्ञानी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है । मिथ्यात्व, देवगति, औदारिक शरीर, वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, देवगत्यानुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, बादर, पर्याप्त और प्रत्येकके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं । इनसे भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । शेष

असंखे०। सेसाणं पंचिंदियभंगो।

८२२. आभि०-सुद०-ओधि० पंचणा०-छदंसणा०-बारसक०-पुरिस०-भय०-दु०-दोगदि-पंचिंदि०-चत्तारिसरीर-समचदु०-दोअंगो० वज्जरि०-वण्ण०४-दोआणु०-अगु०४ पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमि०-तित्थय०-उच्चा० पंचंत० सव्वत्थो० अवत्त०। भुज०-अप्पद० असंखे०। अवट्ठि० असंखे०। सादादिबारस० मणुसभंगो। मणुसायु०-देवायुग-आहारदुगं ओघं।

८२३. मणपज्जव० सव्वकम्माणं सव्वत्थो० अवत्त०। दोपदा० संखेज्ज०। अवट्ठि० संखेज्ज०। दो आयु० मणुसि०भंगो। एवं संजद०।

८२४. सामाइ० छेदोव० धुविगाणं सव्वत्थो० भुज०-अप्पद०। अवट्ठि० संखेज्ज०। सेसाणं मणपज्जवभंगो। परिहार०[आहार-] कायजोगिभंगो। णवरि आहारदुगं अत्थि। सुहुमसंप० सव्वाणं सव्वत्थो० भुज०। अप्प० संखेज्ज०। अवट्ठि० संखेज्ज०। संजदासंजद० धुविगाणं सव्वत्थो भुज०-अप्पद०। अवट्ठि० असंखेज्ज०। सेसाणं ओधिभंगो। णवरि तित्थय० मणुसि०भंगो। असंजद० सव्वपगदीणं ओघं।

प्रकृतियोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रियोंके समान है।

८२२. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, और अवधिज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, बारह कषाय, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, दो गति, पञ्चेन्द्रिय जाति, चार शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, दो आङ्गोपाङ्ग, वज्रऋषभनाराचसंहनन, वर्णचतुष्क, दो आनुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थंकर, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। साता आदि बारह प्रकृतियोंका भङ्ग मनुष्योंके समान है। मनुष्यायु, देवायु और आहारकद्विकका भङ्ग ओघके समान है।

८२३. मनःपर्ययज्ञानी जीवोंमें सब कर्मोंके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे दो पदोंके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। दो आयुओंका भङ्ग मनुष्यनियोंके समान है। इसी प्रकार संयत जीवोंके जानना चाहिये।

८२४. सामायिकसंयत और छेदोपस्थापनासंयत जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग मनःपर्ययज्ञानी जीवोंके समान है। परिहारविशुद्धि संयत जीवोंका भङ्ग आहारक काययोगी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि इनमें आहारकद्विक है। सूक्ष्मसाम्परायिक संयत जीवोंमें सब प्रकृतियोंके भुजगार पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे अल्पतर पदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। संयतासंयत जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग अवधिज्ञानी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग मनुष्यिनियोंके समान है। असंयतोंमें सब प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है।

८२५. चक्खुदंस० तसपज्जत्तभंगो। अचक्खुदं० ओघं। ओधिदं० ओधिणाणिभंगो।

८२६. किण्ण णील-काऊसु तिरिक्खोघं। णवरि किण्ण-णीलासु तित्थय० मणुसिभंगो। काऊए णिरयभंगो।

८२७. तेऊए धुविगाणं सव्वत्थो० भुज०-अप्प०। अवट्ठि० असंखेज्ज०। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-बारसक०-देवगदि०४-ओरालि०-तित्थय० सव्वत्थो० अवत्त०। भुज०-अप्प० असंखे०। अवट्ठि० असंखे०। सेसाणं सव्वत्थोवा अवत्त०। भुज०-अप्प० संखेज्ज०। अवट्ठि० असंखेज्ज०। आहारदुगं ओघं। तिरिक्ख-देवायु० विभंगभंगो। मणुसायु० देवभंगो। एवं पम्माए वि। णवरि ओरालि०अंगो देवगदिभंगो।

८२८. सुक्काए पंचणा०-णवदंस०-मिच्छत्त०-सोलसक०-भय-दुगुं०-दोगदि-पंचिंदि०-चदुसरीर-दोअंगो०-वण्ण०४-दोआणु०-अगु०४-णिमि०-तित्थय०-पंचंत० सव्वत्थोवा अवत्त०। भुज०-अप्पद० असंखेज्ज०। अवट्ठि० असंखेज्ज०। सेसाणं पम्माए भंगो। दोआयु० मणु०सिभंगो।

८२५. चक्षुदर्शनवाले जीवोंमें त्रसपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है। अचक्षुःदर्शनवाले जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है। अवधिदर्शनवाले जीवोंमें अवधिज्ञानी जीवोंके समान भङ्ग है।

८२६. कृष्ण, नील और कापोत लेश्यावाले जीवोंमें सामान्य तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि कृष्ण और नील लेश्यावाले जीवोंमें तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग मनुष्यिनियोंके समान है। कापोत लेश्यावाले जीवोंमें तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग नारकियोंके समान है।

८२७. पीत लेश्यावाले जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, बारह कषाय, देवगति चतुष्क, औदारिक शरीर और तीर्थंकर प्रकृतिके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक है। इनसे भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। शेष प्रकृतियोंके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। आहारकद्विकका भङ्ग ओघके समान है। तिर्यञ्चायु और देवायुका भङ्ग विभङ्गज्ञानियोंके समान है। मनुष्यायुका भङ्ग देवोंके समान है। इसी प्रकार पद्मलेश्यावाले जीवोंमें भी जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि औदारिक आङ्गोपाङ्गका भङ्ग देवगतिके समान है।

८२८. शुक्ललेश्यावाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, दो गति, पञ्चेन्द्रिय जाति, चार शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, दो आनुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, निर्माण, तीर्थंकर और पाँच अन्तरायके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग पद्म लेश्याके समान है। दो आयुओंका भङ्ग मनुष्यिनियोंके समान है।

८२९. भवसि० ओघं। अब्भवसि० मदि०भंगो। णवरि मिच्छ० अवत्तव्वं णत्थि।

८३०. सम्माइ०-खइगस० ओधिभंगो। णवरि खइगे देवायु०मणुसि०भंगो। वेदगे धुविगाणं सव्वत्थो० भुज०-अप्पद०। अवट्ठि० असंखेज्ज०। सेसं ओधिभंगो। उवसम० ओधिभंगो। णवरि तित्थय० मणुसि०भंगो। सासणे धुविगाणं देवभंगो। सेसाणं साद-भंगो। णवरि ओरालि०-ओरालि०अंगो० सव्वत्थो० अवत्त०। भुज०-अप्पद० असंखेज्ज०। अवट्ठि० असंखेज्ज०। सम्मामि० सासण०भंगो। किंचि विसेसो। मिच्छादिट्ठि० मदि०भंगो।

८३१. सण्णि० मणजोगिभंगो। असण्णीसु ओरालि०-ओरालि०अंगो० ओघं। सेसं मदि०भंगो। आहार० ओघं। अणहार० कम्मइगभंगो।

एवं अप्पाबहुगं समत्तं।
एवं भुजगारबंधो समत्तो।

८२९. भव्य जीवोंके ओघके समान भङ्ग है। अभव्य जीवोंमें मत्यज्ञानियोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वका अवक्तव्य पद नहीं है।

८३०. सम्यग्दृष्टि और क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें अवधिज्ञानी जीवोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें देवायुका भङ्ग मनुष्यिनियोंके समान है। वेदक सम्यग्दृष्टि जीवोंमें भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग अवधिज्ञानी जीवोंके समान है। उपशम सम्यग्दृष्टि जीवोंमें अवधिज्ञानी जीवोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग मनुष्यिनियोंके समान है। सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका भङ्ग देवोंके समान है। शेष प्रकृतियोंका भंग साता वेदनीयके समान है। इतनी विशेषता है कि औदारिक शरीर और औदारिक आङ्गोपाङ्गके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंके समान भङ्ग है। किन्तु यहाँ कुछ विशेषता है। मिथ्यादृष्टि जीवोंमें मत्यज्ञानी जीवोंके समान भङ्ग है।

८३१. संज्ञी जीवोंमें मनोयोगी जीवोंके समान भङ्ग है। असंज्ञी जीवों में औदारिक शरीर और औदारिक आङ्गोपाङ्ग का भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग मत्यज्ञानी जीवोंके समान है। आहारक जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है। अनाहारक जीवोंमें कार्मणकाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है।

इस प्रकार अल्पबहुत्व समाप्त हुआ।
इस प्रकार भुजगारबन्ध समाप्त हुआ।

पदणिक्खेवो

८३२. पदणिक्खेवे तिण्णि अणियोगद्दाराणि । तत्थ इमाणि समुक्कित्तणा सामित्तं अप्पाबहुगे त्ति ।

समुक्कित्तणा

८३३. समुक्कित्तणाए दुविधं—जहण्णयं उक्कस्सयं च । उक्कस्सए पगदं । दुवि०—ओघे० आदे० । ओघे० सव्वाणं पगदीणं अत्थि उक्कस्सिया वड्ढी उक्कस्सिया हाणी उक्कस्सयमवट्ठाणं । एवं अणाहारग त्ति ।

८३४. जहण्णए पगदं । दुवि०-ओघे० आदे० । ओघे० सव्वाणं पगदीणं अत्थि जहण्णिया वड्ढी जहण्णिया हाणी जहण्णयमवट्ठाणं । एवं याव अणाहारग त्ति ।

एवं समुक्कित्तणा समत्ता।

सामित्तं

८३५. सामित्तं दुविधं—जहण्णयं उक्कस्सयं च । उक्कस्सए पगदं । दुवि०-ओघे० आदे० । ओघे० पंचणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-तिरिक्खगदि–एइंदि०–ओरालि०–तेजा०–क०–हुंडसं०–वण्ण०४-तिरिक्खाणु०–अगु०४-आदाउज्जो०-थावर-बादर पज्जत्त-पत्ते०-अथिरादिपंच०–णिमि०–णीचा०–पंचंत०उक०वड्ढी कस्स होदि? यो चदुट्ठाणिययवमज्झस्स उवरि अंतोकोडाकोडी ट्ठिदिबंधमाणो तप्पाओग्ग-उक्कस्ससंकिलेसेण उक्कस्सयं दाहं गदो तत्तो उक्कस्सयं ट्ठिदिबंधो तस्स उक्कस्सिया वड्ढी ।

पदनिक्षेप

८३२. पदनिक्षेपमें तीन अनुयोग द्वार हैं। जो ये हैं—समुत्कीर्तना, स्वामित्व और अल्पबहुत्व ।

समुत्कीर्तना

८३३. समुत्कीर्तना दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट वृद्धि, उत्कृष्ट हानि और उत्कृष्ट अवस्थान है । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिये ।

८३४. जघन्यका प्रकरण है । उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे सब प्रकृतियोंकी जघन्य वृद्धि, जघन्य हानि और जघन्य अवस्थान है । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

इस प्रकार समुत्कीर्तना समाप्त हुई ।

स्वामित्व

८३५. स्वामित्व दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, आतप, उद्योत, स्थावर, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो चतुःस्थानिक यवमध्यके ऊपर अन्तःकोडाकोडी स्थितिका बन्ध करनेवाला तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेशसे उत्कृष्ट दाहको प्राप्त

उक्कस्सिया हाणी कस्स० ? यो उक्कस्सयं ट्ठिदिबंधमाणो मदो एइंदिए जादो तप्पाओग्ग-जहण्णए पडिदो तस्स उक्कस्सिया हाणी। उक्कस्सयमवट्ठाणं कस्स० ? यो उक्कस्सयं ट्ठिदि-बंधमाणो सागारक्खयेण पडिभग्गो तप्पाओग्गजहण्णाए पडिदो तस्स उक्कस्सयमवट्ठाणं। सादावे०-हस्स-रदि-थिर-सुभ-जसगि एदाणं णाणावरणभंगो। णवरि तप्पाओग्गसंकिलिट्ठा त्ति भाणिदव्वं। इत्थि०-पुरिस०-मणुस० देवगदि-तिण्णिजादि ओरालियसरीरअंगोवंग-पंचसंठा०-पंचसंघ०-दोआणु०-पसत्थ०-सुहुम-[अ-] पज्जत्त-साधार०-सुभग-सुस्सर-आदे०-उच्चा० उक्कस्सिया वड्ढी कस्स० ? यो यवमज्झस्स उवरि अंतोकोडाकोडी ट्ठिदिबंधमाणो तप्पाओग्गसंकिलेसेण तप्पाओग्गउक्कस्सदाहं गदो तप्पाओग्गउक्कस्सट्ठिदिबंधो तस्स उक्कस्सिया वड्ढी। उक्कस्सिया हाणी कस्स० ? यो उक्कस्सट्ठिदिबंधमाणो सागारक्खएण पडिभग्गो तप्पाओग्गजहण्णए पडिदो तस्स उक्कस्सिया हाणी। तस्सेव से काले उक्कस्सयमवट्ठाणं। णिरयगदि-पंचिंदि०-वेउव्वि०-वेउव्विअंगो०-असंपत्त०-णिरयाणु०-अप्पसत्थ०-तस-दुस्सर० उक्कस्सिया वड्ढी कस्स० ? यो चदुट्ठाणिययवमज्झस्स उवरि अंतोकोडाकोडी ट्ठिदिबंधमाणो उक्कस्सयं दाहं गदो तदो उक्कस्सयं ट्ठिदिबंधो तस्स उक्क० वड्ढी। उक्क० हाणी० कस्स होदि ? यो उक्कस्सयं ट्ठिदिबंधमाणो सागारक्खयेण पडिभग्गो तप्पाओग्ग-जहण्णए पडिदो तस्स उक्कस्सिया हाणी। तस्सेव से काले उक्कस्सयमवट्ठाणं। आहार०

होकर उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करता है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है? जो उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला मरकर एकेन्द्रियोंमें उत्पन्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिका बन्ध करने लगता है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी कौन है? जो उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिका बन्ध करता है वह उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है। सातावेदनीय, हास्य, रति, स्थिर, शुभ और यशःकीर्ति इनका ज्ञानावरणके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि यहाँ तत्प्रायोग्य संक्लिष्ट जीव स्वामी होता है ऐसा कहना चाहिए। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, मनुष्यगति, देवगति, तीन जाति, औदारिक शरीर आङ्गोपाङ्ग, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, दो आनुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारण, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्रकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है? जो यवमध्यके ऊपर अन्तःकोडाकोडी स्थितिका बन्ध करनेवाला तत्प्रायोग्य संक्लेशके कारण तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट दाहको प्राप्त होकर तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करता है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है? जो उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिका बन्ध करता है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। तथा वही तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है। नरकगति, पञ्चेन्द्रियजाति, वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, नरकगत्यानुपूर्वी, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस और दुःस्वरकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है। जो चतुःस्थानिक यवमध्यके ऊपर अन्तःकोडाकोडी स्थितिका बन्ध करनेवाला उत्कृष्ट दाहको प्राप्त होकर उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करता है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है? जो उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिका बन्ध करता है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। तथा वही तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है। आहारक

आहार०अंगो०-तित्थय० उक्क० वड्ढी कस्स० ? यो तप्पाओग्गजहण्णयं ट्ठिदिं बंधमाणो तप्पाओग्गजहण्णियादो संकिलेसादो तप्पाओग्गउक्कस्सयं संकिलेसं गदो तप्पाओग्गउक्क० ट्ठिदि० तस्स उक्कस्सिया वड्ढी । उक्क० हाणी कस्स० ? यो तप्पओग्गउक्कस्सयं ट्ठिदिबंध-माणो सागारक्खयेण पडिभग्गो तप्पाओग्गजहण्णए पडिदो तस्स उक्कस्सिया हाणी । तस्सेव से काले उक्कस्सयमवट्ठाणं । एवं ओघभंगो कायजोगि-कोधादि०४-मदि०-सुद०-असंज०-अचक्खुदं०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छादि०-आहारग त्ति ।

८३६. णिरएसु पंचणाणावरणादीणं उक्कस्सयं संकिलिट्ठाणं ओघं णिरयगदिणाम-भंगो । सादादीणं तप्पाओग्गसंकिलिट्ठाणं ओघं इत्थिवेदभंगो । तित्थय० ओघभंगो । एवं सव्वणिरयाणं । णवरि सत्तमाए मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० तित्थयरभंगो ।

८३७. तिरिक्खेसु णिरयोघभंगो । मणुस०३-पंचिंदि०२-तस०२-पंचमण०-पंच-वचि०-ओरालि०-इत्थि०-पुरिस०-णवुंस०-विभंग०-चक्खुदं०-पम्मले०-सण्णि त्ति एदाणं उक्कस्ससंकिलिट्ठाणं ओघं णिरयगदिभंगो । तप्पाओग्गसंकिलिट्ठाणं ओघं इत्थि०भंगो ।

८३८. सव्वअपज्जत्त० पंचणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-तिरिक्खग०-एइंदि०-ओरालि०-तेजा० क०-हुंडसं०-वण्ण०४ - तिरि-क्खाणु०-अगु०-उप०-थावरादि०४-अथिरादिपंच-णिमि०-णीचा०-पंचंत० उक्क० वड्ढी०

शरीर, आहारक आङ्गोपाङ्ग और तीर्थंकर प्रकृतिकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाला तत्प्रायोग्य जघन्य संक्लेशसे तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करता है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है । उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? जो तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिका बन्ध करता है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है । तथा वही तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है । इसी प्रकार ओघके समान काययोगी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुदर्शनी, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि और आहारक जीवोंके जानना चाहिए ।

८३६. नारकियोंमें पाँच ज्ञानावरण आदि उत्कृष्ट संक्लेशसे बँधनेवाली प्रकृतियोंका भङ्ग ओघमें कही गयी नरकगति नामकर्मकी प्रकृतिके समान है । तत्प्रायोग्य संक्लेशसे बँधनेवाली साताआदि प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके अनुसार कहे गये स्त्रीवेदके समान है । तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है । इसी प्रकार सब नारकियोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि सातवीं पृथिवीमें मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका भङ्ग तीर्थङ्कर प्रकृतिके समान है ।

८३७. तिर्यञ्चोंमें सामान्य नारकियोंके समान भङ्ग है । मनुष्यत्रिक, पञ्चेन्द्रियद्विक, त्रसद्विक, पाँच मनोयोगी, पाँच वचनयोगी, औदारिक काययोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, नपुंसकवेदी, विभङ्गज्ञानी, चक्षुदर्शनी, पद्मलेश्यावाले और संज्ञी इनमें उत्कृष्ट संक्लेशसे बँधनेवाली प्रकृतियोंका भङ्ग ओघमें कही गई नरकगतिके समान है । तत्प्रयोग्य संक्लेशसे बँधनेवाली प्रकृतियोंका भङ्ग ओघमें कहे गये स्त्रीवेदके समान है ।

८३८. सब अपर्याप्त जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असाता वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात,

कस्स० ? यो जहण्णगादो संकिलेसादो उक्कस्सयं संकिलेसं गदो उक्कस्सयं ट्ठिदिं पि बंधो तस्स उक्क० वड्ढी । उक्क० हाणी कस्स होदि ? यो उक्कस्सयं ट्ठिदिबं० सागारक्खएणं० पडिभग्गो तप्पाओग्गजहण्णए पदिदो तस्स उक्कस्सिया हाणी। तस्सेव से काले उक्कस्सय-मवट्ठाणं । सेसाणं सादादीणं तं चेव । णवरि तप्पाओग्ग त्ति भाणिदव्वं । एवं आणदादि याव सव्वट्ठा त्ति सव्वएइंदि०-विगलिंदि०[1] पंचकायाणं च । देवा याव सहस्सार त्ति णिरयभंगो । ओरालिय०-वेउव्वियमि०-आहारमि० अपज्जत्तभंगो। वेउव्विय०-आहारका० देवभंगो । कम्मइगा० ओरालियमिस्सभंगो । णवरि अवट्ठाणं बादरएइंदियस्स कादव्वं ।

८३९. अवगदवे० पंचणा०-चदुदंसणा०-सादा०-चदुसंज०-जसगि०-उच्चा०-पंचंत० उक्क० वड्ढी कस्स० ? अण्णद० उवसामगस्स अणियट्टीबादरसांपराइगस्स दुचरिमादो ट्ठिदिबंधादो चरिमे ट्ठिदिबंधे वट्टमाणगस्स तस्स उक्क० वड्ढी । उक्क० हाणी कस्स० ? अण्णदरस्स खवगस्स अणियट्टि० पढमादो ट्ठिदिबंधादो विदिए ट्ठिदिबंधे वट्टमाण० तस्स० उक्क० हाणी । तस्सेव से काले उक्क० अवट्ठाणं ।

८४०. आभि०–सुद०–ओधि० पंचणा०–छदंसणा०-असादा० बारसक०-पुरिस०–अरदि-सोग-भय-दुगुं०–दोगदि-पंचिंदि०–चदुसरी०–समचदु०–[दो] अंगो०-वज्जरिस०

स्थावर आदि चार, अस्थिर आदि पाँच, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो जघन्य संक्लेशसे उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करता है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है । उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? जो उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्य बन्ध कर रहा है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है । तथा वह तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है । शेष सातादि प्रकृतियोंका यही भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि तत्प्रायोग्यके कहना चाहिए । इसी प्रकार आनत कल्पसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंके तथा सब एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय और पाँच स्थावरकायिक जीवोंके कहना चाहिए । सामान्य देव और सहस्रार कल्पतकके देवोंमें नारकियोंके समान भङ्ग है । औदारिक मिश्रकाययोगी, वैक्रियिकमिश्रकाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें अपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है । वैक्रियिक काययोगी और आहारक काययोगी जीवोंमें देवोंके समान भङ्ग है । कार्मणकाय-योगी जीवोंमें औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि अवस्थान बादर एकेन्द्रियके करना चाहिए ।

८३९. अपगतवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, सातावेदनीय, चार संज्वलन, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर उपशामक अनिवृत्तिबादरसाम्परायिक जीव द्विचरम स्थितिबन्धसे अन्तिम स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है । उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर क्षपक अनिवृत्तिकरण जीव प्रथम स्थितिबन्धसे द्वितीय स्थितिबन्धमें विद्यमान है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है । तथा वही तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है ।

८४०. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, असाता वेदनीय, बारह कषाय, पुरुषवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, दो गति, पञ्चे-

१ मूलप्रतौ-लिंदि० पंचिंदि-तसपज्जत्त पंच–इति पाठः ।

वण्ण०४–दोआणु०–अगु०४–पसत्थवि०–तस०४–अथिर–असुभ–सुभग–सुस्सर–आदे०–अजं०–णिमि०–उच्चा०–पंचंत० उक्क० वड्ढी कस्स० ? यो जहण्णयं ट्ठिदिबंधमाणो तप्पाओग्गजहण्णगादो संकिलेसादो उक्कस्सयं संकिलेसं गदो उक्कस्सयं ट्ठिदिबंधो तस्स मिच्छत्ताभिमुहस्स चरिमे उक्कस्सए ट्ठिदिबंधे वट्टमाण० तस्स उक्क० वड्ढी । उक्क० हाणी कस्स० ? उक्कस्सयं ट्ठिदिबंधमाणो सागारक्खयेण पडिभग्गो तप्पाओग्ग० जह० ट्ठिदी० तस्स उक्क० हाणी । वड्ढीए चेव उक्कस्सयं अवट्ठाणं । सादावे०-हस्स-रदि-आहारदुग-थिर-सुभ०-जसगि० आहार०भंगो । एवं मणपज्जव-संजद-सामाइयच्छेदो०-परिहार०-संजदासंज०–ओधिदं०-सम्मादि०-खइग०-वेदग०-उवसम०-सम्मामिच्छा० । णवरि खइगे उक्कस्सयं संकिलेसं कादव्वं । सुहुमसंप० अवगद०भंगो । [किण्ण० णील काउ० णिरयभंगो । तेउए सोधम्मभंगो । सुक्काए] णवगेवज्जभंगो । सासणे णेरइगभंगो । असण्णि० तिरिक्खोघं । अणाहार० कम्मइगभंगो ।

एवं उक्कस्ससामित्तं समत्तं

८४१. जहण्णए पगदं । दुवि०-ओघे० आदे० । ओघे० पंचणा०-णवदंसणा०–मिच्छ०–सोलसक०-भय-दुगुं०-तिरिक्खदुग-पंचिंदि०–ओरालि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-दो-अंगो०–वण्ण०४-अगु०४-उज्जोव–तस०४-णिमि०–णीचा०–पंचंत० जह० कस्स० ?

न्द्रिय जाति, चार शरीर, समचतुरस्र संस्थान, दो आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, वर्णचतुष्क, दो आनुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तत्प्रायोग्य जघन्य संक्लेशसे उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है और जो मिथ्यात्वके अभिमुख होकर अन्तिम उत्कृष्ट स्थितिबन्धमें विद्यमान है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है । उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? जो उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिका बन्ध करता है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है । और वृद्धिके होनेपर ही उत्कृष्ट अवस्थान होता है । सातावेदनीय, हास्य, रति, आहारकद्विक, स्थिर, शुभ और यशःकीर्तिका भङ्ग आहारककाययोगी जीवोंके समान है । इसी प्रकार मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिक संयत, छेदोपस्थापना संयत, परिहारविशुद्धि संयत, संयतासंयत, अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिक सम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि, उपशम सम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंके जानना चाहिये । इतनी विशेषता है कि क्षायिक सम्यक्त्वमें उत्कृष्ट संक्लेश करना चाहिये । सूक्ष्मसाम्परायिकसंयत जीवोंमें अपगतवेदी जीवोंके समान भङ्ग है । कृष्ण, नील और कापोतलेश्यावाले जीवोंमें नारकियोंके समान भङ्ग है । पीतलेश्यावाले जीवोंमें सौधर्म कल्पके समान भङ्ग है । शुक्ललेश्यावाले जीवोंमें नौग्रैवेयकके समान भङ्ग है । सासादन सम्यग्दृष्टि जीवोंमें नारकियोंके समान भङ्ग है । असंज्ञी जीवोंमें सामान्य तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है । अनाहारक जीवोंमें कार्मणकाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है ।

इस प्रकार उत्कृष्ट स्वामित्व समाप्त हुआ ।

८४१. जघन्यका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चद्विक, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरु-

अण्ण० जो समयूणं उक्कस्सट्ठिदिं बंधमाणो पुण्णाए ट्ठिदिबंधगद्धाए उक्कस्सए संकिलेसं गदो तदो उक्कस्सयं ट्ठिदिं पबद्धो तस्स जह० वड्ढी। जहण्णिया हाणी कस्स० ? यो समजुत्तरं सव्वजह० ट्ठिदि० पुण्णाए ट्ठिदिबंधगद्धाए उक्कस्सयं विसोधिं गदो तदो दाह० ट्ठिदि० तस्स जहण्णिया हाणी। एक्कदरत्थमवट्ठाणं। सादावे० पुरिस०-हस्स-रदि-दोगदि-समचदु०-वज्जरिस०-दोआणु०-पसत्थ०-थिरादिछ०-उच्चा० जह० वड्ढी कस्स ? यो समयूणं तप्पाओग्गउक्कस्सयं ट्ठिदिं बंध० तप्पाओग्गउक्क० संकिले० तदो उक्क० ट्ठिदिबंध० तस्स जहण्णिया वड्ढी। जह० हाणी कस्स० ? यो समजुत्तरं तप्पाओग्गजह० माणो उक्कस्सं विसोधिं गदो तदो सव्व जह० तस्स जह० हाणी। एक्कदरत्थमवट्ठाणं। असादा०-णवुंस०-अरदि-सोग-णिरयगदि-एइंदि०-हुंड०-असंपत्त०-णिरयाणु०-अप्पसत्थवि०-आदाव-थावर-अथिरादिछ० जह० वड्ढी कस्स० ? यो समयूणं उक्कस्सयं ट्ठिदि बंध० पुण्णाए ट्ठिदि बंध० उक्कस्सियं संकिलेसं गदो तदो उक्क० ट्ठिदि० तस्स जह० वड्ढी। जह० हाणी० कस्स० ? यो तप्पाओग्गजह० समजुत्तरं ट्ठिदि० तप्पाओग्ग विसोधिं गदो तदो जह० ट्ठिदि० तस्स जह० हाणी। एगदरत्थमवट्ठाणं। इत्थिवे०-तिण्णिजादि-चदुसंठा०-चदुसंघ०-सुहुम-अपज्ज०-साधार० जह० वड्ढी कस्स ? यो समयूणं तप्पाओग्गउक्क० ट्ठिदि०माणो पुण्णाए ट्ठिदिबंधगद्धाए तप्पाओग्गउक्क०

लघुचतुष्क, उद्योत, त्रस चतुष्क, निर्माण, नीचगोत्र, और पाँच अन्तरायकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? अन्यतर जो एक समय कम उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव उत्कृष्ट स्थितिबन्ध कालके पूर्ण हो जानेपर उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है ? जो एक समय अधिक सबसे जघन्य स्थितिबन्ध करनेवाला स्थितिबन्धके कालके पूर्ण होनेपर उत्कृष्ट विशुद्धिको प्राप्त होकर जघन्य स्थितिबन्ध करता है वह जघन्य हानिका स्वामी है। तथा इनमेंसे किसी एकके जघन्य अवस्थान होता है। सातावेदनीय, पुरुषवेद, हास्य, रति, दो गति, समचतुरस्र संस्थान, वज्रर्षभनाराच संहनन, दो आनुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, स्थिर आदि छह और उच्चगोत्रकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो एक समय कम तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करनेवाला जीव तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है ? जो एक समय अधिक तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिबन्ध करनेवाला जीव उत्कृष्ट विशुद्धिको प्राप्त होकर सबसे जघन्य स्थितिबन्ध करता है वह जघन्य हानिका स्वामी है। तथा इनमेंसे किसी एकके जघन्य अवस्थान होता है। असातावेदनीय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, नरकगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, नरकगत्यानुपूर्वी, अप्रशस्तविहायोगति, आतप, स्थावर और अस्थिर आदि छहकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो एक समय कम उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव स्थितिबन्ध कालके पूर्ण हो जानेपर उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है। जो एक समय अधिक तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिबन्ध करनेवाला जीव तत्प्रायोग्य विशुद्धिको प्राप्त होकर जघन्य स्थितिबन्ध करता है वह जघन्य हानिका स्वामी है। तथा इनमेंसे किसी एकके जघन्य अवस्थान होता है। स्त्रीवेद, तीन जाति, चार संस्थान, चार संहनन, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो एक समय कम तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करनेवाला जीव स्थितिबन्ध

ट्ठिदि० तस्स जह० वड्ढी। जह० हाणी कस्स० ? समजुत्तरं तप्पाओग्गज० ट्ठिदि० पुण्णाए ट्ठिदिबं० तप्पाओग्गउक्क० विसोधिं गदो तप्पाओग्गजह० ट्ठिदि० तस्स जह० हाणी। एक्कदरत्थमवट्ठाणं। आहार०-आहार०अंगो०-तित्थय० जह० वड्ढी कस्स० ? यो समजुत्तरं तप्पाओग्गउक्क० ट्ठिदो० पुण्णाए ट्ठिदिबं० तप्पाओ० उक्कस्ससंकिले० तदो तप्पाओ० उक्क० ट्ठिदि० तस्स जह० वड्ढी। जह० हाणी कस्स० ? यो समजुत्तरं सव्व जह० ट्ठिदि० पुण्णाए ट्ठिदिबंधगद्धाए उक्कस्सिया विसोधिं गदो तदो सव्व जह० बंधो तस्स जह० हाणी। एक्कदरत्थमवट्ठाणं। एवं ओघभंगो पंचिंदिय-तस०२-पंचमण०-पंचवचि०-कायजोगि-कोधादि०४-मदि०-सुद०-असंज०-चक्खुदं०-अचक्खुदं०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छा०-सण्णि-आहारग त्ति।

८४२. णेरइएसु पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छ०-सोलसक०-भय-दुगुं०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०अंगो०-वण्ण०४-अगु०४-तस०४-णिमि०-पंचंत० जह० वड्ढी हाणी-अवट्ठाणं ओघं णाणावरणीयभंगो। साद०-पुरिस०-हस्स रदि मणुसग०-समचदु०-वज्जरिस०-मणुसाणु०-पसत्थ०-थिरादिछ०-उच्चा० जह० वड्ढि-हाणि-अवट्ठाणं ओघं। असादा०-णवुंस०-अरदि-सोग-तिरिक्खग०-हुंड०-असंपत्त०-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-अप्प-

कालके पूर्ण हो जानेपर तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है ? जो एक समय अधिक तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिबन्ध करनेवाला जीव स्थितिबन्ध कालके पूर्ण हो जानेपर तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट विशुद्धिको प्राप्त होकर तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिबन्ध करता है वह जघन्य हानिका स्वामी है। तथा इनमेंसे किसी एकके जघन्य अवस्थान होता है। आहारक शरीर, आहारक आङ्गोपाङ्ग और तीर्थंकर प्रकृतिकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो एक समय अधिक तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करनेवाला जीव स्थितिबन्ध कालके पूर्ण हो जानेपर तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है ? जो एक समय अधिक सबसे अधिक जघन्य स्थितिबन्ध करनेवाला जीव स्थितिबन्ध कालके पूर्ण हो जानेपर उत्कृष्ट विशुद्धिको प्राप्त होकर जघन्य स्थितिबन्ध करता है वह जघन्य हानिका स्वामी है। तथा इनमेंसे किसी एकके जघन्य अवस्थान होता है। इसी प्रकार ओघके समान पञ्चेन्द्रिय, त्रसद्विक, पाँच मनोयोगी, पाँच वचनयोगी, काययोगी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, संज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चाहिये।

८४२. नारकियोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, त्रस चतुष्क, निर्माण और पाँच अन्तरायकी जघन्य वृद्धि, जघन्य हानि और जघन्य अवस्थानका स्वामी ओघमें कहे गये ज्ञानावरणीयके समान है। सातावेदनीय, पुरुषवेद, हास्य, रति, मनुष्यगति, समचतुरस्र संस्थान, वज्रर्षभनाराचसंहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, स्थिर आदि छह और उच्चगोत्रकी जघन्य वृद्धि, जघन्य हानि और जघन्य अवस्थानका स्वामी ओघके समान है। असाता वेदनीय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, तिर्यञ्चगति, हुण्डसंस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, अस्थिर आदि छह और

सत्थ०-अथिरादिछ०-णीचा० ओघं असादभंगो। इत्थिवे०-चदुसंठा०-चदुसंघ० ओघं इत्थिभंगो। तित्थय० ओघं। एवं सव्वणिरयाणं। णवरि सत्तमाए मणुस०-मणुसाणु०-उच्चा० तित्थय०भंगो।

८४३. तिरिक्खेसु ओघेण साधेदव्वं। पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्त० पंचणा०-णवदंसणा०-सोलसक०-मिच्छ०-भय-दुगुं०-ओरालि०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत०जहण्णि० तिण्णि वि ओघभंगो। साद०-पुरिस०-हस्स-रदि-मणुसगदि-पंचिंदि०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिस०-मणुसाणु०-पर०-उस्सा-०पसत्थ०-तस०४-थिरादिछ०-उच्चा० ओघं आहारसरीरभंगो। असादा०-णवुंस०-अरदि-सोग-तिरिक्खगदि-एइंदि०-हुंडसं०-तिरिक्खाणु०-थावरादि०४-अथिरादिछ०-णीचा० ओघं असादभंगो। इत्थिवे०-तिण्णिजादि-चदुसंठा०-चदुसंघ०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-दुस्सर० ओघं इत्थिभंगो। एवं सव्वअपज्जत्तगाणं आणद याव उवरिमाणं देवाणं। हेट्ठाणं णिरयभंगो।

८४४. मणुस०३ तिरिक्खभंगो। एइंदिय-पंचकायाणं विगलिंदियाणं च अपज्जत्तभंगो। ओरालियका०-ओरालियमि० तिरिक्खोघं। वेउव्विय०-वेउव्वियमि० देवोघं। णवरि मिस्से आणदभंगो। आहार०-आहारमिस्स० णिरयभंगो। कम्मइग० अवट्ठाणं

नीचगोत्रका भङ्ग ओघमें कहे गये असातावेदनीयके समान है। स्त्रीवेद, चार संस्थान और चार संहननका भङ्ग ओघके अनुसार कहे गये स्त्रीवेदके समान है। तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार सब नारकियोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि सातवीं पृथिवीमें मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका भंग तीर्थङ्कर प्रकृतिके समान है।

८४३. तिर्यञ्चोंमें ओघके अनुसार साध लेना चाहिए। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सोलह कषाय, मिथ्यात्व, भय, जुगुप्सा, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायके जघन्य तीनों ही ओघके समान हैं। सातावेदनीय, पुरुषवेद, हास्य, रति, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रियजाति, समचतुरस्र संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह और उच्चगोत्रका भङ्ग ओघमें कहे गये आहारक शरीरके समान है। असातावेदनीय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, स्थावर आदि चार, अस्थिर आदि छह और नीचगोत्रका भङ्ग ओघमें कहे गये असातावेदनीयके समान है। स्त्रीवेद, तीन जाति, चार संस्थान, चार संहनन, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति और दुःस्वरका भङ्ग ओघमें कहे गये स्त्रीवेदके समान है। इसी प्रकार सब अपर्याप्तकोंके तथा आनत कल्पसे लेकर उपरिम ग्रैवेयक तकके देवोंके जानना चाहिए। नीचेके देवोंके नारकियोंके समान भङ्ग है।

८४४. मनुष्यत्रिकमें तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है। एकेन्द्रिय, पाँच स्थावरकायिक और विकलेन्द्रियोंमें अपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है। औदारिक काययोगी और औदारिक मिश्रकाययोगी जीवोंमें समान्य तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है। वैक्रियक काययोगी और वैक्रियिक मिश्रकाययोगी जीवोंमें सामान्य देवोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि वैक्रियिक मिश्रकाययोगी जीवोंमें आनत कल्पके समान भङ्ग है। आहारक काययोगी और आहारक मिश्रकाययोगी जीवोंमें नारकियोंके

एइंदियभंगो । सेसाणि णत्थि ।

८४५. इत्थि०-पुरिस० पंचिंदियतिरिक्खभंगो । णवुंसगे तिरिक्खोघं । अवगदवे० सव्वकम्माणं जह० वड्ढी कस्स० ? अण्णदरस्स उवसमग० परिवद० पढमट्ठिदिबंधादो विदिए ट्ठिदिबंधे वट्टमा० तस्स जहण्णिया वड्ढी । जह० हाणी कस्स० ? अण्णद० खवग० सुहुमसंप० दुचरिमादो ट्ठिदिबंधादो चरिमे ट्ठिदिबंधे वट्टमा० तस्स जह० हाणी । तस्सेव से काले जह० अवट्ठाणं । चदुसंज० अवट्ठिदस्स कादव्वं । एवं सुहुमसंप० । [विभंगे णिरयभंगो]

८४६. आभि०-सुद०-ओधि० मणपज्ज०-संजद-सामाइ०-छेदो०-परिहार-संजदासंजद-ओधिदंस०-सम्मादि०-खइग०-वेदगस०-उवसम०-सासण०-सम्मामि० णाणावरणादि-सादासाद-आहारदुग-तित्थय० एदे अप्पप्पणो ट्ठिदिबंधेण ओघेण साधेदव्वं । किण्ण-णील-काउ० णिरयोघं । तेउ० सोधम्मभंगो । पम्माए सहस्सारभंगो । सुक्काए णवगेवज्जभंगो । असण्णि० तिरिक्खोघं । अणाहार० कम्मइगभंगो ।

एवं जहण्णसामित्तं समत्तं ।

८४७. एत्तो जहण्णुक्कस्ससामित्तसाधणट्ठं जहण्णुक्कस्समद्धच्छेदादो उक्कस्ससंकिलिट्ठं तप्पाओग्गसंकिलिट्ठं उक्कस्सविसोधि-तप्पाओग्गविसोधीहि जहण्णुक्कस्स-

समान भङ्ग है । कार्मण काययोगी जीवोंमें अवस्थानका भङ्ग एकेन्द्रियोंके समान है । शेष पद नहीं हैं ।

८४५. स्त्रीवेदी और पुरुषवेदी जीवोंमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है । नपुंसकवेदी जीवोंमें समान्य तिर्यञ्चोंके समान भंग है । अपगतवेदी जीवोंमें सब कर्मोंकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो गिरनेवाला अन्यतर उपशामक प्रथम स्थितिबन्धसे आकर द्वितीय स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है । जघन्य हानिका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर क्षपक सूक्ष्म-साम्परायिक जीव द्विचरम स्थितिबन्धसे अन्तिम स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह जघन्य हानिका स्वामी है । तथा वही तदनन्तर समयमें जघन्य अवस्थानका स्वामी है । चार संज्वलनका भंग अवस्थितके करना चाहिए । इसी प्रकार सूक्ष्म साम्परायिक संयत जीवोंके जानना चाहिए । विभंगज्ञानी जीवोंमें नारकियोंके समान भंग है ।

८४६. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धिसंयत, संयतासंयत, अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि, उपशमसम्यग्दृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें ज्ञानावरणादि, सातावेदनीय, असातावेदनीय, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर इन प्रकृतियोंकी जघन्य वृद्धिबन्ध आदिका स्वामित्व अपने अपने स्थितिबन्धको ध्यानमें रखकर ओघके अनुसार साध लेना चाहिए । कृष्ण, नील और कापोतलेश्यावाले जीवोंमें सामान्य नारकियोंके समान भङ्ग है । पीतलेश्यावाले जीवोंमें सौधर्म कल्पके समान भङ्ग है । पद्मलेश्यावाले जीवोंमें सहस्रार कल्पके समान भङ्ग है । शुक्ललेश्यावाले जीवोंमें नौग्रैवेयकके देवोंके समान भङ्ग है । असंज्ञी जीवोंमें सामान्य तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है । अनाहारक जीवोंमें कार्मणकाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है ।

इस प्रकार जघन्य स्वामित्व समाप्त हुआ ।

८४७. इसके आगे जघन्योत्कृष्ट स्वामित्वकी सिद्धि करनेके लिए जघन्य उत्कृष्ट अद्धाच्छेदके अनुसार उत्कृष्ट संक्लिष्ट, तत्प्रायोग्य संक्लिष्ट, उत्कृष्ट विशुद्धि और तत्प्रायोग्य विशुद्धिको जहाँ जो

सव्वत्थोवा उक्कस्सिया हाणी अवट्ठाणं च दो वि तुल्ला । उ० वड्ढी संखेज्जगु० । सादादीणं एसिं सत्थाणं उक्कस्सियं तेसिं सव्वत्थोवा उक्क० वड्ढी । उक्क० हाणी अवट्ठाणं च दो वि तुल्ला विसे० । सेसाणं णिरयादि याव असण्णि त्ति सव्वत्थोवा उक्क० वड्ढी । उक्क० हाणी अवट्ठाणं च दो वि तुल्ला विसे० । णवरि कम्मइग-अणाहारगेसु सव्वत्थोवा उक्क० अवट्ठाणं । वड्ढी संखेज्जगु० । उ० हाणी विसेसाहिया ।

एवं उक्कस्सयं समत्तं

८५०. जहण्णए पगदं । दुवि०-ओघे० आदे० । ओघे० सव्वकम्माणं जह० वड्ढि-हाणि-अवट्ठाणं च तिण्णि वि तुल्ला । एवं णेरइगादि याव अणाहारग त्ति णेदव्वं । णवरि अवगदवे० सव्वत्थोवा जह० हाणी अवट्ठाणं च दो वि तुल्ला । जह० वड्ढी संखेज्जगु० । एवं सुहुमसंप० ।

एवं अप्पाबहुगं समत्तं ।

पदणिक्खेवे त्ति समत्तं ।

वड्ढिबंधो

८५१. वड्ढिबंधे त्ति तत्थ इमाणि तेरसेव अणियोगद्दाराणि । तं यथा—समुक्कित्तणा याव अप्पाबहुगे त्ति ।

वेदकसम्यग्दृष्टि, उपशमसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें उत्कृष्ट हानि और उत्कृष्ट अवस्थान दोनों ही तुल्य होकर सबसे स्तोक हैं । इनसे उत्कृष्ट वृद्धि संख्यातगुणी है । सातादिमेंसे जिनका स्वस्थान उत्कृष्ट होता है उनकी उत्कृष्ट वृद्धि सबसे स्तोक है । इससे उत्कृष्ट हानि और उत्कृष्ट अवस्थान दोनों ही तुल्य होकर विशेष अधिक हैं । शेष नारकियोंसे लेकर असंज्ञी तककी मार्गणाओंमें उत्कृष्ट वृद्धि सबसे स्तोक है । इससे उत्कृष्ट हानि और उत्कृष्ट अवस्थान दोनों ही तुल्य होकर विशेष अधिक हैं । इतनी विशेषता है कि कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें उत्कृष्ट अवस्थान सबसे स्तोक है । इससे उत्कृष्ट वृद्धि संख्यातगुणी है । इससे उत्कृष्ट हानि विशेष अधिक है ।

इस प्रकार उत्कृष्ट अल्पबहुत्व समाप्त हुआ ।

८५०. जघन्यका प्रकरण है । उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकार है—ओघ और आदेश । ओघसे सब कर्मोंकी जघन्य वृद्धि, जघन्य हानि और जघन्य अवस्थान तीनों ही तुल्य हैं । इसी प्रकार नारकियोंसे लेकर अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि अपगतवेदी जीवोंमें जघन्य हानि और जघन्य अवस्थान दोनों ही तुल्य हो कर सबसे स्तोक हैं । इनसे जघन्य वृद्धि संख्यातगुणी है । इसी प्रकार सूक्ष्मसाम्परायिक जीवोंके जानना चाहिए ।

इस प्रकार अल्पबहुत्व समाप्त हुआ ।

इस प्रकार पदनिक्षेप समाप्त हुआ ।

वृद्धिबन्ध

८५१. अब वृद्धिबन्धका प्रकरण है । वहाँ ये तेरह अनुयोगद्वार हैं । यथा—समुत्कीर्तनासे लेकर अल्पबहुत्व तक ।

समुक्कित्तणा

६४०. एइंदिय-वणप्फदि-णियोद पुढवीकाइय-आउ०-तेउ०-वाउ०-सव्वसुहुमाणं मणुसायु० तिरिक्खोघं। सेसाणं सव्वपगदीणं सव्वलो०। बादरएइंदियपज्जत्त-अपज्ज०-धुविगाणं सादादीण दस० च सव्वपदा सव्वलो०। इत्थिवे०-पुरिस०-चदुजादि-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-आदाव-दोविहा०-तस-सुभग दोसर-आदेज्ज० सव्वपदा लोगस्स संखेज्जदिभागो। णवुंस०-एइंदि०-हुंडसं० परघा०-उस्सा०-थावर-सुहुम-पज्जत्त अपज्ज०-पत्तेय०-साधार०-दूभग० अणादे० एक्कवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० सव्वलो०। अवत्त० लो० असंखे०। दोआयु०-मणुसगदिदुग-उच्चा० सव्वपदा खेत्त०। तिरिक्खगदितिगं अवत्त० लोग० असंखे०। सेसपदा असादभंगो। बादर-उज्जो०-जसगि० सव्वपदा सत्तचोद्द०। णवरि बादर-अवत्त० खेत्त०। अजस० अवत्त० सत्तचोद्द०। सेसपदा सव्वलो०। एवं

तिर्यञ्चायु, मनुष्यायु, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रियजाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर, आदेय, तीर्थंकर और उच्चगोत्रके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियोंके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और कुछ कम नौबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार सब देवोंके अपना अपना स्पर्शन जानना चाहिये।

६४०. एकेन्द्रिय, वनस्पतिकायिक, निगोद, पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक और सब सूक्ष्म जीवोंमें मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। शेष सब प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। बादर एकेन्द्रिय पर्याप्त और बादर एकेन्द्रिय अपर्याप्त जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियाँ और साता आदि दस प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, चार जाति, पाँच संस्थान, औदारिकआङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, आतप, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर, और आदेयके सब पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके संख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नपुंसकवेद, एकेन्द्रियजाति, हुण्ड-संस्थान, परघात, उच्छ्वास, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, दुर्भग और अनादेयकी एक वृद्धि, एक हानि और अवस्थितपदके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयु मनुष्यगतिद्विक और उच्चगोत्रके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। तिर्यञ्चगतित्रिकके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंका भङ्ग असातावेदनीयके समान है। बादर, उद्योत और यशःकीर्तिके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम सातबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि बादरके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अयशःकीर्तिके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम सातबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार बादर-

[1] मूलप्रतौ मणुसायु० आदाव-इति पाठः।

बादरबाउका० बादरवाउकाइयअपज्जत्त। बादरपुढवी०-आउका०-तेउका० तेसिं बादर-अपज्जत्त बादरवणप्फदिपत्तेय०अपज्जत्त बादरएइंदियभंगो। णवरि जम्हि लोगस्स संखेज्जदिभागो तम्हि लोगस्स असंखेज्जदिभागो कादव्वो।

९४१. पंचिंदिय-तस०२ पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पंचंतराइगाणं तिण्णिवड्डि-हाणि० अट्ठचोद्द० सव्वलो०। असंखेज्जगुणवड्डि-हाणि-अवत्त० खेत्तभंगो। थीणगिद्धि०३ मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-णवुंस०-तिरिक्खग०-एइंदि० हुंडसं०-तिरिक्खाणु०-थावर-दूभग-अणादे०-णीचा० तिण्णिवड्डि हाणि-अवट्ठि० अट्ठचोद्द० सव्वलो०। अवत्त० अट्ठ-चोद्द०। णवरि मिच्छ० अवत्त० अट्ठ-बारहचोद्दस०। णिद्दा-पचला-भय-दुगुं०-तेजइगा-दिणव-परघादुस्सा०-पज्जत्त-पत्ते० अवत्त० खेत्तभंगो। तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० अट्ठचोद्द० सव्वलो०। सादावे० तिण्णिवड्डि हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० अट्ठचोद्द० सव्वलो०। असंखे-ज्जगुणवड्डि-हाणी खेत्त०। असादादिदस० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० अट्ठचोद्द० सव्वलो०। णवरि अजसगि० अवत्त० अट्ठ-तेरह चोद्दस०। अपचक्खाणा०४ सव्वपदा णाणावरणभंगो। णवरि अवत्त० छचोद्द०। इत्थि०-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-

वायुकायिक और बादरवायुकायिक अपर्याप्त जीवोंके जानना चाहिये। बादर पृथिवीकायिक, बादर जलकायिक और बादर अग्निकायिक तथा उनके बादर अपर्याप्त और बादरवनस्पतिकायिक प्रत्येक अपर्याप्त जीवोंका भङ्ग बादर एकेन्द्रियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि जहाँ लोकका संख्यातवाँ भाग कहा है वहाँ लोकका असंख्यातवाँ भाग करना चाहिये।

९४१. पञ्चेन्द्रियद्विक और त्रसद्विक जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि और तीन हानि पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। असंख्यात गुणवृद्धि, असंख्यात गुणहानि और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, नपुंसकवेद तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, स्थावर, दुर्भग, अनादेय और नीच गोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और कुछ कम बारहबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। निद्रा, प्रचला, भय, जुगुप्सा, तैजस शरीर आदि नौ, परघात, उच्छ्वास, पर्याप्त और प्रत्येकके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है। तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। साता-वेदनीयकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। असंख्यात गुणवृद्धि और असंख्यात गुणहानिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। असातावेदनीय आदि दसकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि अयशःकीर्तिके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और कुछ कम तेरहबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अप्रत्याख्यानावरण चारके सब पदोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। इतनी विशेषता

छस्संघ०-दोविहा०-पंचिंदि०-तस-सुभग-दोसर-आदे० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० अट्ठ-बारह०। अवत्त० अट्ठ-चोद्दह०। पुरिसे तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवत्त० इत्थिभंगो। असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणी० णाणावरणभंगो। णिरय-देवायुग-तिण्णिजादि-आहारदुगं खेत्त०। तिरिक्ख-मणुसायु० दोपदा अट्ठचोद्द०। वेउव्वियछ०-तित्थय० ओघं। मणुसगदि-मणुसाणु०-आदाव० सव्वपदा अट्ठचोद्द०। उज्जो० सव्वपदा अट्ठ-तेरह०। एवं बादर०। णवरि अवत्त० खेत्त०। सुहुम-अपज्जत्त-साधारण० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० लो० असंखे० सव्वलो०। अवत्त० खेत्त०। जसगि० असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणी० खेत्त०। सेसपदा अट्ठ-तेरहचो०। [उच्चा० असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणी खेत्त०। सेसपदा अट्ठचो०।] एवं पंचिंदियभंगो पंचमण०-पंचवचि०-चक्खुदं०-सण्णि त्ति।

६४२. ओरालियकायजोगीसु पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पंचंत० असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० सव्वलो०। दोवड्ढि-हा० लोगस्स असंखे० सव्वलो०। असंखेज्जगुणवड्ढि-

---

है कि अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पाँच संस्थान, औदारिक आंगोपाङ्ग, छह संहनन, दो विहायोगति, पञ्चेन्द्रियजाति, त्रस, सुभग, दो स्वर और आदेयकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और कुछ कम बारह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पुरुषवेदकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका भङ्ग स्त्रीवेदके समान है। असंख्यात गुणवृद्धि और असंख्यात गुणहानिका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। नरकायु, देवायु, तीन जाति और आहारकद्विकका भङ्ग क्षेत्रके समान है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके दो पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। वैक्रियिक छह और तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और आतपके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योतके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार बादर प्रकृतिकी अपेक्षा स्पर्शन जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। यशःकीर्तिकी असंख्यात गुणवृद्धि और असंख्यात गुणहानिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और कुछ कम तेरहबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उच्चगोत्रकी असंख्यात गुणवृद्धि और असंख्यात गुणहानिका भङ्ग क्षेत्रके समान है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रियोंके समान पाँच मनोयोगी, पाँच वचनयोगी, चक्षुःदर्शनी और संज्ञी जीवोंके जानना चाहिये।

६४२. औदारिककाययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यात भागहानि और अवस्थित पदके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो वृद्धि और दो हानियोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्या-

हाणि-अवत्त० खेत्त० । पंचदंसणा०-बारसक०-भय-दुगुं०-ओरालि०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप० णिमि० अवत्त० खेत्तभंगो। सेसपदा० णाणावरणभंगो। मिच्छ० अवत्त० सत्तचोद्द० । सेसपदा० णाणावरणभंगो। सादावे० असंखेज्जभागवड्डि०-हाणि०-अवट्ठि०-अवत्त० सव्वलो० । सेसपदा० णाणावरणभंगो। असादादिएक्कारस० सादभंगो। इत्थिवे० दोवड्डि-हाणी दिवड्डचोद्द० । सेसाणं णाणावरणभंगो। पुरिस० दोवड्डि-हाणी छचोद्द० । सेसपदा सादभंगो। णवुंस०-तिरिक्खग०-एइंदि०-हुंडसं०-तिरिक्खाणु० परघादुस्सा०-थावर-सुहुम-पज्जत्त-अपज्जत्त-पत्तेय०-साधार०-दूभग-अणादे०-णीचा० सव्वपदा असादभंगो। चादुआयु०-वेउव्वियछ०-मणुसगदिदुग-चदुजादि-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-आदाउज्जो० दोविहा०-तस-बादर-सुभग-दोसर-आदे०-उच्चा० तिरिक्खोघं। आहारदुग० तित्थय० खेत्त० ।

६४३. ओरालियमिस्से धुविगाणं दोवड्डि-हा० लोग० असंखेज्ज० सव्वलोगो वा। सेसपदा सव्वलोगो। णवरि मिच्छ० अवत्त० खेत्तभंगो। देवगदिपंचगस्स तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० खेत्त० । सादादिएक्कारसपगदीणं असंखेज्जभागवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त०

तवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यात गुणहानि और अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। पाँच दर्शनावरण, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात और निर्माणके अवक्तव्यके बन्धक जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। मिथ्यात्वके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम सातबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। साता-वेदनीयकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यात भागहानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। असाता आदि ग्यारह प्रकृतियोंका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। स्त्रीवेदकी दो वृद्धि और दो हानियोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम डेढ़बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। पुरुषवेदकी दो वृद्धि और दो हानियोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम छहबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। नपुंसक वेद, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, दुर्भग, अनादेय और नीचगोत्रके सब पदोंके बन्धक जीवोंका भङ्ग आसातावेदनीयके समान है। चार आयु, वैक्रियिक छह, मनुष्यगतिद्विक, चार जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रस, बादर, सुभग, दो स्वर, आदेय और उच्चगोत्रके सब पदोंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिके सब पदोंके बन्धक जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है।

६४३. औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली और औदारिक शरीरकी दो वृद्धि और दो हानिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है। देवगति पञ्चककी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है। साता आदि ग्यारह

सव्वलो० । दोवड्ढि-हाणी लोगस्स असंखेज्जदिभागो सव्वलो० । णवुंस०-तिरिक्खग०-एइंदि०-हुंडसं०-तिरिक्खाणु०-पर०-उस्सा०-थावर-सुहुम-पज्जत्त-अपज्जत्त-पत्तेय०-साधार०-दूभग०-अणादे०-णीचा० एक्कवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० सव्वलो० । दोवड्ढि-हाणी लो० असंखे० सव्वलो० । अवत्त० खेत्त० । दोआयु० तिरिक्खोघं । इत्थि०-पुरिस०-मणुसगदिदुग-चदुजादि-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-आदाव-दोविहा०-तस-सुभग-दोसर-आदेज्ज-उच्चा० दोवड्ढि-हाणि० लोग० असंखे० । सेसं सव्वलो० । उज्जो०-जसगि०-बादर० दोवड्ढि-हाणि० सत्तचोद्द० । सेसाणं सव्वलो० ।

९४४. वेउव्वियकायजोगीसु धुविगाणं तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० अट्ठ-तेरह० । सादादिबारस०-उज्जोव० सव्वपदा अट्ठ-तेरहचो० । थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-णवुंस०-तिरिक्खग०-हुंडसं०-तिरिक्खाणु०-दूभग-अणादे०-णीचा० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० अट्ठ-तेरह० । अवत्त० अट्ठचोद्द० । णवरि मिच्छ० अवत्त० अट्ठ-बारह० । इत्थि०-

प्रकृतियोंकी असंख्यातभाग वृद्धि, असंख्यात भागहानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो वृद्धि और दो हानिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, परघात, उछ्वास, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, दुर्भग, अनादेय और नीचगोत्रकी एक वृद्धि, एक हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो वृद्धि और दो हानिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है। दो आयुका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, मनुष्यगतिद्विक, चार जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, आतप, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर, आदेय और उच्चगोत्रकी दो वृद्धि और दो हानिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योत, यशःकीर्ति और बादरकी दो वृद्धि और दो हानिके बन्धक जीवोंने कुछ कम सातबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

९४४. वैक्रियिककाययोगी जीवोंमें ध्रुव बन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। साता आदि बारह और उद्योतके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और कुछ कम तेरहबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, दुर्भग, अनादेय और नीचगोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और कुछ कम तेरहबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और कुछ कम बारहबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, पञ्चेन्द्रिय जाति,

पुरिस०-पंचिंदि०-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-दोविहा०-तस०-सुभग-दोसर-आदेज्ज० तिण्णिवड्ढि हाणि-अवट्ठि० अट्ठ-बारह० । अवत्त० अट्ठचो० । दोआयु० दोपदा अट्ठचोद्द० । मणुसग०-मणुसाणु०-आदा०-उच्चागो० सव्वपदा अट्ठचोद्द० । एइंदि०-थावर-अवत्त० अट्ठचोद्द० । सेसाणं पदा अट्ठ-णवचो० । तित्थय० अवत्त० खेत्त० । सेसपदा अट्ठचोद्द० ।

९४५. वेउव्विमि०-आहार०-आहारमि०-कम्मइ०-अवगदवे०-मणपज्जव०-संजद-सामाइ०-छेदो०-परिहार०-सुहुमसंप० खेत्त० । णवरि कम्मइ० मिच्छत्त० अवत्त० एक्कारह० ।

९४६. इत्थिवे० पंचणा-चदुदंसणा०-चदुसंज०-पंचंत० पंचिंदियभंगो। णवरि अवत्त० णत्थि । थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-णवुंस०-तिरिक्खग०-एइंदि०-हुंडसं०-तिरिक्खाणु०-थावर-दूभग-अणादे०-णीचा० अवत्त० अट्ठचोद्द० । सेसपदा अट्ठचोद्द० सव्वलो० । णवरि मिच्छत्त० अवत्त० अट्ठ-णवचो० । णिद्दा-पचला-अट्ठकसाय-भय०-

पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर और आदेयकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और कुछ कम बारहबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयुओंके दो पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप और उच्चगोत्रके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। एकेन्द्रिय जाति और स्थावरके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और कुछ कम नौ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तीर्थङ्कर प्रकृतिके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

९४५. वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, आहारककाययोगी, आहारकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, अपगतवेदी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धिसंयत और सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है। इतनी विशेषता है कि कार्मणकाययोगी जीवोंमें मिथ्यात्वके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम ग्यारहबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

९४६. स्त्रीवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायका भङ्ग पञ्चेन्द्रियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि यहाँ इनका अवक्तव्य पद नहीं है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, हुण्ड संस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, स्थावर, दुर्भग, अनादेय और नीचगोत्रके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और कुछ कम नौबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। निद्रा, प्रचला, आठ कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक शरीर, तैजस-

दुगुं०-ओरालि०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०४-पज्जत्त-पत्तय०-णिमि० अवत्त० खेत्त०। सेसपदा णाणावरणभंगो। णवरि ओरालिय० अवत्त० दिवड्ढचोद्द०। सादावे० असंखेज्जगुणवड्ढि-हा० खेत्त०। सेसं अट्ठचो० सव्वलो०। असादादिणव० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० अट्ठचोद्द० सव्वलो०। इत्थि०-पुरिस०-मणुसगदि-पंचसंठा०-ओरालि०-अंगो०-छस्संघ०-मणुसाणु०-आदाव-पसत्थवि०-सुभग-सुस्सर-आदे०-उच्चागो० सव्वपदा अट्ठचो०। [णवरि उच्चा असंखे०गुणवड्ढि-हाणि०खेत्त०।]दोआयुग०-तिण्णिजादि-आहारदुग-तित्थय० खेत्त०। दोआयु० दोपदा अट्ठचो०। वेउव्वियछ० ओघं। पंचिंदि०-तस-अप्पसत्थवि०-दुस्सर० तसभंगो। उज्जोव० सव्वपदा अट्ठ-णवचो०। बादर० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० अट्ठ-तेरह०। अवत्त० खेत्त०। सुहुम-अपज्ज०-साधार० अवत्त० खेत्तं०। सेसपदा लो० असंखे० [सव्वलोग०।] जसगि० उज्जोवभंगो। णवरि असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणी सादभंगो। अजस० अवत्त० अट्ठ-णवचो०। सेसपदा सादभंगो। [एवं पुरिस०।]

शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, पर्याप्त, प्रत्येक और निर्माणके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। इतनी विशेषता है कि औदारिकशरीरके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम डेढ़-बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीयकी असंख्यातगुण वृद्धि और असंख्यात-गुणहानिके बन्धक जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। असाता आदि नौ प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, मनुष्यगति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप, प्रशस्तविहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्रके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि उच्चगोत्रकी असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यातगुणहानिका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। दो आयु, तीन जाति, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग क्षेत्रके समान है। दो आयुयोंके दो पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। वैक्रियिक छहका भङ्ग ओघके समान है। पञ्चेन्द्रिय जाति, त्रस, अप्रशस्त विहायोगति और दुस्वरका भङ्ग त्रस जीवोंके समान है। उद्योतके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और कुछ कम नौबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। बादर प्रकृतिकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और कुछ कम तेरहबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है। सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। यशःकीर्तिका भङ्ग उद्योतके समान है। इतनी विशेषता है कि असंख्यातगुण-वृद्धि और असंख्यातगुणहानिका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। अयशःकीर्तिके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और कुछ कम नौबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। इसी प्रकार पुरुषवेदी जीवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि अप्रत्याख्यानावरण चार और औदारिक शरीरके अवक्तव्य पदके बन्धक

णवरि अपच्चक्खाणा०४-ओरालि० अवत्त० छचोद्द०। तित्थय० ओघं।

६४७. णवुंस० पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पंचंत० असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० सव्वलो०। दोवड्ढि-हाणी लो० असंखे० सव्वलो०। असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणी खेत्त०। अवत्त० णत्थि। पंचदंस०-मिच्छ०-बारसक०-भय०-दुगुं०-ओरालि०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि० अवत्त० खेत्त०। सेसपदा णाणावरणभंगो। णवरि मिच्छ० अवत्त० बारहचो०। ओरालि० अवत्त० छचोद्द०। सादावे० अवत्त० सव्वलो०। सेसपदा णाणावरणभंगो। असादादिदस० एक्कवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० सव्वलो०। बेवड्ढि-हाणि लोगस्स असंखे० सव्वलोगो वा। णवुंस०-तिरिक्खग०-एइंदि०-हुंडसं०-तिरिक्खाणु०-पर०-उस्सा०-थावर-सुहुम-पज्जत्तापज्जत्त-पत्तेय०-साधार०-दुभग-अणादे०-णीचा० दोवड्ढि-हाणी लोग० असं० सव्वलो०। सेसपदा सव्वलोगो। इत्थिवे० दोवड्ढि-हाणि० लोग० असं० सव्वलो०। सेसपदा सव्वलो०। चदुसंठा०-ओरालिअंगो०-छस्संघ० दोवड्ढि-हाणि० लोग० असं० छचोद्द०। सेसपदा सव्वलोगो०। पुरिस० समचदु०-दोविहा०-सुभग-दोसर-आदेज्ज० बेवड्ढि-हाणी० बारहचोद्द०। सेसपदा

जीवोंने कुछ कम छहबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तीर्थङ्करका भङ्ग ओघके समान है।

६४७. नपुंसकवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी असंख्यात भागवृद्धि, असंख्यात भागहानि और अवस्थितपदके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो वृद्धि और दो हानिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। असंख्यात गुणवृद्धि और असंख्यात गुणहानिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अवक्तव्यपद नहीं है। पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिकशरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात और निर्माणके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष पदोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारहबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। औदारिकशरीरके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम छहबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीयके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। असाता आदि दसकी एक वृद्धि, एक हानि, अवस्थित और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो वृद्धि और दो हानिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, परघात उच्छ्वास, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, दुर्भग, अनादेय और नीचगोत्रकी दो वृद्धि और दो हानिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद की दो वृद्धि और दो हानिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। चार संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग और छह संहननकी दो वृद्धि और दो हानिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और कुछ कम छहबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पुरुषवेद, समचतुरस्रसंस्थान, दो विहायोगति, सुभग, दो स्वर और आदेयकी दो वृद्धि और दो हानिके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारहबटे चौदह

सव्वलो० । चदुआयु०-वेउव्वियछ०-मणुसगदि-तिण्णिजादि-मणुसाणु०-आदाव०-उच्चा० तिरिक्खोघं । पंचिंदिय-तस० दोवड्ढि-हाणी लोग० असंखे० बारहचो० । सेसं सव्वलो० । आहारदुगं तित्थय० खेत्तभंगो । उज्जोव० दोवड्ढि-हाणी तेरहचो० । सेसं सादभंगो । एवं जसगित्ति-बादरणामं पि ।

९४८. कोधकसाइसु पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पंचंत० एक्कवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० सव्वलो० । दोवड्ढि-हाणी अट्ठचोद्द० सव्वलो० । असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणी खेत्त० । सेसं ओघं । माणे पंचणा०-चदुदंस०-तिण्णिसंज०-पंचंत०कोधभंगो । सेसं ओघं । मायाए पंचणा०-चदुदंसणा०-दोसंज०-पंचंत० कोधभंगो । सेसं ओघं । लोभे मूलोघं ।

९४९. मदि०-सुद० खवगपगदीणं असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणि-अवत्तव्ववज्जाणि सेसाणि [य सव्वपदा] ओघं । णवरि देवगदि-देवाणुपु० अवत्त०खेत्त० । सेसपदा पंचचोद्द० । ओरालिय० अवत्त० एक्कारह० । वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो० सव्वपदा एक्कारहचो० । अवत्त० खेत्त० ।

राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । शेष पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोकक्षेत्रका स्पर्शन किया है । चार आयु, वैक्रियिक छह, मनुष्यगति, तीन जाति, मनुष्यानुपूर्वी, आतप और उच्चगोत्रका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है । पञ्चेन्द्रियजाति और त्रसकी दो वृद्धि और दो हानिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और कुछ कम बारहबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । शेष पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । आहारकद्विक और तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग क्षेत्रके समान है । उद्योतकी दो वृद्धि और हानिके बन्धक जीवोंने कुछ कम तेरहबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । शेष पदोंका भङ्ग सातावेदनीयके समान है । इसी प्रकार यशःकीर्ति और बादर नामकर्मकी मुख्यतासे स्पर्शन जानना चाहिये ।

९४८. क्रोधकषायवाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी एक वृद्धि, एक हानि और अवस्थितपदके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । दो वृद्धि और दो हानिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यात गुणहानिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । शेष भङ्ग ओघके समान है । मान कषायवाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, तीन संज्वलन और पाँच अन्तरायके बन्धक जीवोंका भङ्ग क्रोधकषायवाले जीवोंके समान है । शेष भङ्ग ओघके समान है । मायाकषायवाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, दो संज्वलन और पाँच अन्तरायके बन्धक जीवोंका भङ्ग क्रोधकषायवाले जीवोंके समान है । शेष भङ्ग ओघके समान है । लोभकषायवाले जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके बन्धक जीवोंका भङ्ग मूल ओघके समान है ।

९४९. मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें क्षपक प्रकृतियोंकी असंख्यात गुणवृद्धि, असंख्यात गुणहानि और अवक्तव्यपदको छोड़कर तथा शेष सब प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंका भङ्ग ओघके समान है । इतनी विशेषता है कि देवगति और देवगत्यानुपूर्वीके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है । शेष पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम पाँचबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । औदारिकशरीरके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम ग्यारहबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । वैक्रियिकशरीर और वैक्रियिकआङ्गोपाङ्गके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम ग्यारहबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । इतनी विशेषता है कि अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है ।

६५०. विभंगे धुविगाणं तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० अट्ठचोद्द० सव्वलो०। सादादि दस० सव्वपदा लोग० असंखे० अट्ठचोद्द० सव्वलो०। मिच्छत्त० अवत्त० अट्ठ-बारह०। सेसपदा णाणावरणभंगो। इत्थि०-पुरिस०-पंचिंदि०-पंचसंठा०ओरालि०अंगो०छस्संघ०-दोविहा०-तस०-सुभग-दोसर आदे० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० अट्ठ-बारहचो०। अवत्त० अट्ठचो०। णवुंस०-तिरिक्ख०-एइंदि०-ओरालि०-हुंडसं०-तिरिक्खाणु०-थावर-दूभग-अणादे०-णीचागो० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० अट्ठचो० सव्वलो०। अवत्त० अट्ठचोद्द०। णवरि ओरालि० अवत्त० खेत्त०। दोआयु०-तिण्णिजादि० खेत्त०। मणुसायु-मणुसगदि-मणुसाणु०-आदाव-उच्चा० सव्वपदा अट्ठचोद्द०। वेउव्वियछ० मदिभंगो। उज्जोव-जसगि० सव्वपदा अट्ठ-तेरहचो०। पर०-उस्सा०-पज्जत्त-पत्ते० सव्वपदा सादभंगो। णवरि अवत्त० खेत्त०। बादर० अवत्त० खेत्त०। सेसपदा अट्ठ-तेरह०। सुहुम-अपज्जत्त-साधार० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० लोग०-असंखे०-सव्वलो०। अवत्त०-खेत्त०। अजस० अवत्त० अट्ठ-तेरह०। सेसं सादभंगो।

६५०. विभङ्गज्ञानी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित-पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। साता आदि दस प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण, कुछ कम आठबटे चौदह राजु और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मिथ्यात्वके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और कुछ कम बारहबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, पञ्चेन्द्रियजाति, पाँच संस्थान, औदारिकआङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर और आदेयकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और कुछ कम बारहबटे चौदहराजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, स्थावर, दुर्भग, अनादेय और नीचगोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि औदारिकशरीरके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। दो आयु और तीन जातिके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। मनुष्यायु, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप और उच्चगोत्रके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। वैक्रियिक छहके सब पदोंके बन्धक जीवोंका भङ्ग मत्यज्ञानी जीवोंके समान है। उद्योत और यशःकीर्तिके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। परघात उच्छ्वास पर्याप्त और प्रत्येकके सब पदोंके बन्धक जीवोंका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है। बादर प्रकृतिके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितपदके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग-प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अयशःकीर्तिके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और कुछ कम तेरहबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष भङ्ग सातावेदनीयके समान है।

९५१. आभि०-सुद०-ओधि० पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पुरिस०-सादा०-जसगि०-उच्चा०-पंचंत० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० अट्ठचोद्द० । असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणि-अवत्त० खेत्त० । णवरि सादावे०-जसगि० अवत्त० अट्ठचोद्द० । णिद्दा-पचला-पच्चक्खाणा०४-भय-दुगुं०-पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज०-णिमि०-तित्थय० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० अट्ठचो० । अवत्त० खेत्त० । अपच्चक्खाणा०४-मणुसगदिपंच० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० अट्ठचो० । अवत्त० छच्चोद्द० । असादादिदस-[अपज्ज०] सव्वपदा अट्ठचोद्द० । मणुसायु० दोपदा अट्ठचोद्द० । देवायु-आहारदुगं खेत्त० । देवगदि०४ सव्वपदा छच्चोद्द० । अवत्त० खेत्त० । एवं ओधिदंस०-सम्मादि०-खइग०-वेदगस०-उवसम० । णवरि खइगे उवसमे च अपच्चक्खाणा०४-मणुसगदिपंचग० अवत्त० खेत्त० । देवगदि०४ सव्वपदा खेत्त० ।

९५२. संजदासंजदे देवायु०-तित्थय० सव्वपदा खेत्त० । सेसाणं सव्वपदा छच्चोद्द० ।

९५१. आभिनिबोधिज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन, पुरुषवेद, सातावेदनीय, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है। इतनी विशेषता है कि साता वेदनीय और यशःकीर्तिके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। निद्रा, प्रचला, प्रत्याख्यानावरण चार, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रियजाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण और तीर्थंकरकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अप्रत्याख्यानावरण चार और मनुष्यगतिपञ्चककी तीन वृद्धि, तीन हानि, और अवस्थितपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम छहबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। असातावेदनीय आदि दस और अपर्याप्तके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यायुके दो पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवायु और आहारकद्विकके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। देवगतिचतुष्कके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम छहबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। इसीप्रकार अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, वेदक सम्यग्दृष्टि, और उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि क्षायिकसम्यग्दृष्टि और उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें अप्रत्याख्यानावरण चार और मनुष्यगतिपञ्चकके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। तथा देवगतिचतुष्कके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है।

९५२. संयतासंयत जीवोंमें देवायु और तीर्थङ्करके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रका समान है। शेष प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम छहबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। असंयतोंमें ध्रुव बन्धवाली प्रकृतियोंका भङ्ग मत्यज्ञानी जीवोंके समान है।

असंजदे धुवियाणं मदिभंगो। थीणगिद्धि०३–अणंताणुबंधि०४ अवत्त० अट्ठचो०। सेसं ओघं।

६५३. किण्ण-णील-काऊणं धुविगाणं एकवड्डि-हाणि-अवट्ठि० सव्वलो०। बेवड्डि-हाणी लोग० असंखे० सव्वलो०। णिरयगदि-वेउव्वि०-[वेउव्वि०] अंगो०-णिरयाणु० अवत्त० खेत्त०। सेसपदा छ-चत्तारि-बेचोद्दस०। णिरय-देवायु०-देवगदि-देवाणुपु०–तित्थय० खेत्त०। सेसं तिरिक्खोघं। णवरि इत्थि-पुरिस०-पंचिंदि०-पंचसंठा०-ओरालि०-अंगो०-छस्संघ०-उज्जो०-दोविहा०-तस-सुभग-दोसर-आदेज्ज० दोवड्डि-हाणी० छ–चत्तारि-बेचोद्दस०। मिच्छत्त० अवत्त० पंच-चत्तारि-बेचोद्दस०।

६५४. तेऊए मिच्छत्त० सव्वपदा अट्ठ-णवचो०। एवं उज्जो०। अपचक्खाणा०४ अवत्त० दिवड्ढचोद्दस०। एवं ओरालि०। देवगदि०४ सव्वपदा दिवड्ढचोद्दस०। अवत्त० खेत्त०। सेसपदा सेसाणं पगदीणं सोधम्मभंगो।

६५५. पम्माए अपचक्खाणा०४ अवत्त० पंचचोद्द०। सेसपदा अट्ठचोद्द०।

स्त्यानगृद्धि तीन और अनन्तानुबन्धी चारके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंका तथा शेष प्रकृतियोंके सब पदोंका भङ्ग ओघके समान है।

६५३. कृष्ण, नील और कापोतलेश्यावाले जीवोंमें ध्रुव बन्धवाली प्रकृतियोंकी एक वृद्धि, एक हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो वृद्धि और दो हानिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नरकगति, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और नरकगत्यानुपूर्वीके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंने क्रमसे कुछ कम छह-बटे चौदह राजु, कुछ कम चारबटे चौदह राजु और कुछ कम दोबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नरकायु, देवायु, देवगति, देवगत्यानुपूर्वी और तीर्थङ्कर प्रकृतिके सब पदोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। इतनी विशेषता है कि स्त्रीवेद, पुरुष वेद, पञ्चेन्द्रिय जाति, पाँच संस्थान, औदारिकआङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, उद्योत, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर और आदेयकी दो वृद्धि और दो हानिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छहबटे चौदह राजु, कुछ कम चार बटे चौदह राजु और कुछ कम दोबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मिथ्यात्वके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने क्रमसे कुछ कम पाँचबटे चौदह राजु, कुछ कम चारबटे चौदह राजु और कुछ कम दोबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

६५४. पीतलेश्यावाले जीवोंमें मिथ्यात्वके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम नौबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार उद्योतकी मुख्यतासे स्पर्शन जानना चाहिये। अप्रत्याख्यानावरण चारके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम डेढ़बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसीप्रकार औदारिकशरीरकी मुख्यतासे स्पर्शन जानना चाहिये। देवगति चतुष्कके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम डेढ़बटे चौदह राज क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंका तथा शेष प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सौधर्म कल्पके समान है।

६५५. पद्मलेश्यावाले जीवोंमें अप्रत्याख्यानावरण चारके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने

देवगदि०४ तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० पंचचोद्दस० । अवत्त० खेत्त० । ओरालि०-ओरालि०अंगो० अवत्त० पंचचो० । सेसपदा अट्ठचो० । सेसाणं सव्वपगदीणं सहस्सारभंगो ।

९५६. सुक्काए अपच्चक्खाणा०४-मणुसग०-ओरालि०-ओरालि०-अंगो०-......

....

अप्पाबहुअं

९५७....पर०-उस्सा०-पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-उच्चा० सव्वत्थोवा संखेज्जगुणवड्ढि-हाणी दो वि तुल्ला । अवत्त० संखेज्जगुणा । सेसपदा धुवभंगो । णवुंस०-तिण्णिगदि-चदुजादि-ओरालि०-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-तिण्णि-आणु०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-थावर०४-दूभग-दुस्सर-अणादे० सव्वत्थोवा संखेज्जगु-णवड्ढि०-हाणी दो वि तुल्ला । अवत्त० असंखेज्जगु० । संखेज्जभागवड्ढि-हाणी दो वि० संखेज्ज० । सेसाणं धुवभंगो । चदुआयु० ओघं ।

९५८. पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तगेसु धुविगाणं सव्वत्थोवा संखेज्जगुणवड्ढि-हाणी । संखेज्जभागवड्ढि-हाणी दो वि० असंखेज्जगु० । असंखेज्जभागवड्ढि-हाणी दो वि०

कुछ कम पाँचबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । शेष पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ-बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । देवगतिचतुष्ककी तीन वृद्धि, तीन हानि और अव-स्थित पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम पाँचबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है । औदारिकशरीर और औदारिकआङ्गोपाङ्गके अव-क्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम पाँचबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । शेष पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । शेष सब प्रकृतियोंका भङ्ग सहस्रार कल्पके समान है ।

९५६. शुक्ललेश्यावाले जीवोंमें अप्रत्याख्यानावरण चार, मनुष्यगति, औदारिकशरीर, औदा-रिकआङ्गोपाङ्ग.................

अल्पबहुत्व

९५७......परघात, उच्छ्वास, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्रकी संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुण-हानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर सबसे स्तोक हैं । इनसे अवक्तव्य पदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । शेष पदोंके बन्धक जीवोंका भङ्ग ध्रुव बन्धवाली प्रकृतियोंके समान है । नपुंसकवेद, तीन गति, चार जाति, औदारिक शरीर, पाँच संस्थान, औदारिकआङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, तीन आनुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायो-गति, स्थावर चतुष्क, दुर्भग, दुस्वर और अनादेयकी संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुण हानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर सबसे स्तोक हैं । इनसे अवक्तव्य पदके बन्धक जीव असंख्यात-गुणे हैं । इनसे संख्यात भागवृद्धि और संख्यात भागहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं । शेष पदोंका भङ्ग ध्रुव बन्धवाली प्रकृतियोंके समान है । चार आयुका भङ्ग ओघके समान है ।

९५८. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर सबसे स्तोक हैं । इनसे संख्यात भागवृद्धि, और संख्यात भागहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं । इनसे असंख्यात भागवृद्धि और असंख्यात भाग

संखेज्ज० । अवट्ठि० असंखेज्जगु० । सादादीणं परियत्तमाणियाणं पंचिंदियतिरिक्खभंगो ।

९५९. मणुसेसु पंचणा०-चदुदंसणा०-चदुसंज०-पंचंत० सव्वत्थोवा अवत्त० । असंखेज्जगुणवड्ढी संखेज्जगु० । असंखेज्जगुणहाणी संखेज्जगु० । संखेज्जगुणवड्ढि-हाणी दो वि० असंखेज्जगु० । संखेज्जभागवड्ढि-हाणी दो वि० संखेज्जगु० । असंखेज्जभागवड्ढि-हाणी दो वि० संखेज्जगु० । अवट्ठि० असंखेज्जगु० । पंचदंस०-मिच्छत्त०-बारसक०-भय दु०-ओरालि०-तेजइगादिणव० सव्वत्थोवा अवत्त० । संखेज्जगुणवड्ढि-हाणी दो वि० असं०गु० । सेसपदा णाणावरणभंगो । सादावे०-पुरिस०-जसगि०-उच्चा० सव्वत्थो० असंखेज्जगुणवड्ढी । असंखेज्जगुणहाणी संखेज्जगु० । संखेज्जगुणवड्ढि-हाणी दो वि सरिसाणि असंखेज्जगुणाणि । अवत्त० [संखेज्जगु०] । संखेज्जभागवड्ढि-हाणी दो वि० संखेज्ज० । सेसपदा णाणावरणभंगो । वेउव्वियछक्क-आहारदुगं ओघं आहारसरीरभंगो । सेसाणं असादादीणं सव्वपगदीणं णिरयभंगो । णवरि तित्थय०...सव्वत्थो० संखेज्जगुणं कादव्वं । मणुसपज्जत्त-मणुसिणीसु तं चेव । णवरि संखेज्जं कादव्वं । मणुसअपज्जत्तगेसु धुविगाणं सव्वत्थो० संखेज्जगुणवड्ढि-हाणी दो वि० । संखेज्जभागवड्ढि-हाणी दो वि

हानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे है। साता आदि परिवर्तनमान प्रकृतियोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चोंके समान है।

९५९. मनुष्योंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे असंख्यातगुणवृद्धिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे असंख्यातगुण हानिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यातभागवृद्धि और संख्यातभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं। इनसे असंख्यातभागवृद्धि और असंख्यात भागहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिकशरीर और तैजसशरीर आदि नौके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं। शेष पदोंके बन्धक जीवोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। सातावेदनीय, पुरुषवेद, यशःकीर्ति, और उच्चगोत्रकी असंख्यातगुणवृद्धिके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे असंख्यातगुण हानिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यातगुणवृद्धि और संख्यात गुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं। इनसे अवक्तव्य पदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यातभागवृद्धि और संख्यातभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं। शेष पदोंके बन्धक जीवोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। वैक्रियिक छह और आहारकद्विकका भङ्ग ओघमें कहे गये आहारकशरीरके समान है। शेष असाता आदि सब प्रकृतियोंका भङ्ग नारकियोंके समान हैं। इतनी विशेषता है कि तीर्थङ्करप्रकृति......सबसे स्तोक हैं इसके स्थानमें संख्यातगुणा करना चाहिये। मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें वही भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि यहाँ असंख्यातगुणेके स्थानमें संख्यातगुणा करना चाहिये। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर सबसे

तु० संखेज्ज० । असंखेज्ज०वड्ढि–हाणी दो वि तु० संखेज्ज० । अवट्ठि० असंखेज्जगु० । सेसाणं पगदीणं मणुसोघभंगो । देवाणं णिरयभंगो । णवरि विसेसो णादव्वो ।

९६०. सव्वएइंदिय-पंचकायाणं धुविगाणं सव्वत्थोवा असंखेज्जभागवड्ढि-हाणी दो वि० । अवट्ठि० असंखेज्ज० । सेसाणं परियत्तमाणियाणं पगदीणं सव्वत्थो० अवत्त० । असंखेज्जभागवड्ढि-हाणी दो वि० संखेज्ज० । अवट्ठि० असंखे० । दो आयु० ओघं ।

९६१. सव्वविगलिंदिएसु धुविगाणं सव्वत्थोवा संखेज्जभागवड्ढि-हाणी दो वि तु० । असंखेज्जभागवड्ढि-हाणी दो वि तु० संखेज्जगु० । अवट्ठि० असंखेज्जगु० । सेसाणं सव्वत्थोवा अवत्त० । संखेज्जभागवड्ढि-हाणी दो वि संखेज्जगु० । असंखेज्जभागवड्ढि-हाणी दो वि तु० संखेज्ज० । अवट्ठि० असंखेज्जगु० । आयु० मणुसअपज्जत्तभंगो ।

९६२. पंचिंदिएसु पंचणा०-चदुदंसणा०-चदुसंज०-पंचंत० सव्वत्थो० अवत्त० । असंखेज्जगुणवड्ढी संखेज्जगु० । असंखेज्जगुणहाणी संखेज्जगु० । संखेज्जगुणवड्ढि-हाणी दो वि० असंखेज्ज० । संखेज्जभागवड्ढि-हाणी दो वि० असं०गु० । असंखेज्जभागवड्ढि-हाणी

स्तोक हैं । इनसे संख्यातभागवृद्धि और संख्यातभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं । इनसे असंख्यात भागवृद्धि और असंख्यातभागहानिके बन्धक जीव दोनों है तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं । इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग सामान्य मनुष्योंके समान है । देवोंका भङ्ग नारकियोंके समान है । इतनी विशेषता है कि यहाँ जो विशेष हो वह जान लेना चाहिये ।

९६०. सब एकेन्द्रिय और पाँच स्थावरकायिक जीवोंमें असंख्यातभागवृद्धि और असंख्यातभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर सबसे स्तोक हैं । इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । शेष परिवर्तमान प्रकृतियोंके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं । इनसे असंख्यातभागवृद्धि और असंख्यातभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं । इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । दो आयुओंका भङ्ग ओघके समान है ।

९६१. सब विकलेन्द्रियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी संख्यातभागवृद्धि और संख्यातभागहानिके बन्धक जीव तुल्य होकर सबसे स्तोक हैं । इनसे असंख्यात भागवृद्धि और असंख्यातभाग हानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं । इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । शेष सब प्रकृतियोंके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं । इनसे संख्यातभागवृद्धि और संख्यातभागहानि इन दोनों ही पदोंके बन्धक जीव तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं । इनसे असंख्यातभागवृद्धि और असंख्यातभागहानि इन दोनों ही पदोंके बन्धक जीव तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं । इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । आयुकर्मका भङ्ग मनुष्य अपर्याप्तकोंके समान है ।

९६२. पञ्चेन्द्रियोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सब स्तोक हैं । इनसे असंख्यातगुणवृद्धिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । इनसे असंख्यातगुणहानिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । इनसे संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानि दोनों ही पदोंके बन्धक जीव तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं । इनसे संख्यातभागवृद्धि और संख्यातभागहानि दोनों ही पदोंके बन्धक जीव तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं । इनसे

दो वि० संखेज्जगु० । अवट्ठि० असंखेज्ज० । पंचदंसणा०-मिच्छत्त०-बारसक०-भय-दु०-तेजइगादिणव० सव्वत्थो० अवत्त० । संखेज्जगुणवड्ढि-हाणी दो वि० असंखेज्जगु० । संखेज्जभागवड्ढि-हाणी दो वि० असंखेज्जगु० । असंखेज्जभागवड्ढि-हाणी दो वि० संखेज्जगु० । अवट्ठि० असंखेज्ज० । सादावे०-पुरिस०-जसगि०-उच्चागो० सव्वत्थोवा असंखेज्जगुणवड्ढी । असंखेज्जगुणहाणी संखेज्जगु० । संखेज्जगुणवड्ढि-हाणी दो वि० असंखेज्ज० । अवत्त० असंखेज्जगु० । संखेज्जभागवड्ढि-हाणी दो वि० असंखेज्जगु० । असंखेज्जभागवड्ढि-हाणी संखेज्जगु० । अवट्ठि० असंखेज्जगु० । असादावे०-छण्णोक०-दोगदि-पंचजादि-[1]ओरालिय०-छस्संठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-दोआणु०-आदा-उज्जो०-दोविहा०-पर०-उस्सास०-तस-थावरादिणवयुगल-अजस०-णीचा० सव्वत्थो० संखेज्जगुणवड्ढि-हाणी दो वि० । अवत्त० असंखेज्जगु० । सेसं णिद्दाए भंगो । चदुआयु० णिरय-देवगदि-वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-दोआणु०-आहारदुग-तित्थयरं च ओघं ।

९६३. पंचिंदियपज्जत्तगे पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पंचंत० सव्वत्थो० अवत्त० । असंखेज्जगुणवड्ढी संखेज्जगु० । असंखेज्जगुणहाणी संखेज्जगु० । संखेज्जगुणवड्ढि-हाणी दो

असंख्यातभागवृद्धि और असंख्यातभागहानि इन दोनों ही पदोंके बन्धक जीव तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं । इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । पांच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा और तैजसशरीर आदि नौके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं । इनसे संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानि इन दोनों ही पदोंके बन्धक जीव तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं । इनसे संख्यातभागवृद्धि और संख्यातभागहानि इन दोनों ही पदोंके बन्धक जीव तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं । इनसे असंख्यातभागवृद्धि और असंख्यातभागहानि इन दोनों ही पदोंके बन्धक जीव तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं । इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । सातावेदनीय, पुरुषवेद, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रकी असंख्यातगुणवृद्धिके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं । इनसे असंख्यातगुणहानिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । इनसे संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं । इनसे अवक्तव्य पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । इनसे संख्यातभागवृद्धि और संख्यातभाग हानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं । इनसे असंख्यातभागवृद्धि और असंख्यातभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं । इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । असातावेदनीय, छह नोकषाय, दो गति, पाँच जाति, औदारिकशरीर, छह संस्थान, औदारिकआङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, दो आनुपूर्वी, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, परघात, उच्छ्वास, त्रस, स्थावर आदि नौ युगल, अयशःकीर्ति और नीचगोत्रकी संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर सबसे स्तोक हैं । इससे अवक्तव्य पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । शेष पदोंका भङ्ग निद्राके समान है । चार आयु, नरकगति, देवगति, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, दो आनुपूर्वी, आहारकद्विक और तीर्थङ्करप्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है ।

९६३. पञ्चेन्द्रियपर्याप्त जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं । इनसे असंख्यात गुणवृद्धिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । इनसे असंख्यात गुणहानिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । इनसे संख्यातगुणवृद्धि

[1] मूलप्रतौ जादि संखेज्जगु० ओरा० इति पाठः ।

वि तु० असंखेज्जगु० । संखेज्जभागवड्ढि-हाणी दो वि० संखेज्जगु० । असंखेज्जभागवड्ढि-हाणी दो वि तु० संखेज्जगु० । अवट्ठि० असंखेज्जगु० । पंचदंसणा०-मिच्छ०-बारस० क०-भय-दु०-तेजइगादिणव० पंचिंदियओघो। असादावे०-छण्णोक०-तिण्णिगदि-दोजादि-ओरालि०-वेउव्वि०-छस्संठा-दोअंगो०-छस्संघ०-तिण्णिआणु०-पर०-उस्सा०-आदाउज्जो०-दोविहा०-तस-थावर-बादर-पज्जत्त-पत्तेय०-थिरादिपंचयुगल०-अजस०-णीचा० सव्वत्थो० संखेज्जगुणवड्ढि-हाणी दो वि तु० । अवत्त० संखेज्जगु० । उवरि णाणावरणभंगो । सादावे०-पुरिस०-जसगि०-उच्चा० सव्वत्थो० असंखेज्जगुणवड्ढी । हाणी असंखेज्जगु० । संखेज्जगुणवड्ढि-हाणी दो वि तु० असंखेज्जगु० । अवत्त० संखेज्जगु० । उवरि णिद्दाए भंगो । णिरयगदि-तिण्णिजादि-णिरयाणु०-सुहुम-अपज्जत्त-साधारण० सव्वत्थोवा संखेज्जगुणवड्ढि-हाणी । अवत्त० असंखेज्जगु० । उवरि णिद्दाए भंगो । चदुआयु०-आहारदुग-तित्थय० ओघं । पंचिंदियअपज्ज० पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तभंगो । तसकाइय० पंचिंदियभंगो । पज्जत्ता पज्जत्तभंगो । अपज्जत्त० अपज्जत्तभंगो ।

९६४. पंचमण०-तिण्णिवचिजो० पंचणा०अट्ठारस० पंचिंदियपज्जत्तभंगो । चदुदंसणा०-मिच्छ०-बारसक०-भय०-दुगुं०-देवगदि-ओरालि०-वेउव्विय०-तेजा०-क०-

और संख्यात गुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यात भागवृद्धि और संख्यातभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं। इनसे असंख्यात भागवृद्धि और असंख्यात भागहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थितपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा और तैजसशरीर आदि नौका भङ्ग पञ्चेन्द्रियोंके ओघके समान है। असातावेदनीय, छह नोकषाय, तीन गति, दो जाति, औदारिकशरीर, वैक्रियिकशरीर, छह संस्थान, दो आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, तीन आनुपूर्वी, परघात, उछ्वास, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रस, स्थावर, बादर पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर आदि पाँच युगल, अयशःकीर्ति और नीचगोत्रकी संख्यात गुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर सबसे स्तोक हैं। इनसे अवक्तव्यपदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इससे आगेका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। सातावेदनीय, पुरुषवेद, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रकी असंख्यात गुणवृद्धिके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे असंख्यातगुणहानिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं। इनसे अवक्तव्यपदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इससे आगेका भङ्ग निद्रा प्रकृतिके समान है। नरकगति, तीन जाति, नरकगत्यानुपूर्वी, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणकी संख्यातगुणवृद्धि, और संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर सबसे स्तोक है। इनसे अवक्तव्यपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इससे आगेका भङ्ग निद्रा प्रकृतिके समान है। चार आयु, आहारकद्विक और तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है। पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्तकोंमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है। त्रसकायिक जीवोंमें पञ्चेन्द्रियोंके समान भङ्ग है। इनके पर्याप्तकोंमें पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तकोंके समान भङ्ग है। इनके अपर्याप्तकोंमें पञ्चेन्द्रिन्य अपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है।

६६४. पाँच मनोयोगी और तीन वचनयोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरणादि अठारह प्रकृतियोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तकोंके समान भङ्ग है। चार दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, भय,

वेउव्वियअंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्तेय०-णिमि० सव्वत्थो० अवत्त०। संखेज्जगुणवड्डि-हाणी दो वि० तु० असंखेज्ज०। उवरिमपदा णाणावरणभंगो। सादावे०-पुरिस०-जसगि० उच्चा० पंचिंदियपज्जत्तभंगो। असादा०-छण्णोक०-तिण्णिगदि-पंचजादि-छस्संठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-तिण्णिआणु०-आदाउज्जो०-दोविहायगदि-तस-थावर-सुहुम०-अपज्जत्त०-साधार०-थिरादिपंचयुगल-अजस०-णीचा० सव्वत्थो० संखेज्जगुणवड्डि-हाणी दो वि०। अवत्त० संखेज्जगु०। उवरि णिद्दाए भंगो। चदुआयु०-आहारदुग-तित्थय० ओघं। वचिजोगि-असच्चमोसवचि० तसपज्जत्तभंगो। ओरालियमि० तिरिक्खोघं। णवरि देवगदिपंचगस्स सव्वत्थो० संखज्जगुणवड्डि-हाणी दो वि० तु०। संखेज्जभागवड्डि-हाणी दो वि० तु० संखेज्जगु०। असंखेज्जभागवड्डि-हाणी दो वि० तु० संखेज्जगु०। अवट्ठि० संखेज्जगु०।

